सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 27.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-96 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 13 सितम्बर 2023
26 सफर, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## यूपी पुलिस के लिए योगी सरकार ने खोला बजट का पिटारा

# पुलिस को 500 रुपए मिलेगा बाइक भत्ता

**योगी कैबिनेट का फैसला**

- यूपी में धान खरीद के लिए बढ़ी एमएसपी
- बुंदेलखण्ड के विकास को लगेंगे पंख
- नोएडा की तर्ज पर बसेगा नया औद्योगिक शहर
- कैबिनेट में 16 प्रस्ताव पास
- राही पर्यटक आवास योजना को मंजूरी दे दी गई है



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने बुंदेलखंड विकास प्राधिकरण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे से कैबिनेट की बैठक लोकभवन में शुरू हुई थी। बैठक के बाद कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट की बैठक में 16 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। योगी कैबिनेट की बैठक के लिए 19 एजेंडे तैयार किए गए थे। इसमें बुंदेलखंड विकास प्राधिकरण की मंजूरी को एक महत्वपूर्ण फैसले के रूप में देखा जा रहा है। इसके अलावा योगी कैबिनेट ने खरीफ फसलों की खरीद के लिए वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना के तहत धान खरीद नीति से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। धान खरीद के लिए सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य में इजाफा कर दिया है। लोकसभा चुनाव से पहले यह किसानों को बड़ा तोहफा के रूप में देखा जा रहा है।

योगी सरकार ने बुंदेलखंड को विकास की योजना पर लगातार काम किया है। बुंदेलखंड डिफेंस कॉरिडोर के निर्माण की योजना पर काम चल रहा है। अब सरकार की ओर से नोएडा अथॉरिटी की तर्ज पर बुंदेलखंड डेवलपमेंट अथॉरिटी के निर्माण की योजना तैयार की गई है। इस योजना के तहत बुंदेलखंड के औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। इस क्षेत्र में डेवलपमेंट को सिस्टमैटिक रखने में अथॉरिटी प्रभावी भूमिका निभाएगी। योगी कैबिनेट ने प्रदेश में धान की खरीद और समर्थन मूल्य के प्रस्ताव को पास कर दिया है। इससे खरीफ किसानों को बड़ा फायदा होने की बात कही जा रही है। योगी सरकार ने धान का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 143 रुपये बढ़ा दिया है। किसानों को खेती में आने वाली लागत को पाटने में यह मददगार साबित होगी। साथ ही, सरकार ने धान खरीद नीति को भी रिवाइज किया है। बैठक में कई अन्य अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसमें अयोध्या, फिरोजाबाद और सहारनपुर में सिटी बस के संचालन के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत एसपीवी का गठन किए जाने के संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकार ने 14 शहरों में 740 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों की खरीद की मंजूरी दे दी है। योगी कैबिनेट ने प्रदेश के नगर निकायों में आकांक्षी नगर योजना लागू किए जाने के लिए दिशा निर्देश जारी करने को मंजूरी दी है। इस संबंध में आए नगर विकास विभाग के प्रस्ताव को पास कर दिया गया। गोरखपुर में यूपी विशेष सुरक्षा बल की दूसरी वाहिनी की स्थापना के लिए आवासीय और गैर आवासीय भवनों के निर्माण कार्य की स्वीकृति के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी गई।

### प्रमुख शहरों से होगी बेहतरीन कनेक्टिविटी

यह योगी सरकार का बहुत बड़ा कदम है। इस ऐतिहासिक निर्णय से बुंदेलखंड के बहुआयामी विकास को तेज गति मिलेगी। झांसी के आसपास का एरिया बड़े पैमाने पर विकसित हो जाएगा। इसके माध्यम से कुल 14 हजार हेक्टेयर जमीन पर औद्योगिक शहर विकसित करने की योजना है। यह औद्योगिक शहर झांसी-ग्वालियर मार्ग पर प्रस्तावित है जो राष्ट्रीय राजमार्ग के माध्यम से देश के प्रमुख शहरों से भी जुड़ा होगा। यही नहीं, यह राष्ट्रीय राजमार्ग 27 से जालौन जनपद से गुजरने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से जुड़कर प्रदेश के अन्य शहरों से अच्छी तरह जुड़ेगा।

### अब हाईस्कूल पास और आईटीआई डिप्लोमा धारक बन सकेंगे सर्वेक्षक

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग में अब हाईस्कूल पास और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) डिप्लोमा धारक भी सर्वेक्षक बन सकेंगे। योगी कैबिनेट ने भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय अधीनस्थ प्राविधिक सेवा (तृतीय संशोधन) नियमावली 2023 को मंजूरी दे दी है। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग में अब हाईस्कूल पास और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) डिप्लोमा धारक भी सर्वेक्षक बन सकेंगे। योगी कैबिनेट ने भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय अधीनस्थ प्राविधिक सेवा (तृतीय संशोधन) नियमावली 2023 को मंजूरी दे दी है।

### संसद और विधानसभाओं का उपयोग विचार-विमर्श और संवाद के लिए हो

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसद और विधानसभाओं में व्यवधानों की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि इन मंचों का उपयोग विचार-विमर्श और संवाद के लिये होना चाहिये। धनखड़ ने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने जनप्रतिनिधियों से जवाबदेही मांगे ताकि उनका आचरण अनुकरणीय बने। उपराष्ट्रपति ने भरतपुर बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने संसद और विधानसभाओं में व्यवधानों की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इन मंचों का प्रयोग विचार-विमर्श और संवाद के लिये होना चाहिये। उन्होंने कहा, आप दूसरों के मत से सहमत भले ही न हों, लेकिन यदि आप दूसरे के मत को सुनने को ही तैयार नहीं हैं तो यह स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी नहीं है।

# बजरंग दल नेता मोनू मानेसर हरियाणा में हुआ गिरफ्तार

**हिंसा**

- राजस्थान पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड पर लिया



**जींद।** हरियाणा के नूंह जिले में जुलाई में हुई हिंसा एवं राजस्थान में दो मुस्लिमों की हत्या के मामले में आरोपी गोरक्षक मोनू मानेसर को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राजस्थान पुलिस ने मोनू के खिलाफ फरवरी में दो मुस्लिमों की हत्या करने का मामला दर्ज किया था। इसके अलावा उस पर हरियाणा में सांप्रदायिक नफरत फैलाने का भी आरोप है।

अधिकारियों के अनुसार, नूंह की एक अदालत से 'ट्रांजिट रिमांड' मिलने के बाद उसे राजस्थान पुलिस को सौंप दिया गया। नूंह पुलिस ने उसे कथित तौर पर गुरुग्राम के मानेसर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि मोनू के पास से एक पिस्तौल, तीन कारतूस और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया है। नूंह पुलिस ने बताया कि उसने मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए पड़ोसी राज्यों और जिलों को उसकी गिरफ्तारी के बारे में सूचित किया। राजस्थान का डीग जिला नूंह से सटा है। मानेसर का असली नाम मोहित यादव है। उसपर कुछ लोगों द्वारा 31 जुलाई की घटना को भड़काने का आरोप लगाया गया था, जिसके तहत नूंह में भीड़ ने विश्व हिंदू परिषद की शोभा यात्रा को निशाना बनाया था- जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, नूंह पुलिस द्वारा मोनू मानेसर के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक संदेश से संबंधित है।

# सुप्रीम कोर्ट से केंद्र को झटका

**निर्देश**

- राजद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर संविधान पीठ करेगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** 152 साल पुराने राजद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। इस दौरान शीर्ष अदालत से केंद्र को झटका लगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने बड़ी पीठ को मामला सौंपने का फैसला टालने के केंद्र की मांग ठुकरा दी है।

राजद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर अब सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता 124ए के तहत राजद्रोह कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को कम से कम पांच जजों की संविधान पीठ के पास भेज दिया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने इस आधार पर बड़ी पीठ को मामला सौंपने का फैसला टालने के केंद्र की मांग ठुकरा दी कि संसद दंड संहिता के प्रावधानों को फिर से लागू कर रही है।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी इस पीठ में शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने रजिस्टर्ड ऑफिस को चीफ जस्टिस के समक्ष कागजात पेश करने का निर्देश दिया ताकि पीठ के गठन के संबंध में निर्णय लिया जा सके। इसके बाद, केंद्र सरकार ने इस साल 11 अगस्त को इन कानूनों को बदलने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाते हुए आईपीसी, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने के लिए लोकसभा में तीन नए विधेयक पेश किए। इसमें राजद्रोह कानून को रद्द करने और अपराध की व्यापक परिभाषा के साथ नए प्रावधान लागू करने की बात की गई है।

### निष्प्रभावी हो चुका है राजद्रोह कानून

पिछले साल 11 मई को सुप्रीम कोर्ट ने मामले को सुनते हुए आईपीसी की धारा 124ए को अंतरिम तौर पर निष्प्रभावी बना दिया था। कोर्ट ने कहा था कि इस कानून के तहत नए मुकदमे दर्ज न हों और जो मुकदमे पहले से लंबित हैं, उनमें भी अदालती कार्रवाई रोक दी जाए। कोर्ट ने केंद्र सरकार को कानून की समीक्षा करने की अनुमति दी थी। साथ ही कहा था कि जब तक सरकार कानून की समीक्षा नहीं कर लेती, तब तक यह अंतरिम व्यवस्था लागू रहेगी।

### मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू संभाग के राजोरी जिले में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर हो गया है। वहीं दूसरी तरफ सेना का एक जवान शहीद हो गया है। इसके अलावा एक पुलिस एसपीओ सहित तीन घायल हुए हैं। शहीद हुए सेना के जवान की पहचान 21 राष्ट्रीय राइफल्स के सिपाही जसविंदर सिंह के रूप में हुई है। वहीं तीन अन्य घायल सुरक्षा कर्मियों की पहचान सब इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ (एसपीओ) के रूप में की गई है। कांस्टेबल मोहम्मद रफीक और कांस्टेबल मोहम्मद इकबाल भी घायल हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के राजोरी जिले के एक दूरदराज के गांव नारला (हरि चूमा) में एक तलाशी दल पर आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में सुरक्षा जवान घायल हो गया। जम्मू जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने बताया कि राजोरी के नारला गांव में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी और शुरुआती गोलाबारी मे सेना का एक जवान घायल हुआ है।

# सजा पर सरकारी सेवक को बर्खास्त नहीं किया जा सकता

**फैसला**

- पहले विभागीय जांच कार्यवाही जरूरी, बीएसए को दो माह में जांच का निर्देश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि केवल अपराध की सजा के आधार पर किसी सरकारी सेवक को बर्खास्त नहीं किया जा सकता। ऐसा करने के लिए विभागीय जांच कार्यवाही किया जाना जरूरी है।

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के तमाम फैसलों के हवाले से कहा कि संविधान के अनुच्छेद 311(2)के तहत किसी सरकारी सेवक को बिना जांच कार्यवाही के बर्खास्त अथवा सेवा से नहीं हटाया जा सकता। रैंक भी नहीं घटाया जाएगा। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने कानपुर देहात के उच्च प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर के सहायक अध्यापक को दहेज हत्या में मिली उम्र कैद की सजा के बाद बीएसए द्वारा बर्खास्त करने के आदेश को अवैध करार देते हुए रद कर दिया और अनुच्छेद 311(2) के उपबंधों के अनुसार नये सिरे से दो माह में आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि याची की सेवा बहाली व सेवा परिलाभ नये आदेश पर निर्भर करेगा। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ल ने मनोज कुमार कटियार की याचिका स्वीकार करते हुए दिया है।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 90 इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# सशस्त्र बलों का ब्रो है बीआरओ: राजनाथ

**तैयारी**

- प्रोजेक्ट में स्थानीय लोगों को करें शामिल
- राज्य सरकारों को भी दी बधाई




**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को सीमा सड़क संगठन की सेवा की सराहना की और कहा कि किसी परियोजना को समय पर पूरा करना संगठन की प्रतिबद्धता के कारण संभव हुआ है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आपकी असली उपलब्धि यह है कि आपने अपने प्रयास ने मुश्किल को भी आसान बना दिया। देश के नागरिकों ने सीमा क्षेत्र के विकास को एक उपलब्धि के रूप में लेना बंद कर दिया है, लेकिन यह उनके लिए सामान्य हो गया है। राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन ( बीआरओ) द्वारा निर्मित 90 इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का उद्घाटन किया और उसे देश को समर्पित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू करना और इसे समय पर पूरा करना नए भारत के लिए एक सामान्य बात है। उन्होंने आगे कहा कि बीआरओ को सड़कों की मदद से सिर्फ जगहों को ही नहीं बल्कि लोगों के दिलों को भी जोड़ना चाहिए। आपका काम सिर्फ सड़कें बनाकर एक जगह को दूसरी जगह से जोड़ना नहीं है, बल्कि साथ ही आपको अपने कार्यों से लोगों के दिलों को भी जोड़ना है। मेरा मानना है कि निर्माण ऐसा होना चाहिए जो जनता के लिए, जनता का और जनता द्वारा की भावना से प्रेरित हो। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि एक संस्था के तौर पर बीआरओ को सीमावर्ती इलाकों में चल रहे किसी भी प्रोजेक्ट में स्थानीय निकायों और लोगों के साथ लगातार काम करना होगा। आप उन्हें अपने प्रोजेक्ट में शामिल करें, उनसे बात करते रहें, उनकी जरूरतों को समझें और उनसे इनपुट भी लें।

### 2941 करोड़ की लागत से तैयार हुई परियोजनाएं

राजनाथ सिंह आज दिन में जम्मू पहुंचे और हवाई अड्डे पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने उनका स्वागत किया। वह देवक ब्रिज पर आयोजित एक समारोह में सीमा सड़क संगठन द्वारा 2941 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 90 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को देश को समर्पित करेंगे।

# भाजपा-जेडीएस के बीच समझौते के आसार

**तैयारी**

- अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए बना रहे है योजना



**नई दिल्ली।** मई महीने में कर्नाटक में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के सामने भाजपा और जेडीएस को करारी हार झेलनी पड़ी थी। अब दोनों विपक्षी दल अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए हाथ मिलाने की योजना बना रहे हैं। बीते रविवार को जेडीएस सुप्रीमो और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने पुष्टि की कि उन्होंने कर्नाटक के हित में और अपने संगठन को बचाने के लिए दिल्ली में भाजपा नेतृत्व के साथ चर्चा की है। उधर भाजपा खेमे की ओर से मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने कहा कि पार्टी का नेतृत्व इस बारे में अंतिम फैसला लेगा। इससे पहले दोनों दलों ने विधानसभा में मिलकर कांग्रेस के खिलाफ लड़ाई लड़ने का एलान किया था। अब दोनों पार्टियों ने आम चुनाव में भी एक साथ जाने की तैयारी कर ली है। इसकी जानकारी देवगौड़ा ने खुद जेडीएस कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा, हां, मैंने दिल्ली में भाजपा नेताओं से संपर्क किया, एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने के लिए नहीं। इस पार्टी को बचाने के लिए, एक क्षेत्रीय पार्टी जिसे मैंने 40 वर्षों तक पाला है।

# ऊर्जा पंप स्टोरेज प्लांट नीति को मंजूरी

**धामी कैबिनेट**

## आम जनता से लेकर निवेशकों तक सबको मिलेगा लाभ

- उत्तराखंड सेवा क्षेत्र नीति-2023 को मंत्रिमंडल की स्वीकृति
- वर्ष 2027 से पहले 45 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य



**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड में सेवा क्षेत्र को नए पंख लगने जा रहे हैं। यह क्षेत्र आने वाले कुछ वर्षों के भीतर राज्य की आर्थिकी को मजबूत करेगा, साथ में रोजगार भी बरसाएगा।

राज्य मंत्रिमंडल ने मंगलवार को उत्तराखंड सेवा क्षेत्र नीति-2023 को स्वीकृति दी। नीति के अंतर्गत चिह्नित आठ प्रमुख क्षेत्रों में वर्ष 2030 से पहले 60 हजार करोड़ रुपये पूंजी निवेश और 20 लाख व्यक्तियों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही 10 लाख श्रमिकों का कौशल विकास किया जाएगा। वर्ष 2027 से पहले 45 हजार करोड़ के पूंजी निवेश को आमंत्रित करने की तैयारी है। आगामी दिसंबर में प्रस्तावित वैश्विक निवेशक सम्मेलन में सेवा क्षेत्र में ही 15 हजार करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित करने की योजना पर काम किया जा रहा है। नई नीति को इस दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में मंत्रिमंडल की बैठक में कुछ छह प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने बताया कि मंत्रिमंडल ने सेवा क्षेत्र नीति-2023 पर मुहर लगा दी है। प्रदेश में सेवा क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। यह माना गया है कि प्रदेश को सशक्त उत्तराखंड बनाने की दिशा में सेवा क्षेत्र की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो सकती है। निवेशक सम्मेलन में यह एक ऐसा क्षेत्र होगा, जिसकी ओर निवेशक आकर्षित होंगे। इसे देखते हुए सेवा क्षेत्र नीति बनाई गई है। कैपिटल सब्सिडी कुल निवेश का 25 प्रतिशत रखी गई है। यदि कोई भूमि लेता है तो भूमि की कीमत बाजार भाव से तय की जाएगी। यदि निवेश की सीमा भूमि की कीमत से अधिक होती है तो फिर शेष राशि कैपिटल सब्सिडी के रूप में निवेशक को दी जाएगी।

> पर्यटन और आयुष की अलग नीति बनने के कारण इन दोनों क्षेत्रों को इसमें शामिल नहीं किया गया है। यह नीति दिसंबर 2010 तक के लिए बनाई गई है। इसमें हर सेवा क्षेत्र में मैदानी व पर्वतीय क्षेत्र में निवेश के लिए न्यूनतम सीमा रखी गई है। निवेशकों को प्रोत्साहन के रूप में कैपिटल सब्सिडी दी जाएगी।

### अन्य महत्वपूर्ण निर्णय

ऊर्जा पंप स्टोरेज प्लांट नीति को मंजूरी। ऊधम सिंह नगर में गैस आधारित प्लांट को आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी गैस पर 20 प्रतिशत वैट नहीं लिया जाएगा, होगा बिजली उत्पादन। औली विकास प्राधिकरण का होगा गठन। बदरीनाथ में विभिन्न कलाकृतियों की स्थापना के लिए पहले से कार्यरत संस्था को ही जिम्मेदारी।


### सत्येन्द्र की 25 सितंबर तक बढ़ी अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन को दी गई मेडिकल जमानत की अवधि बढ़ा दी। अंतरिम जमानत अब 25 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। जैसे ही पीठ सुनवाई के लिए एकत्र हुई, प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ से मामले को स्थगित करने और राहत बढ़ाने का आग्रह किया। जांच एजेंसी के बयान को स्वीकार करते हुए पीठ ने जमानत की अवधि बढ़ा दी और सुनवाई 25 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी। अदालत इस साल अप्रैल में जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली सत्येन्द्र जैन की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। मंगलवार का चिकित्सा जमानत विस्तार, रीढ़ की हड्डी की सर्जरी के बाद सत्येन्द्र जैन को दिया गया तीसरा ऐसा विस्तार है।

# अदालत ने खारिज की चंद्रबाबू नायडू की हाउस अरेस्ट याचिका

**आरोप**

- करोड़ों रुपये के घोटाले का मामला



**विजयवाड़ा।** विजयवाड़ा की एक स्थानीय अदालत ने मंगलवार को तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू की हाउस कस्टडी याचिका को खारिज कर दिया। उन्हें करोड़ों रुपये कथित घोटाले में गिरफ्तार किया गया था। वह अभी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में राजा महेंद्रवम केंद्रीय कारागार में बंद हैं। उनके वकील जयकर मट्टा ने बताया कि हाउस कस्टडी मंजूर नहीं की गई। नायडू का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा की नेतृत्व में वकीलों की एक टीम ने सोमवार को खतरे की आशंका का हवाला देते हुए हाउस कस्टडी के लिए याचिका दायर की थी। पूर्व मुख्यमंत्री नायडू को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है। अदालत ने करोड़ों रुपये के कौशल विकास निगम घोटाले में कथित भूमिका के लिए नायडू को रविवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। नायडू को सीआईडी ने कौशल विकास घोटाले में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी शनिवार सुबह नंद्याल से सीआरपीसी की धारा 50 (1)(2) के तहत हुई। आरोपों के मुताबिक, कौशल विकास घोटाला 350 करोड़ रुपये का है और

### जांच कर रही ईडी

घोटाले की जांच ईडी द्वारा भी की जा रही है। कुछ माह पहले ईडी ने इस घोटाले की आरोपी कंपनी डिजाइनटेक सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड की 31 करोड़ रुपये कीमत की संपत्ति भी अटैच की थी। आरोप है कि इसी कंपनी के जरिए सरकारी योजना का पैसा शेल कंपनियों को ट्रांसफर किया गया, साथ ही फर्जी इनवॉइस तैयार की गईं। ईडी मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से मामले की जांच कर रही है।

इस मामले में चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ साल 2021 में एफआईआर दर्ज की गई थी। रविवार को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार नायडू को विजयवाड़ा की एक कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

# संचारी रोगों के प्रभावी नियंत्रण को डीएम ने दिए ईओ को दिशा निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** संचारी रोग के प्रसार की संभावना के दृष्टिगत नगरीय निकायों में साफ-सफाई व्यवस्था, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, जल भराव वाले स्थानों को चिन्हित करते हुये सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर नियमित रूप से दिन में एण्टीलार्वा स्प्रे के छिड़काव, शाम के समय फॉगिंग कराये जाने के संबंध में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सभी नगरीय निकाय के ईओ को जरूरी दिशा निर्देश जारी किए। जारी निर्देशों का कड़ाईपूर्वक अनुपालन करते हुए ईओ संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जाना सुनिश्चित करे। डीएम ने ईओ को निर्देश दिए कि वेक्टर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों की रोकथाम, साफ-सफाई के सम्बन्ध में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से नगरीय निकायों के चुने हुए जनप्रतिनिधियों का संवेदीकरण, नगरीय क्षेत्र में मोहल्ला निगरानी समितियों के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों के विषय में निरंतर जागरूकता स्थापित की जाए। शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग, हाई रिस्क क्षेत्रों में सघन वेक्टर नियंत्रण, संवेदीकरण गतिविधियाँ सम्पादित की जाए। डीएम ने निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्रों वातावरणीय, व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायों, खुले में शौच न करने, शुद्ध पेयजल के प्रयोग, मच्छरों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित किए जाए। खुली नालियों को ढ़कने की व्यवस्था, नालियों, कचरों की सफाई, उथले हैंडपम्पों का प्रयोग रोकने के लिए उन्हें लाल रंग से चिन्हीकरण, हैंडपम्पों के पाइप को चारों ओर से कंक्रीट से बंद करने, हैंडपम्पों के पास अपशिष्ट जल के निकलने हेतु सोक-पिट निर्माण, शुद्ध पेयजल की गुणवत्ता के अनुश्रवण के लिए बैक्टीरियोलॉजिकल/वायरोलॉजिकल जाँच, आबादी में पब्लिक वॉटर सप्लाई टैंक टाइप स्टैंड पोस्ट की मानकों के अनुसार स्थापना व अनुरक्षण, जल भराव तथा वनस्पतियों की वृद्धि को रोकने के लिए सड़कों तथा पेवमेन्ट का निर्माण, सड़कों के किनारे उगी वनस्पतियों को नियमित रूप से हटाने, संवेदनशील क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर खुले में शौच से मुक्त करना।

## कच्ची दीवार ढहने से हुई बुजुर्ग महिला की मौत

**लखीमपुर खीरी।** नीमगांव थाना क्षेत्र के श्यामपुर झरवा गांव में मंगलवार के दोपहर एक कच्ची दीवार ढह गई। इस दीवार के करीब बैठी एक 60 साल की बुजुर्ग महिला की मलबे के नीचे दबकर मौत हो गई। बारिश से 24 घंटे के अंदर यह दूसरी मौत है। बीते कई दिनों से हो रही बारिश से कच्चे और जर्जर मकानों को खतरा पैदा हो गया है। जिले के अलग-अलग इलाकों में कच्चे मकान कमजोर होकर ढह रहे हैं। मंगलवार के दोपहर नीमगांव थाना क्षेत्र के श्यामपुर झरवा गांव में एक कच्ची दीवार ढह गई। इसी दीवार के किनारे बैठी 60 साल की महिला रामबेटी मलबे के अंदर दब गई। जब मालवा हटाकर देखा गया तो रामबेटी की मौत हो चुकी थी। इससे पहले ईसानगर नगर इलाके में भी एक महिला की दीवार रहने से मौत हो चुकी है। जिले के अलग-अलग इलाकों में आठ जगहों पर कच्चे मकान व दीवारें बारिश की वजह से ढह चुके हैं।

# वेयरहाउस पहुंचे डीएम-सीडीओ, अफसरों संग देखी फर्स्ट लेवल चेकिंग प्रक्रिया

**एफएलसी में आयोग की मानक परिचालन प्रक्रिया का कराया जाये पालन: डीएम**

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में उपलब्ध ईवीएम एवं वीवी पैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य प्रचलित है। उक्त कार्यों के पर्यवेक्षण के लिए मंगलवार की सुबह जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह संग कलेक्ट्रेट स्थित वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उपस्थित अफसरों एवं बी ई एल इंजीनियर को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग की एसओपी का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराए।निरीक्षण के दौरान डीएम ने उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक ईवीएम एवं वीवी पैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग की जॉच भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड के इंजीनियरों के माध्यम से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। यह भी निर्देशित किया कि तैनात सुरक्षा कर्मी यह सुनिश्चित कराए कि किसी भी दशा में कोई भी व्यक्ति बिना पहचान पत्र के प्रवेश नहीं करे और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी मोबाइल या ज्वलनशील पदार्थ एफएलसी हाल में प्रवेश नहीं किया जाएगा। इसका शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पंजिकाओं का अवलोकन करके संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी एफएलसी अपर उप जिलाधिकारी राजीव निगम, बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) ओपी अंजोर, चकबंदी अधिकारी अंतिम अभिलेख प्रथम, एडीईओ तौसीफ अहमद व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बारिश में पूरी तरीके से ध्वस्त हो गया मकान

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** बारिश की वजह से पसगवां ब्लाक के गांव सोनौआ निवासी अर्जेंट यादव का कच्चा मकान बारिश में पूरी तरीके से ध्वस्त हो गया है। परिवार बाल-बाल बच गया, पर गृहस्थी उजड़ गई। अब उनके पास अपना सिर छुपाने तक की व्यवस्था नहीं है। पड़ोसियों ने उनके बच्चों को रहने की जगह दी है। उनके खाने-पीने का भी प्रबंध किया है। उनकी सारी गृहस्थी कोठरी ढह जाने से नीचे दबकर खराब हो गई है। सोनौआ के ग्राम प्रधान ने संबंधित लेखपाल को आपदा राहत कोष से परिवार को राहत दिलवाने के लिए बात की है। उन्होंने बताया जल्द ही इनको सरकारी सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

## विद्यालय परिवार को 20 सेट डेस्क/मेज निशुल्क प्रदान किया

**महराजगंज,रायबरेली।** क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी और ताजुद्दीनपुर ग्राम सभा की पूर्व महिला प्रधान के प्रतिनिधि व पति शिव प्रताप सिंह उर्फ राजू ने पूर्व में अपने द्वारा की गई घोषणा के तहत विद्यालय परिवार को 20 सेट डेस्क/मेज निशुल्क प्रदान किया है। समाजसेवी शिव प्रताप सिंह उर्फ राजू के द्वारा किए गए योगदान को लेकर क्षेत्र में हर्ष की लहर फैल गई है। विद्यालय के संचालक, प्रधानाचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने मुक्त कंठ से श्री सिंह के योगदान की सराहना की है। आपको बता दें कि, क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के मऊ गांव में स्थित बाल विद्या मंदिर जिसकी स्थापना 2005 में स्वर्गीय यज्ञ बहादुर पांडेय द्वारा की गई थी, विद्यालय को हर प्रकार से शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत बनाने के लिए विद्यालय का शैक्षणिक स्टाफ दिन-रात काम करता रहा है। विद्यालय के वर्तमान प्रबंधक अतुल कुमार पांडेय एडवोकेट के मुताबिक यह विद्यालय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विचारों को प्रधानता देते हुए उनके बताए पदचिन्हों के आधार पर काम करता है, और निरंतर इसकी उन्नति हो रही है। उन्होंने समाजसेवी शिव प्रताप सिंह उर्फ राजू के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि, 20 नई डेस्क मेंज के मिलने के बाद विद्यालय के बच्चे बहुत ही आनंदित महसूस करते हैं।

# कांवरियों का जत्था बोल-बम के नारों के साथ बाबा धाम के लिए रवाना

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज,रायबरेली।** ब्लाक क्षेत्र के मऊ से कांवरियों का एक जत्था मंगलवार को ऊंचे स्वर महादेव मंदिर से शिव के दर्शनोंपरान्त डैडी बम कांवरिया संघ मऊ मुकेश तिवारी के नेतृत्व में बाबा भोले नाथ के जलाभिषेक के लिए बोल-बम के नारों के साथ बाबा धाम के लिए रवाना हुआ। हर-हर महादेव के नारों से मऊ बाजार का वातावरण गुंजायमान होता रहा।आपको बता दें कि, बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए बाबा धाम जा रहे कांवरियों के जत्थे को क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओम प्रकाश सिंह उर्फ भोलू ने सर्वप्रथम गांव की कन्याओं एवं ब्राह्मणों को भोजन कराकर उन्हें दक्षिण भेंट की, इसके बाद मऊ के ऊंचे स्वर महादेव मंदिर में मत्था टेकने के बाद बाबा बैजनाथ धाम जा रहे 200 कांवरियों के जत्थे को पूड़ी, सब्जी, हलुवा, खीर आदि खिलवाकर अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया, साथ ही रास्ते में खाने के लिए एक-एक पैकेट भोजन पैक करवा कर भी उन्हें भेंट किया। सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन पर उतरने के



बाद बाबा धाम के लिए पैदल यात्रा करते हुए 18 सितंबर को बाबा बैजनाथ धाम में जलाभिषेक करेगा, इसके बाद यह जत्था 19 सितंबर को बाबा धाम से पुनः वापस गांव के लिए रवाना होगा। आपको यह भी बता दें कि, भगवान शंकर के अति प्रिय माह सावन की शुरुआत होते ही महराजगंज कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक शिव भक्तों का उत्साह दिखाई देता है। हर इलाके में कांवरियों की धूम रहती है, और जलाभिषेक के लिए कांवरियों का जत्था रवाना होता है। हर बार की तरह इस बार भी महराजगंज क्षेत्र के मऊ गांव से 200 कांवरिया बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुए। गेरुआ वस्त्र धारण किए कांवरियों ने अपनी कांवर और भगवान भोलेनाथ की तस्वीर लेकर डीजे धुन पर जगह-जगह शिवालयों के दर्शन करने के बाद अपनी यात्रा शुरू की।

# खाद्य सुरक्षा को लेकर डीएम ने की बैठक, दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**सीतापुर।** मंगलवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन समिति की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने नकली एवं अधोमानक खाद्य पदार्थो को विक्रय करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नकली दवाओं के विक्रय को रोकने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। नकली दवाओं के विक्रय में संलिप्तता पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध प्रचलित वादों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कराते हुए अधिकतम दंड दिलाया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के ईटराईट इनीशियेटिव के अन्तर्गत होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई के दुकानों, बेकरी प्रतिष्ठानों का हाईजीन रेटिंग प्रमाणीकृत कराया जाये। अस्पतालों, आवासीय विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों, जिला कारागार इत्यादि को खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के ईटराईट कैम्पस के अन्तर्गत प्रमाणित करायें। असुरक्षित, अधोमानक एवं मिथ्याछाप, खाद्य पदार्थो एवं औषधियों के निर्माण एवं विक्रय की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि खाद्य पदार्थो एवं औषधि में गुणवत्ता एवं अधोमानकता के प्रति जन सामान्य में जागरूक बढ़ाये जाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थो की जांच हेतु संचालित वैन का संचालन से पूर्व रूटचार्ट बनाते हुये सभी संबंधित को अवगत कराये जाने के निर्देश दिये। जिससे अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सके। बैठक में जिला विकास अधिकारी हरिशचंद्र प्रजापति, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी एवं समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम भव्य तरीके से मनाया गया

**महराजगंज,रायबरेली।** प्राचीन श्री राम जानकी मन्दिर में विगत छः सितम्बर की रात दिव्य चेतना के प्रकटीकरण का उत्सव श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम भव्य तरीके से मनाया गया, जन्माष्टमी के कार्यक्रम में कस्बा समेत आसपास के गांव से भक्त श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। आपको बता दें कि, सोमवार को इसी भव्य प्राचीन मन्दिर में श्री कृष्ण षष्ठी का कार्यक्रम हुआ। भगवान् को दिव्य भोग के पश्चात दोपहर दो बजे से देर रात्रि तक भण्डारे का आयोजन चला रहा। जिसमें नगर के गणमान्य लोगों के अतिरिक्त आसपास के गांव से बच्चे, युवा, वृद्ध सभी ने पूड़ी सब्जी खीर का प्रसाद ग्रहण किया।

## पीएम विश्वकर्मा योजना की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीएम विश्वकर्मा योजना की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में हुई। बैठक का उद्देश्य कमेटी के सदस्यों को उनके दायित्व से अवगत कराना है, जिससे इस योजना के लाभार्थियों को लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना भारत सरकार द्वारा घोषित योजना है। इसका प्रारंभ 17 सितंबर 2023 से समस्त भारत वर्ष के प्रत्येक जनपद में किया जाएगा। यह योजना परंपरागत हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों को प्रोत्साहन देने के लिए है। योजना के माध्यम से हस्तशिल्पियों एवं कार्यो को प्रशिक्षण देकर उनका कौशल विकास किया जाएगा। कारीगरों को आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराये जाएंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को आसान प्रक्रिया से गारंटी फ्री ऋण दिया जाएगा।

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयुष्मान भवः अभियान की क्रियान्वित बैठक आहूत**

# सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का करें प्रचार-प्रसार: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**जिला स्तरीय अधिकारी बनाये ग्राम स्तरीय कार्यकर्ताओ तक समन्वय, कार्य को करे शत–प्रतिशत पूर्ण: राकेश**

> जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष्मान भारत कार्ड और आभा (स्वास्थ्य कार्ड) लाभार्थी अपने मोबाईल के माध्यम से ऑनलाईन स्वयं भी आवेदन कर सकतें हैं। मोबाइल में आभा (स्वास्थ्य कार्ड) ऐप डाउनलोड कर आवेदन करें और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लें।

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयुष्मान भवः अभियान की क्रियान्वित बैठक आहूत हुई। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह द्वारा आयुष्मान भवः अभियान के तहत सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आपके द्वारा 3.0, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा व आयुष्मान ग्राम पंचायत एवं आयुष्मान अर्बन वार्ड की पंच योजनाऐं के बारे में दिशा–निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने सेवा पखवाड़ा योजना के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर व अंगदान का संकल्प के बारे में निर्देशित करते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायत, जेएसएस, आरकेएस के सहयोग से प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल स्तरों पर सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं पर स्वच्छता अभियान चलाया जाये। कहीं भी किसी भी प्रकार की कोई गंदगी नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कर्मचारियों से कार्य करायें। आयुष्मान आपके द्वारा 3.0 के तहत 17 सितम्बर से सभी आयुष्मान लाभार्थियों को कार्ड वितरित करें। आयुष्मान मेला के तहत 17 सितम्बर से साप्ताहिक हेल्थ एवं वेलनेस मेला साप्ताहिक सीएचसी मेला का आयोजन कर जन–जन को जागरूक किया जाये। 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के क्रियान्वयन के लिए दिशा–निर्देश दिये। जिला एवं ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाये। उन्होने कहा कि आगामी कार्यक्रमों से सम्बंधित प्रगति रिर्पोट प्रतिदिन पेश की जाये।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा सम्बंधित विभाग के प्रशासनिक अधिकारी से लेकर जिलास्तरीय, नगर स्तरीय, ग्रामीण स्तरीय, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ता समन्वय बनाकर जन–जन को जागरूक कर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभार्थियों को लाभ पहुंचायें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।

जिलाधिकारी ने आदेश दिये कि आयुष्मान कार्ड और आभा कार्ड के बारे में जनता को जागरूक करें ताकि उन्हें इन लाभकारी योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए मीडिया, सोशल मीडिया, बैनर, पम्पलेट, रैली, आशा कार्यकत्रियों, स्वास्थ्य केन्द्र सहित अन्य के माध्यम प्रचार–प्रचार कर जन जागरूकता फैलाये।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.भावतोष शंखधर, परियोजना निदेशक प्रदीप नारायण दीक्षित, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीराम उदरेज यादव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.चरण सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी डॉ.सीमा बालियान व नगर निगम, स्वास्थ्य सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# किसान मेला, गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम।** हरदोई में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्स्टेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत किसान मेला, गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन आज सम्भागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केन्द्र निकट बिलग्राम चुंगी, हरदोई में किया गया। अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक अशोक सिंह, हरदोई द्वारा मेले एवं प्रदर्शनी का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन मुख्य अतिथि एवं किसानों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए अनेकों योजनायें चलायी जा रही है। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत किसानों के खाते प्रतिवर्ष छः हजार रूपये सीधे खाते में भेजने का काम किया है, जिसमें से हरदोई के किसान भी लाभान्वित हुए है। उन्होने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री के द्वारा श्री अन्न फसलों की महत्ता को समझते हुए अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 को संयुक्त राष्ट्र संघ से अनुमोदित कराया और देश और प्रदेश में श्री अन्न फसलों की खेती को बढ़ावा देकर किसानों की आय एवं लोगो का स्वास्थ्य सुरक्षित करने के लिए कदम उठाया। मुख्य अतिथि द्वारा यह भी उल्लेख किया कि जनपद में 131 प्राथमिक सहकारी समितियों कियाशील है, जिसके माध्यम से किसान भाइयों को सस्ते दर पर ऋण, खाद एवं बीज की सुविधा प्राप्त हो रही है। उन्होने किसान भाइयों से आग्रह किया कि.. अपने नजदीकी सहकारी समितियों के सदस्य बनकर लाभ प्राप्त कर सकते है। मुख्य अतिथि ने किसानों से आग्रह किया कि किसान भाई अपनी खेती में विविधिकरण जैसे खेती के साथ पशुपालन, सब्जी, फल, मत्स्य पालन कर अपनी आय बढ़ा सकते है। उन्होंने किसान भाइयों से आग्रह किया कि वृक्षारोपण एवं पेड़ों को कटने से बचाकर पर्यावरण एवंज ल का संरक्षण कर सकते है। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि जी द्वारा कृषक सर्वेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार ग्राम मरई को पावर स्प्रेयर मशीन तथा इसके अतिरिक्त कृषक उमेश तिवारी, सूरत सिंह, संजीव राजेश कुमार, सुदर्शन, श्रीराम, अशोक एवं विमलेश को तोरिया मिनीकिट बीज वितरित किये गये। डा. नन्द किशोर, उप कृषि निदेशक ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल अवशेष प्रन्धन हेतु अनुदान पर वितरित कृषि यंत्रों की योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना एवं श्री अन्न (मिलेट्स) की खेती के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी। डा. डी.बी. सिंह, वैज्ञानिक के.वी.के. हरदोई ने सब्जियों की उन्नतशील खेती के बारे में बताया गया। डा. सी.पी.एन गौतम, वैज्ञानिक, के.वी.के., हरदोई ने खरीफ फसलों में लगने वाले रोग एवं कीट प्रबन्धन के बारे किसानों को जानकारी दी। अखिलेश प्रताप सिंह, सहायक निबन्धक, सहकारी समितियाँ, हरदोई द्वारा किसान भाइयों को बताया कि सहकारी समितियों का सदस्य बनकर सहकारी समिति से ऋण, खाद एवं



बीज सस्ते दर पर प्राप्त कर सकते है। उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा किसानों को पशुपालन की खेती के बारे जानकारी दी। ओम ओमर द्वारा किसान भाइयों को दलहनी, तिलहनी एवं धान फसलों से सम्बन्धित कीट एवं रोग नियंत्रण एवं आगामी रबी सीजन में उगाई जाने वाली फसलों के लिए खेत की तैयारी के सम्बन्ध में चर्चा की गयीं। विनीत कुमार, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, सदर ने किसान भाइयों को गौ आधारित प्राकृतिक खेती में बारे जानकारी दी। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, समन्वयक फसल बीमा, ज्येष्ठ गन्ना, आशुतोष पाण्डेय, वप्रा.सहा. ग्रुप-ए रामकिशोर तिवारी, व.प्रा.सहा. ग्रुप-ए, सोनी कुशवाहा, व.प्रा.सहा. ग्रुप-ए एवं विभिन्न विभाग से अधिकारी/कर्मचारी व कृषक उपस्थित रहे।

## नैमिष में खुली अस्थाई पर्यटक पुलिस चौकी

**सीतापुर।** नैमिषारण्य में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए अस्थाई पर्यटक चौकी की व्यवस्था की है। इस चौकी में पर्यटक पुलिस भी तैनात कर दी गई है। नैमिषारण्य में काफी संख्या में देश व विदेश से पर्यटक पहुंचते हैं। पर्यटकों की संख्या को देखते हुए नैमिषारण्य में पर्यटक पुलिस चौकी पर विचार किया जा रहा था। मंगलवार को यह कमी भी पूरी हो गई। शासन के निर्देश पर एसपी चक्रेश मिश्रा ने नैमिषारण्य में पर्यटक पुलिस चौकी शुरू कर दी। इसके साथ ही पर्यटक थाना बनाये जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। थाना बनाये जाने की स्वीकृति प्राप्त होने तक नैमिषारण्य में अस्थायी पर्यटक पुलिस चौकी की व्यवस्था की गई है। इसमें अग्रिम आदेश तक पुलिस कर्मियों की नियुक्ति भी कर दी गई है। उपनिरीक्षक रत्नेश कुमार त्रिपाठी को प्रभारी पर्यटक पुलिस चौकी नैमिषारण्य बनाया गया है। वहीं 10 मुख्य आरक्षी, आरक्षी, 5 महिला आरक्षी की तैनाती पर्यटक पुलिस चौकी पर की गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना मितौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 404/2023 धारा 147/332/353/323/504/506 भादवि व 2/3 सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधि0 से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त हरिकेश उर्फ बहेलिया पुत्र शिवसरन मिश्रा निवासी ओदारा थाना मितौली जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## निरीक्षण के दौरान अद्यतन सूचनाओं सहित उपस्थित रहें अधिकारी: सीडीओ

**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी 15 सितम्बर 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे ब्लाक माधौगंज कार्यालय, कार्यक्रम अधिकारी, संयुक्त कार्यालय, बीएमएम, फील्ड आदि का निरीक्षण करने के बाद 11.30 बजे अमृत सरोवर रूदामऊ का निरीक्षण और 12 बजे ब्लाक बिलग्राम के ग्राम ककराखेड़ा में आयोजित चौपाल में प्रतिभाग कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेगीं। उन्होने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है उक्त निरीक्षण के दौरान अद्यतन सूचनाओं सहित उपस्थित रहें।

## गुमशुदा बच्चे के सम्बन्ध में सूचित करें: सन्तोष

**हरदोई।** अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति न्याय पीठ, हरदोई सन्तोष कुमार सिंह ने सूचित किया है कि थाना टड़ियावां के ग्राम सारीपुर छछेटा निवासी प्रेम कुमार का 11 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार 16 जुलाई 2023 की दोपहर 02 बजे से बिना बताये घर से कहीं चला गया हैं। उन्होने कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को इस गुमशुदा बच्चे के सम्बन्ध में जानकारी हो तो क्षेत्राधिकारी हरियावां मो0नं0-9454401483, प्रभारी निरीक्षक मो0नं0-9454403572 या उप निरीक्षक टड़ियावां मो0नं0-6394413401 पर सूचित करें।

## महामहीम राष्ट्रपति 13 सितम्बर को करेंगी शुभारंभ

**सीतापुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ बुधवार 13 सितंबर को किया जाएगा। इसका शुभारंभ देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोपहर 12 बजे करेंगी। इसका सजीव प्रसारण जिला अस्पताल समेत सभी सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ वेलनेस सेंटर पर इंतजाम किया जाएगा।

## घर-घर जाकर भाजपा नेताओं ने एकत्र की माटी




**सीतापुर।** भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा व भाजपा जिलाध्यक्ष ने मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत कमलापुर मंडल में घर-घर से माटी एकत्रित की। दोनों नेताओं ने बूथ संख्या 266 व बूथ संख्या 379 महोली पहुंचकर अभियान चलाया। भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा की अगुवाई में घर घर जाकर कलश में मिट्टी इकत्र की गई। जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा द्वारा बूथ अध्यक्ष व भाजपा के मंडल पदाधिकारी को शत्र प्रतिशत घरो पर जाकर के मिट्टी इकत्र करने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि यह माटी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बन रही अमृत वाटिका में प्रयोग की जाएगी। इससे देश की एकता व अखंडता को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष करुणा शंकर त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष अमर बाजपेई, जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ल, कसमंडा ब्लाक प्रमुख मुन्नी देवी, ऋषि मिश्र, शैलेंद्र सिंह, अभय सिंह, जवाहरलाल शुक्ल, अभिषेक शुक्ल, जयशंकर पांडेय, पंकज राजवंशी, संजय वर्मा, सुनीत पाल, संगीता शुक्ला, राजेंद्र पांडेय, सतीश मिश्र, प्रदीप शुक्ल, अंकित कश्यप आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में की बैठक



**सीतापुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में आयुष्मान भवः अभियान को लेकर बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। जिसमें बताया गया कि सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा व आयुष्मान ग्राम पंचायत एवं आयुष्मान शहरी वार्ड जैसे कार्यक्रम होने हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण अभियान है। इसे सभी को बेहद गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इस अभियान का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक ग्राम सभा, मजरे और वार्ड को स्वस्थ रखना सरकार की प्राथमिकता है। विभिन्न स्वास्थ्य सेवा योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने और हर गांव तक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुगम बनाने के लिए आयुष्मान भवः अभियान की योजना बनाई गई है। इस मौके पर एसीएमओ डॉ कमलेश चंद्रा, नोडल अधिकारी डॉ राजशेखर, डॉ अभिज्ञान सिंह, रिजवान मलिक आदि मौजूद रहे।

## शातिर आटो लिफ्टर गिरफ्तार



**सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर थाना पुलिस ने वाहन चोर को गिरफ्तार करते हुए चोरी के दो वाहन बरामद किए हैं। इनमें एक बाइक है, दूसरा ई रिक्शा शामिल है। इमलिया सुल्तानपुर थाना की पुलिस टीम ने चोरी के मामले में प्रकाश में आए मनीष पुत्र रामविलास निवासी ग्राम रामपुर भूड़ा थाना इमलिया सुल्तानपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से चोरी की एक मोटर साइकिल व एक ई-रिक्शा बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि ये दोनों वाहन कोतवाली नगर क्षेत्र से चोरी किए गए थे। जिनके संबध में शहर कोतवाली में केस दर्ज है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि मनीष शातिर अपराधी है, जिसके ऊपर पूर्व में 6 आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

# बदइंतजामी के सबूत दिखा रही बाढ़ की स्थिति

- दूसरे दिन भी बद से बदतर रहे हालात
- 36 घण्टे बाद भी नही दूर हुआ अंधेरा, धड़ाम हुए सारे दावे
- पानी से घिरी आबादी भूख प्यास से बेहाल, कोई नहीं पुरसाहाल



आदिल तन्हा

**बाराबंकी।** आधे शहर की आबादी के हाल बद से बदतर बने हुए हैं। जमुरिया नाले के पानी से घिर आबादी दूसरे दिन भी घरों में कैद रही। भूख प्यास से कुलबुलाये लोगो के सामने मुसीबतों का ढेर है। प्रशासन अपनी कवायद में जुटा रहा इसके उलट खतरे में आये पुलों का संकट बरकरार है। उधर जलभराव से जूझते इलाकों के अलावा इससे मुक्त मोहल्ले में बाशिंदे 36 घण्टे से अधिक समय से बिजली पानी व रोजमर्रा की चीजों को तरसते रहे। खैर हालात और बदतर हो चले हैं। पानी मे डूबी आधी आबादी को आज दूसरे दिन भी मुक्ति नही मिली। उनके घर के आधे हिस्से पानी से घिरे रहे वहीं गलियों मार्गो पर पानी भरा होने से चंद कदम चलना भी मुश्किल हो गया। संतोषी माता मंदिर से छाया, छाया से सिविल लाइन मार्ग, पुलिस लाइन के अलावा अभयनगर, दुर्गापुरी घोसियाना जैसे बड़े मोहल्ले पानी मे डूबे रहे। यहां रह रही आबादी के सामने भूख प्यास का गम्भीर संकट है। बिजली न होने से पीने के पानी को भी तरस गए लोग बस पानी घटने की दुआ कर रहे। पानी के शहर में घुसने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ वही स्कूल आज भी बंद रखे गए। हाइवे स्थित जमुरिया पुल के अलावा कमरियाबाग के निकट पुल पर आवागमन बन्द कर दिया गया। बाकी मार्गो पर पानी भरा होने से आधे शहर का सम्पर्क बाकी हिस्से से टूट गया। नारकीय जिंदगी जी रहे लोगों को दोबारा बारिश ने होने से राहत तो मिली पर 36 घण्टे बाद भी बिजली आपूर्ति चालू न होने से बड़ी आबादी पीने के पानी को ही नही रोजमर्रा की चीज़ों को तरस गई। इन्वर्टर फेल हो गए, मोबाइल की बैटरी समाप्त हो गई वहीं खाने पीने का संकट खड़ा हो गया।

### हाल जानने नही पहुंचे माननीय, लुप्त हो गए समाजसेवी

पानी के कहर से जूझते शहरवासियों का हाल जानने माननीयों से लेकर समाजसेवी भी नही पहुंचे। आधे शहर में तबाही का नजारा देखने आधे शहर की आबादी जरूर पहुंचती रही। शहर वासियों की इस कदर बेकद्री उपेक्षा और बदहाली इससे पहले भी देखी जा चुकी है। यह तय है कि जमुरिया नाला का पानी उतरते ही अफसर किनारा कस लेंगे और प्रभावित आबादी एक बार फिर भाग्य के सहारे हो जाएगी। यही हमेशा से होता आया है फिलहाल की अफसरों की दौड़भाग भी केवल शासन तक यह संदेश पहुंचाने के लिए है कि कोई शांत नही बैठा है।

# सीतापुर के युवक की हत्या कर बाराबंकी में फेंका गया शव बरामद

अवधनामा संवाददाता

**मसौली बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम पूरेजबर के निकट हत्या कर फेंके गये गैरजनपदीय युवक का शव पुलिस ने बरामद किया। मृतक के शरीर पर चोट के गहरे निशान बने हुए है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने पुरेजबर जाने वाली पक्की सड़क पर लहूलुहान शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। क्षेत्राधिकारी रामनगर हर्षित चौहान सहित थानाध्यक्ष अभिषेक तिवारी चौकी इंचार्ज रणजीत यादव ने मौके पर पहुचकर शव को कब्जे मे लेते हुए जमा तलाशी ली तो मृतक के पास से एक डायरी, मोबाइल चार्ज व रेलवे का टिकट मिला। मृतक के पास मिली डायरी मे लिखे मोबाईल नंबर से मृतक की शिनाख्त सीतापुर जनपद के थाना व कस्बा रामपुर मथुरा निवासी मो आरिफ पुत्र महबूब के रूप मे हुई।

### मंगलवार भोर शव देख मचा हड़कंप

मंगलवार की भोर शौच के लिए निकले लोगो ने पुरेजबर गाँव जाने वाली पक्की सड़क पर खून संग्दिध अवस्था में शव देख हड़कंप मच गया है। देखते ही देखते गांव वालों की भीड़ जमा हो गई।जिसकी सूचना मसौली पुलिस को दी गई। पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शव की शिनाख्त के लिए जामातलाशी की तो उसके पास एक डायरी और एक रेलवे का टिकट मिला है। रेलवे टिकट कहा का है जिसे पुलिस ने बताने से इंकार कर दिया।

मृतक के कपड़े कई स्थानों पर फटे एवं शरीर में कई स्थानों पर चोट के निशान भी है जिसको देखते हुए आशंका है की मृतक घर से बाहर जा रहा था। जिसके साथ लूटपाट की वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारों ने हत्या कर शव को फेंक दिया है। पुलिस ने डॉग स्कायड और फॉरेंसिक टीम के साथ जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 14 कोसी परिक्रमा मार्ग जनौरा पर भरा पानी, आम जनमानस में आक्रोश

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** शहरवासियों पर बारिश भारी पड़ रही है। शहर में बारिश के बाद जगह-जगह जलभराव है। नाले और नालियों की सफाई न होने जलनिकासी का बड़ा संकट पैदा हो गया है। वहीं शहर के मोहल्लों की सड़कों व गलियों में जहां सीवर लाइन पड़ी है, वहां अभी सड़क की मरम्मत नहीं हुई। इसके चलते बारिश के बाद इन गलियों की हालत बहुत खराब हो गयी है। पानी सूखने के बाद सड़क पर कीचड़ हो गया है। जिससे वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटे में बारिश की संभावना है।पूर्वी उत्तर प्रदेश में मानसून सक्रिय बना हुआ है। लगातार चार दिनों से हो रही बारिश से किस



सबसे अधिक प्रसन्न नजर आ रहे हैं। लेकिन अब बारिश शहर वासियों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। इसका जिम्मेदार रामनगरी का प्रशासनिक अमला है, क्योंकि बिना व्यवस्था के रामनगरी में हो रहा निर्माण कार्य, सीवर पाइपलाइन व अन्य निर्माण कल यहां के लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। 14 कोसी परिक्रमा मार्ग जनौरा में बारिश के बाद रोड पर भर पानी आने जाने वालों को हो रही परेशानी कई बैटरी रिक्शा भी पलट गए हैं कई लोग चोटिल हो चुके हैं रास्ते में कई बड़े विद्यालय भी हैं जलभराव होने के बाद बहुत कीचड़ हो जनौरा वासियों का कहना है कि बारिश के बाद भारी जलभराव हो गया था। इसके बाद अब मिट्टी कीचड़ बन गयी है। बारिश के बाद फैले कीचड़ से स्थानीय लोग बुरी तरह से प्रभावित है।दूसरी ओर बारिश के बाद शहर के लालबाग, वजीरगंज, साहबगंज, दिल्ली दरवाजा, मोची टोला, हसनू कटरा, बल्ला हाता, ॠषि टोला, महाजनी टोला सहित अन्य मोहल्लों की गलियों में भी सीवर लाइन डाले जाने के बाद सड़क पक्की नहीं बनने से जलभराव और कीचड़ की समस्या है।

### भारतीय अम्बेडकर लोकमंच के पदाधिकारी घोषित

**सहारनपुर।** भारतीय अंबेडकर लोकमंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज बिरला ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए समय सिंह को पंजाब प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। सर्किट हाउस में भारतीय अंबेडकर लोक मंच द्वारा आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज बिरला ने सर्वसम्मति से कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए समय सिंह को पंजाब का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया। इसके अलावा देवेंद्र कुमार को मंडल अध्यक्ष, डॉक्टर अजय बिरला को प्रदेश महामंत्री, विजय कुमार को जिला अध्यक्ष, रमेश कुमार को जिला सलाहकार इनाम अंसारी को महानगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में जिला प्रभारी मुकेश कुमार, महामंत्री संदीप कुमार, जिला महामंत्री युवा रविंद्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार, राधेश्याम जिला सचिव, जिला मंत्री संदीप कुमार, जिला महामंत्री प्रमोद कुमार, महासचिव फिरोज नगर, जिलाध्यक्ष बबीता, मुस्कान, जिला महामंत्री पिंकी वर्मा, आदि उपस्थित रहे।

# प्रशासन की नाकामी का खामियाजा भुगत रहे शहरवासी: तनुज

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** दो दिनो से हो रही लगातार बारिश से सम्पूर्ण जनपद का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग की पूर्व सूचना के बाद भी सरकार एवं प्रशासन द्वारा उचित बचाव का इन्तजाम न करने के कारण लोग अपने घरो में भारी जलभराव के कारण कैद है।

सरकार एवं जिला प्रशासन अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझकर लोगो के घरो से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाये ओर जब तक बरसात के पानी में फंसे लोग सुरक्षित स्थान पर नही पहुच जाते है प्रशासन रोजमार्रा की जरूरत की चीजे छोटे बच्चो को दूध बिस्कुट, तथा पानी में फंसे लोगो की खाने एवं पीने के पानी की व्यवस्था जिला प्रशासन के साथ ही नगर पालिका प्रशासन सुनिश्चित करे जिससे बरसात के पानी में फंसे लोगो को राहत मिल सके।

उक्त मांग उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता तनुज पुनिया ने उत्तर प्रदेश सरकार तथा जिला प्रशासन से करते हुये तत्काल जलभराव के कारण अपने घरो में फंसे लोगो को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की करते हुये ग्राम जसमण्डा निवासी आकाश कन्नौजिया जिसकी नौ वर्षीय पुत्री आशिका तथा सात वर्षीय पुत्र सौरभ जिसकी शौच से लौटते वक्त दीवार गिरने से हुयी दर्दनाक मौत तथा मोहम्मदपुर खाला में गोडियनपुरवा मजरे बल्लोपुर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से दुलारे निषाद के 16 वर्षीय पुत्र शिवकुमार की दैवीय आपदा में हुयी दुखद मौत को संज्ञान में लेकर उनके परिवारजनो को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराये।

## संक्षिप्त समाचार

### मृतका की माता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**सिंदुरिया (महराजगंज)।** स्थानीय थानाक्षेत्र के अंतर्गत बसंतपुर खुर्द में मृतका अंकिता की माता के तहरीर पर ससुराल पक्ष के लोगों पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस विवेचना में जुट गई हैं। मामले में मृतका की माता ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाई है। बताते चले कि बीते सोमवार को सिंदुरिया थानाक्षेत्र क्षेत्र के बसंतपुर खुर्द निवासी मंजीत विश्वकर्मा की पत्नी अंकिता वर्मा का अधजला शव पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया था। मामले में मृतका की माता सुधा देवी ने सिंदुरिया थानाध्यक्ष को तहरीर देकर ससुराल पक्ष के लोगो पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया हैं। मृतका की माता ने तहरीर में लिखा है कि मेरी बेटी अंकिता को घर में बंद कर उसके पति सास और देवरानी देवर मिलकर गला दबाकर हत्या कर दिए और बिना जानकारी दिए गांव के बाहर नहर की पटरी पर शव का दाह संस्कार करने लगे थे।

### थानाध्यक्ष को दी गई विदाई



**नौतनवा (महराजगंज)।** स्थानीय कोलुही थाना में बीते 9 माह से थानाध्यक्ष के रूप में तैनात महेंद्र यादव का स्थानांतरण मंगलवार को एसओजी प्रभारी के रूप में हो गया। स्थानांतरण की सूचना मिलने पर प्रिंस जायसवाल, डॉक्टर वेद प्रकाश चतुर्वेदी, दीनानाथ पाठक, अनुपम पांडे, आरएस पांडे, राजू पांडे, राममिलन चौरसिया, मणिकांत दुबे, नागेंद्र अग्रहरि, सहित सैकड़ो जनता जनार्दन पहुंचकर विदाई दिया। मौजूद लोगों ने कहा कि कोल्हुई के प्राचीन शिव मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया जो की इनका सबसे अनुकरणीय कार्य रहा। जिससे क्षेत्र की जनता सदैव आभारी रहेगी।

### कोतवाली पुलिस ने तीन बाईक चोर पकड़े

**सहारनुपर।** कोतवाली पुलिस ने तीन वाहन चोरो को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की हुई तीन बाइके भी बरामद की है। बेहट पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए पकड़े गए तीनों अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश शर्मा ने बताया पुलिस ने ग्राम कादरपुर मोड़ के पास से तीन वाहन चोरो को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर पकड़े गए अभियुक्तों ने अपने नाम पंकज पुत्र रामपाल, सुरज पुत्र मुकेश निवासी बड़ी माजरी क़स्बा बेहट व शाहरुख पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम कादरपुर कोतवाली बेहट बताये है जबकि मुन्ना पुत्र आबूल हसन निवासी कस्साबान बेहट पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

### प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**सहारनपुर।** कमला देवी बाजोरिया सरस्वती शिशु मंदिर में आज विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूल के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में पदक पाने को खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। कमला देवी बाजोरिया शिशु मंदिर में आयोजित विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ शिव कुमार वर्मा, दिनेश जैन, शिव कुमार, राजीव द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रतियोगिता में कमला देवी बाजोरिया सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार शर्मा ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए परिचय कराया। प्रतियोगिता में सहारनपुर विभाग के शामली मुजफ्फरनगर सहारनपुर के लगभग 100 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में तेजस्वी सैनी, हर्षिता विश्वकर्मा ने 100 मीटर दौड़, आदित्य यादव, अवनी जवालिया ने 400 मीटर दौड़ व ऊंची कूद, अभिनव सैनी, सक्षम विश्वास, मोहिनी गौतम ने चक्का फेंक व गोला फेंक व ऊंची कूद में प्रतिभाग किया।

# 14 में से तीन शिकायतों का किया गया निस्तारण



अवधनामा संवाददाता

- नगरायुक्त के निर्देश पर प्रवर्तन दल ने की अतिक्रमण की जांच

**सहारनपुर।** जनसुनवाई में आयी 14 शिकायतों में से सफाई सम्बंधी तीन शिकायतों का तुरन्त निस्तारण किया गया और सड़क निर्माण व पानी की नई पाइप लाइन डलवाने आदि के सम्बंध में अवर अभियंताओं को स्थलीय निरीक्षण कर आगणन व प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। अतिक्रमण की शिकायत पर प्रवर्तन दल व राजस्व कर्मचारियों की टीम भेजकर जांच करायी गयी। वार्ड 9 के सावलपुर नवादा निवासी राम कुमार उपाध्याय ने वार्ड 9 में फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव कराने तथा वार्ड 9 स्थित शमशान घाट की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। इस पर नगरायुक्त द्वारा सम्बंधित सफाई निरीक्षक व सफाई मित्रों को वार्ड 9 में भेजकर शमशान की साफ सफाई करा दी गयी और वार्ड 9 में एंटी लार्वा का छिड़काव करा दिया गया। इसके अलावा उपाध्याय द्वारा वार्ड 9 में ही नयी पाइप लाइन बिछवाने के लिए भी प्रार्थना पत्र दिया गया। जिस पर श्रेत्रीय अवर अभियंता जल को स्थल का निरीक्षण कर आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। वार्ड 8 डिफेंस कॉलोनी निवासी आरिफ ने भी वार्ड 8 में पानी की नई पाइप लाइन डलवाये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इस सम्बंध में भी अवर अभियंता को स्थलीय निरीक्षण व आगणन प्रस्तुत करने को कहा गया। मल्हीपुर रोड स्थित वार्ड 2 पिंजौरा निवासी रविन्द्र कुमार ने वार्ड दो के खेलकूद मैदान को कब्जा मुक्त कराने तथा वार्ड 39 काशीराम कॉलोनी निवासी विनोद कुमार ने सड़क से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की। इस पर नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर जांच कराने के निर्देश दिए। नगरायुक्त के आदेश के अनुपालन में प्रवर्तन दल व निगम की राजस्व टीम ने पिंजौरा जाकर स्थलीय निरीक्षण कर जांच की।

# शिवम तिवारी हत्याकांड: एसएसपी से मिला प्रतिनिधिमंडल

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** इनायतनगर थाना अंतर्गत जमुआ तिवारी का पुरवा में दो महीने पहले हुए सनसनी खेज शिवम तिवारी पुत्र योगेंद्र नाथ तिवारी हत्याकांड में अभी तक गिरफ्तारी नहीं होने के कारण अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के अनेक पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता सूर्यकुंड मंदिर परिसर दर्शन नगर में इकट्ठा हुए और मृतक शिवम तिवारी के चाचा जयेंद्र नाथ तिवारी के निवेदन पर एकत्र हुए।



कार्यकर्ताओं ने इस दुखद घटना पर दुख प्रकट किया और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी न होने पर आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया। इसी क्रम में परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक राम अनुज तिवारी, राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्र , प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी , जिला अध्यक्ष सत्यदेव मिश्रा, जिला महामंत्री अम्बरीष चन्द्र पाण्डेय उपाध्यक्ष आशीष पाण्डेय, महानगर अध्यक्ष मुकेश तिवारी एवं राधा रमण त्रिपाठी प्रदेश कोषाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद पाठक ने एस एस पी अयोध्या राजकरण नैयर से मिलकर आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी की मांग की । एस एस पी अयोध्या ने परिषद के प्रतिनिधि मंडल को विश्वास दिलाया की आरोपियों की गिरफ्तारी दो दिन में की जाएगी । इस बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतीश पाण्डेय, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य जयप्रकाश तिवारी, काशीनाथ तिवारी, मंडल अध्यक्ष युवा सचिन तिवारी जिला उपाध्यक्ष राजेश चौबे, संगठन मंत्री घनश्याम मिश्र, आचार्य राकेश मिश्र, राम जी पाण्डेय, कौशलेश तिवारी , आचार्य राधेश्याम शुक्ला, अरुण पांडे, राजकुमार पाण्डेय, सोनू तिवारी , रोहित पांडेय, रूपेश तिवारी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### भाईचारा सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि 16 सितंबर को मेरठ में होने वाले राष्ट्रीय लोकदल द्वारा भाईचारा सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सहारनपुर से कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।

हकीकत नगर कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में बोलते हुए चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि आज किसान मजदूर नौजवान सभी की निगाहें राष्ट्रीय लोकदल के ऊपर टिकी हुई है। पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल जनसमस्याओं को लेकर संसद से सड़क तक लड़ाई लड़ रहा है।पार्टी सुप्रीमो जयंत चौधरी के निर्देश अनुसार मिशन 2024 की तैयारी में जुट जाओ।इस बार लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल का परचम लहराया जायेगा।

# हिंदू समाज तभी सशक्त होगा, जब हर स्तर पर सामाजिक समरसता होगी

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** हिंदू समाज तभी सशक्त होगा, जब हर स्तर पर सामाजिक समरसता होगी। यह बात गोरक्षपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी भली भांती जानते थे। मीनाक्षीपुर के धर्मांतरण की घटना को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इस दिशा में निरंतर प्रयास किया। गोरक्षपीठ जाति-पंथ-भाषा-स्थान से हमेशा से उपर रहा और गुरु गोरखनाथ की परंपरा में वैसे भी इसका कोई स्थान नहीं रहा। इस विचार को मठ से आगे प्रेषित करने का कार्य महंत अवेद्यनाथ ने एक अभियान के रूप में किया। ये बातें महंत अवेद्यनाथ की नौवीं पुण्यतिथि के



अवसर पर नाका हनुमान गढ़ी स्थित खांटू श्यान दरबार में आयोजित समरसता भोज के अवसर पर महासंघ के गोरक्षा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष प्रवीण दूबे ने कहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उपेंद्र सिंह और संचालन वरुण चौधरी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महंतश्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि श्री रामजन्मभूमि की मुक्ति के क्रम में गोरक्षपीठ और महंत अवेद्यनाथ की महती भूमिका रही है। श्री रामजन्मभूमि आंदोलन में महंत जी ने हर स्तर पर सहयोग किया और आंदोलन के अगुवा की भूमिका में आगे रहे। उनका जीवन संत परंपरा के लिए और समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने यह आदर्श प्रस्तुत किया कि संत को धर्म और समाज के लिए समर्पित होना चाहिए।

# जिला अध्यक्ष को सैंगोल सौंपकर कार्यभार सौंपा



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** लघु उद्योग भारती, सहारनपुर के अधिष्ठापन समारोह पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान मंडल अध्यक्ष अनुपम गुप्ता ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष वरुण अग्रवाल को प्रतीक के रूप में संगोल देकर जिलाध्यक्ष का कार्यभार सौंपा। दिल्ली रोड स्थित एक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान मंडल अध्यक्ष अनुपम गुप्ता ने अपने 3 वर्षों के कार्यकाल के कार्यों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर अनुपम गुप्ता ने मण्डल व इसके तीनों जिलों की कार्यकारिणी घोषित की। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष वरुण अग्रवाल द्वारा इस अवसर पर अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें राजीव चांदना को जिला महामंत्री, मुकेश शर्मा को कोषाध्यक्ष, शौरय जैन संगठन महामंत्री, दिनेश माहेश्वरी राजकमल अग्रवाल सुशील चढ़ाना अमित गर्ग अक्षय जैन एवं अजय सिंघल को संगठन के संरक्षक के रूप में, देवेंद्र कुमार बंसल चेयरमैन, संचित सागर कॉर्पोरेट महामंत्री, इंजीनियर अजय शर्मा को कन्वीनर उद्योग बंधु, मीडिया प्रभारी एवं एडिटर उद्योग पत्रिका की जिम्मेदारी दी गई। उपाध्यक्ष के रूप में राजेश जैन, राम अवतार मित्तल, नवीन गर्ग, संजय गोयल, मुकेश शर्मा, विपुल गर्ग, प्रवेश विज, अजेश शर्मा, अंकित जैन एवं सचिव के रूप में विशाल नागपाल, राजीव सैनी, मनु बंसल, मनोज गोयल, आशीष भारद्वाज, पुनीत धीर एवं करण गिरधर को जिम्मेदारी दी गई।

# नैक विषय पर आयोजित हुई संगोष्ठी

अवधनामा संवाददाता

**फरेन्दा (महराजगंज)।** स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री स्मारक पीजी. कॉलेज आनन्दनगर में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नैक विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. बलराम भट्ट, प्राचार्य डॉ. राम पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. दिग्विजय नाथ पांडेय द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया द्य कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. राम पांडेय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया गया द्य इस अवसर पर डॉ दिग्विजय नाथ पांडेय ने नैक के मूल्यांकन के सभी सात पैरामीटर्स पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया। उन्होंने कहा कि उच्च शैक्षिक संस्थानों के मानकों को मॉनीटर करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सितंबर, 1994 में इस अधिनियम की धारा 12 (गगग ) के अधीन एक स्वायत्त निकाय के रूप में राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद् (एनएएसी) की स्थापना की है। नैक मूल्यांकित संस्थाओं को और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा द्वारा शिक्षकों के लिए शोध प्रोजेक्ट एवं सेमिनार के लिए अनुदान के साथ-साथ संबंधित कॉलेज को स्वायत्तशासी संस्था का दर्जा दिया जा सकता हैं द्य नैक के लिए पहला महत्वपूर्ण कार्य डॉक्यूमेंटेशन हैं द्य उन्होंने सभी शिक्षको को अपने पर्सनल प्रोफाइल को अद्यतन करने एवं विभागीय स्तर समय सारिणी, व्याख्यानमाला एवं समय-समय पर संगोष्ठी का आयोजन करने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. बलराम भट्ट ने कहा कि नैक की तैयारी हेतु महाविद्यालय की ढांचागत सुविधाओं जैसे स्मार्ट क्लासरूम, इ-लाइब्रेरी तथा ऑनलाइन एडमिशन के तहत पेपरलेस व्यवस्था को अपनाने का प्रयास किया जा रहा है द्य सभी शिक्षक अध्यापन के साथ-साथ रिसर्च पेपर एवं किताबें लिखे, इससे उनमें रचनात्मकता के गुण विकसित होंगे द्य कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. प्रवीण कुमार मिश्र ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. किरन सिंह ने दिया द्य इस अवसर पर डॉ. तृप्ति त्रिपाठी, डॉ. अखिलेश मिश्र, राज बहादुर सिंह, डॉ. महिप पांडेय, डॉ. डी.के. चौबे, डॉ. शिव प्रताप सिंह, भागीरथी भट्ट, डॉ. सौरभ सिंह परिहार, बृजेश वर्मा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. बाल गोविन्द मौर्य, डॉ. जितेंद्र प्रसाद, फैज़ान अशरफ, चंद्र प्रकाश, दिनेश भट्ट, धर्मेंद्र सिंह, राकेश मिश्र, डॉ. वैभव मणि त्रिपाठी, डॉ. संजय पांडेय मनिन्द्र त्रिपाठी, सौरभ भट्ट,सत्यवान पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# अधिवक्ताओं ने बाइक रैली निकाल कर जताया विरोध

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** हापुड़ जनपद में अधिवक्ताओं के ऊपर हुए पुलिसिया तांडव के विरोध में मंगलवार को अधिवक्ताओं ने बाइक रैली निकाल कर विरोध जताया। सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री धर्मेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि हापुड़ में न्यायप्रिय व अहिंसावादी अधिवक्ताओं को बुरी तरह से मानवता को शर्मसार करते हुए मारपीट कर घायल व अचेत कर दिया गया। जिसकी घोर निन्दा करते हुए बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर समूचे प्रदेश में अधिवक्ताओं द्वारा विरोध कर ज्ञापन दिया जा रहा है। हापुड़ में जो अधिवक्ताओं के साथ हुई अमानवीय बर्बर व ब्रिटिश हुकुमत की याद ताजा कर देने वाली घोर निन्दनीय घटना है। जिसने पुलिस के चरित्र व चेहरे को बेनकाब कर दिया है। जिससे सम्पूर्ण भारत वर्ष का अधिवक्ता अत्यन्त ही आकोशित हो आन्दोलन हेतु बाध्य हो रहा है, यदि हापुड़ पुलिस प्रशासन व आतातायी पुलिस कर्मियों को तत्काल दण्डित नही किया गया तो यह प्रदेश भीषण टकराव की चपेट में आ सकता है। अब अधिवक्ता संयम, धैर्य खोने की अवस्था में आ चुका है। स्वतन्त्र व लोकतंत्र में यह उदण्डता क्रूरता व लोक विरोधी गतिविधियों को स्वीकार नही किया जा सकता। इस दौरान धनंजय पटेल, अमित प्रताप सिंह, रामरक्षा भारती, यशवनी कुमार पांडेय, अखिलेश कुमार प्रजापति, गिरिजेश कुमार मिश्र, चंद्र भान शुक्ल, हनुमान प्रसाद चौरसिया, महेंद्र प्रताप गौतम, अरविंद निषाद सहित काफी संख्या में अधिवक्तता मौजूद थे।

## 'युद्ध' पर छद्म कूटनीति

जी-20 शिखर सम्मेलन के 'नई दिल्ली घोषणा पत्र' में, युद्ध के संदर्भ में, सिर्फ यूक्रेन का ही उल्लेख क्यों किया गया? युद्ध एकतरफा नहीं हुआ करते। उनकी विभीषिकाएं और प्रभाव भी चौतरफा होते हैं। यूक्रेन पर रूस ने आक्रमण किया था, यह वैश्विक तथ्य है, लेकिन आज यूक्रेन भी, पश्चिमी और यूरोपीय देशों की सैन्य मदद पाकर, मास्को तथा अन्य बड़े शहरों पर ड्रोन हमले कर रहा है। रूस के भी अभी तक 2.5 लाख से अधिक सैनिक मारे जा चुके हैं। तोपखाने, जहाज, बख्तरबंद वाहन और शस्त्रागार आदि कितने ध्वस्त हुए हैं, उनकी संख्या भी हजारों में है। यूक्रेन का अधिकांश क्षेत्र तो खंडहर बन चुका है। यूक्रेन अमरीका और नाटो देशों की 'कठपुतली' बना है और 'बलि का बकरा' बनना उसकी नियति है। युद्ध से मिट्टी-मलबा हुए शहर, गांव और इलाकों के पुनर्निर्माण कब तक होंगे, ऐसा कोई आकलन सामने नहीं आया है। युद्ध ने गेहूं, खाद्य तेल, उर्वरक, गैस आदि की, दुनिया की, प्रमुख सप्लाई चेन को तोड़ कर रख दिया है। रूस और यूक्रेन इन वस्तुओं के प्रमुख निर्यातक देश रहे हैं। नतीजतन वैश्विक संकट हमारे सामने है। यदि जी-20 शिखर सम्मेलन, युद्ध की भयावहता को लेकर, चिंतित होता, तो उसका सम्यक उल्लेख किया जाना चाहिए था।

रूस और चीन मंथन और विमर्श के दौरान अपनी असहमतियां जता सकते थे। इंडोनेशिया के बाली शिखर सम्मेलन ने युद्ध के लिए रूस की निंदा की थी। उसके घोषणा-पत्र की भाषा अपेक्षाकृत तीखी थी, लिहाजा बड़ी ताकतों का विभाजन अधिक गहरा और तीक्ष्ण हो गया था। रूस भारत का पुराना और आजमाया हुआ 'दोस्त' है, लिहाजा घोषणा-पत्र में जिक्र के कारण ही संबंध खटास में नहीं डाले जा सकते थे, नतीजतन भारत ने आर्थिक और स्थिर विकास पर फोकस रखते हुए संतुलन साधने का प्रयास किया। बेशक जी-20 अर्थव्यवस्था और विकास का ही सबसे बड़ा मंच है, लेकिन दिल्ली घोषणा-पत्र में जो किया गया, वह बहुत बड़ा झूठ और छद्म कूटनीति का उदाहरण है। रूस-यूक्रेन युद्ध आज भी जारी है। भारत अपने मित्र रूस को युद्ध समाप्त करने को सहमत नहीं कर सका है। नई दिल्ली जी-20 में रूस-चीन के प्रतिनिधियों ने ऐसे घोषणा-पत्र से साफ इंकार कर दिया था, जिसमें युद्ध के लिए रूस की निंदा, भर्त्सना की जाती। अंततः दिल्ली को ऐसी भाषा बुननी पड़ी, जो मास्को और बीजिंग को स्वीकार्य थी। हालांकि इसका उल्लेख भी किया गया कि क्षेत्रीय संप्रभुता और अखंडता का सम्मान किया जाए और उस पर किसी भी तरह का बल-प्रयोग न किया जाए। युद्ध के संदर्भ में जी-20 में सहमति और एकता दिखाई दी, लेकिन यह एकता तात्कालिक लगती है। सवाल यह भी है कि बाली घोषणा-पत्र की भाषा को नरम किए जाने पर पश्चिमी देश कैसे सहमत हो गए। वे तो रूस-चीन के प्रति काफी आक्रामक रहते आए हैं। दरअसल वे महसूस करने लगे थे कि ग्लोबल साउथ के देशों में यूक्रेन के मुद्दे पर वे विमर्श की ताकत खो रहे हैं। हालांकि यूक्रेन पर रूस के हमले को लेकर अधिकतर विकासशील देशों ने पश्चिम के साथ ही वोट किए थे, संयुक्त राष्ट्र आम सभा में भी प्रचंड बहुमत रूस के खिलाफ था, लेकिन ग्लोबल साउथ के देश रूस पर चौतरफा पाबंदियां थोपने के निर्णयों के प्रति संकोची या विरोधी रहे हैं। उन्होंने युद्ध के नागरिक समाजों पर व्यापक प्रभावों पर फोकस रखने की पैरवी की है। इससे पहले कोरोना वैश्विक महामारी ने मानवीय समाजों को लगभग चकनाचूर कर दिया था। जी-20 में यूक्रेन को आर-पार का मुद्दा बनाने की बजाय पश्चिमी देशों ने नई दिल्ली और उभरती ताकतों के साथ काम करना चुना, ताकि ग्लोबल साउथ की चिंताओं और उसके सरोकारों पर ध्यान दिया जा सके। अमरीका की प्रत्यक्ष सोच यह थी कि रूस की तुलना में चीन पश्चिम के लिए ज्यादा खतरनाक है, लिहाजा उसने भारत और विकासशील तथा ग्लोबल साउथ के ज्यादा करीब आना तय किया, ताकि चीन का सीधा मुकाबला किया जा सके। यह भारत के कूटनीतिक वर्ग की कामयाबी है कि जी-20 के मंच पर यूक्रेन को लेकर भी विमर्श हुआ और उसे घोषणा-पत्र में स्थान दिया गया। बहरहाल जी-20 का आयोजन भारत की ख्याति और शक्ति में बहुत कुछ जोड़ गया।

## ऋषि सुनक की हिंदुत्व छवि की खूब चर्चा


श्रेय शुक्ला

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक अपनी साफ छवि और सीधी बात के लिए जाने जाते हैं...सुनक भारतीय मूल के हैं और भारतीय मूल के ऐसे पहले नेता हैं वो ब्रिटेन के शीर्ष पद तक पहुंचे हैं। ऋषि जी 20 सम्मलेन में आये सुनक से जब हिंदू धर्म पर एक सवाल पूछा गया तो उन्होंने काफी उत्साहित होकर कहा कि आई एम प्राऊड हिंदू। सुनक की इस हिंदुत्व वाली छवि कि खूब चर्चा हो रही है। जहां एक तरफ देश में हिंदुत्व को लेकर बहस छिड़ी हुई है वहीं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हिंदू धर्म को लेकर आस्था दिखाई है। ऋषि सुनक ने अपनी पत्नी के साथ दिल्ली के अक्षर धाम मंदिर गए और पूजा अर्चना की। ऋषि सुनक के बारे में ऐसी कई बातें हैं जो उन्हें सम्पूर्ण भारतीय होने का एहसास कराती ये कभी नहीं सोचा गया था कि जिस ब्रिटिश सरकार ने भारतीय उपमहादीप पर वर्षों शासन किया उसी देश पर एक भारतीय मूल का इन्सान सत्ता सम्हालेगा। ऋषि सुनक ने वो कर दिखाया जो पहले कभी नहीं हुआ। 42 साल के ऋषि सुनक 25 अक्टूबर 2022 को ब्रिटिश सरकार के प्रमुख बने थे। यॉर्कशर के रिचमंड से सांसद ऋषि सुनक 2015 में पहली बार ब्रिटेन की संसद पहुंचे थे।उस समय ब्रिजेक्त का समर्थन करने के चलते पार्टी में उनका कद लगातार बढ़ता चला गया। ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति भारत के बड़े कारोबारी नारायण मूर्ति की बेटी हैं और उनका इन्फोसिस में शेयर है। ऋषि सुनक का जन्म एक अफ्रीकन पंजाबी हिंदू परिवार में इंग्लैंड के साउथैम्प्टन नामक शहर में हुआ था। सुनक के माता पिता भारतीय मूल के थे, जो पूर्वी अफ्रीका में रहते थे। बाद में इनके माता-पिता पूर्वी अफ्रीका से इंग्लैंड आए थे। ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक हमेशा से धर्म से अपने लगाव के बारे में खुल कर बात करते आएं हैं उन्हें हमेशा से भारतीय परम्पराओं और अपने धर्म को लेकर गर्व महसूस हुआ है। जी-20 समिट में हिस्सा लेने आए सुनक ने एक न्यूज़ एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कहा कि मुझे हिंदू होने पर गर्व है। ऋषि सुनक ने अपना हाथ दिखाते हुए कहा कि दिखाया कि हाल ही में मैंने और मेरे बहन-भाईयों ने रक्षाबंधन मनाया। अभी भी मेरे पास सारी राखियां मौजूद हैं। इस बाद भारत दौरे पर ऋषि सुनक ने पत्नी के साथ दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर में की पूजा की। ऋषि सुनक ने नंगे पाँव मंदिर की परिक्रमा की और। पत्नी के साथ 45 मिनट तक मंदिर में रहे। इसके साथ ही मुख्य मंदिर के पीछे स्थित एक और मंदिर में जलाभिषेक किया। सुनक खुद को हिन्दू बताने में गर्व महसूस करते हैं वो भगवान् शिव के उपासक हैं। हाल ही में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ब्रिटेन की कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में आयोजित मोरारी बापू के राम कथा में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वो इस कथा में प्रधानमंत्री के रूप में नहीं बल्कि एक हिंदू होने के नाते आए हैं।कथा के दौरान उन्होंने 'जय सिया राम' का नारा लगाया था।.ऋषि सुनक ने कहा था , 'मेरे लिए आस्था बहुत ही पर्सनल चीज है। जीवन के हर मोड़ पर यह मुझे रास्ता दिखाता है....ऋषि सुनक ने मोरारी बापू के कार्यक्रम में कहा था कि जिस तरह बापू के आसन के पीछे हनुमान जी की मूर्ति लगी हुई है। उसी तरह 10 डाउनिंग स्ट्रीट में मेरे ऑफिस की टेबल पर गणेश जी की मूर्ति रखी रहती है। सुनक के आधिकारिक कार में भी भगवान् शिव की मूर्ती रखी हुई है। एक कार्यक्रम के दौरान सुनक ने कहा था कि जब वो ब्रिटिश चांसलर थे तब उन्होंने आधिकारिक आवास डाउनिंग स्ट्रीट पर दिवाली के दिन पहली बार दिया जलाया था। एक ब्रिटिश पीएम के जिन्दगी की ये वो बातें हैं वो बताती हैं कि आप कहीं भी रहे। किसी भी देश और परिवेश में रहें। धर्म नितांत निजी मामला है। इसको सियासत से दूर रखना चाहिये।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**


भारत ने अगले जी-20 शिखर सम्मेलन की कमान ब्राजील के राष्ट्रपति को सौंप दी है, लेकिन अभी उसके पास नवंबर तक इस संगठन की अध्यक्षता है। नई दिल्ली घोषणा पत्र में जिन विषयों एवं मुद्दों पर सहमति बनी, अब उन पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। क्योंकि आम तौर पर विभिन्न वैश्विक मंचों पर जिन मुद्दों पर सहमति बन जाती है, उन पर अमल नहीं हो पाता। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचने के उपायों पर आम राय तो बनी, लेकिन उन पर अपेक्षित ढंग से अमल नहीं हो पा रहा है।

# जी-20 शिखर सम्मेलन की ऐतिहासिक उपलब्धियां


ललित गर्ग

भारत के इतिहास का यह पहला अवसर है जब उसने समूची दुनिया की महाशक्तियों को एकसाथ एक मंच पर एकत्र कर अपनी उभरती राजनीतिक छवि की धाक एवं धमक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उजागर की है। निश्चित ही हर भारतीय के लिये यह देखना दिलचस्प ही नहीं सुखद बना कि चुनौती बना जी-20 का यह दो दिवसीय शिखर सम्मेलन एक उपलब्धि एवं नये भारत के अभ्युदय में तब्दील हो गया। पहले ही दिन जिस तरह सभी सदस्य देशों के बीच सहमति बनाने और साझा घोषणा पत्र जारी करने में सक्षम हुआ, वह उसके राजनीतिक परिपक्वता एवं कूटनीतिक कौशल का कमाल ही है। साझा घोषणा पत्र पर सहमति कायम होना इसलिए भारतीय नेतृत्व की एक बड़ी जीत है, क्योंकि इसकी आशंका थी कि यूक्रेन युद्ध के कारण साझा घोषणा पत्र तैयार होना कठिन होगा। निःसंदेह महत्वपूर्ण केवल यह नहीं है कि भारत साझा घोषणा पत्र जारी कराने में सफल हुआ, बल्कि यह भी है कि इसके माध्यम से वह बड़े देशों को यह संदेश देने में सक्षम हुआ कि टिकाऊ, संतुलित एवं समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ना समय की मांग है। विश्व स्तर पर उभरती प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की साख का ही यह परिणाम है। यह शिखर सम्मेलन भारत की विश्व प्रतिष्ठा का एक दुर्लभ अवसर बनकर प्रस्तुत हुआ है। एक अविस्मरणीय, ऐतिहासिक, सफल एवं सार्थक आयोजन के रूप में भारत को समूची दुनिया सुदीर्घ काल तक याद करेंगी एवं भविष्य में ऐसे आयोजनों के लिये भारत का चयन करते हुए एवं जिम्मेदारी देते हुए कोई हिचक नहीं होगी। निश्चित ही इस सम्मेलन की अनेक शिखर उपलब्धियां एवं अमिट आलेख सृजित हुए है, यूं लगता है मोदी विश्व-दर्शन एवं विश्व एकता के पुरोधा बनकर प्रस्तुत हुए, उनका अथ से इति तक का पूरा जी-20 अध्यक्षीय सफर पुरुषार्थ की प्रेरणा बना। विश्व के नव-निर्माण का संकल्प बना।

जी-20 के शिखर सम्मेलन की अनेकानेक स्वर्णिम उपलब्धियों में एक बड़ी उपलब्धि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी भी पेश होना है। प्रधानमंत्री ने यह दावेदारी प्रस्तुत करते हुए कहा कि उसके स्थायी सदस्यों की संख्या वही है, जो इस संस्था के गठन के समय थी। संयुक्त राष्ट्र का गठन 51 देशों के साथ हुआ था। आज उसके सदस्यों की संख्या दो सौ के करीब पहुंच गई है, लेकिन सुरक्षा परिषद में वही के वही पांच सदस्य हैं। भारत की एक और उपलब्धि 55 देशों के संगठन अफ्रीकी संघ को जी-20 की सदस्यता दिलाकर इसे जी-21 में बदल देना भी भावी विकास और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की दृष्टि से महत्वपूर्ण बना। अफ्रीकी संघ के सदस्य बनने से जी-20 में दक्षिणी देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। अभी तक वहां जी-7 देशों, यूरोपीय संघ के 25 देशों, रूस, चीन और तुर्किए को मिलाकर उत्तर का पलड़ा भारी था। अफ्रीकी देशों की सदस्यता के बाद दक्षिणी देशों की संख्या बढ़ जाएगी। वैसे



चीन और रूस दोनों अफ्रीकी देशों को सदस्यता दिलाने का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं। चीन ने पिछले दो-तीन दशकों से अफ्रीकी देशों में भारी निवेश किया है और रूस भी निवेश के साथ-साथ राजनीतिक उठापटक कराने में लगा रहता है, पर चीनी निवेश से अफ्रीकी देशों में कर्ज संकट पैदा हुआ है और रूस के भाड़े के सैनिक अफ्रीकी देशों में विद्रोह करा रहे हैं। भारत के अफ्रीका से हजारों साल पुराने व्यापारिक और सामाजिक रिश्ते हैं। भारत का स्वाधीनता आंदोलन अफ्रीकी देशों के स्वाधीनता आंदोलनों का प्रेरणास्रोत बना। गुटनिरपेक्ष आंदोलन का नेतृत्व करते हुए भारत हमेशा दक्षिणी देशों की आवाज बुलंद करता आया है। इसलिए अफ्रीकी संघ को उत्तर और दक्षिण के साझा मंच जी-20 की सदस्यता दिलाने से भारत को स्वाभाविक रूप से दक्षिण की आवाज बनने में मदद मिलेगी। इस कदम से भारत की अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति मजबूत होगी एवं दक्षिणी देशों में भारत के संबंध अधिक प्रगाढ़ हो सकेंगे। हालांकि भारत ने अगले जी-20 शिखर सम्मेलन की कमान ब्राजील के राष्ट्रपति को सौंप दी है, लेकिन अभी उसके पास नवंबर तक इस संगठन की अध्यक्षता है। नई दिल्ली घोषणा पत्र में जिन विषयों एवं मुद्दों पर सहमति बनी, अब उन पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। क्योंकि आम तौर पर विभिन्न वैश्विक मंचों पर जिन मुद्दों पर सहमति बन जाती है, उन पर अमल नहीं हो पाता। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचने के उपायों पर आम राय तो बनी, लेकिन उन पर अपेक्षित ढंग से अमल नहीं हो पा रहा है। यह भी किसी से छिपा नहीं कि संयुक्त राष्ट्र में जिन विषयों पर सहमति कायम हो जाती है, उन पर भी काम नहीं हो पाता। शायद इसी कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में सुधार की मांग पर एक बार फिर बल दिया। इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व नेता के रूप में विश्व चुनौतियों एवं समस्याओं को न केवल प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया बल्कि उनके समाधान के रास्ते भी बताये। भारत ने विषम परिस्थितियों में जी-20 के सदस्य देशों के बीच सहमति कायम करने का कठिन माना जाने वाला काम कर दिखाया, इसलिए विश्व में उसकी प्रतिष्ठा भी बढ़ी और दुनिया को यह संदेश भी गया कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मामलों में उसका सहयोग लेना आवश्यक हो गया है। भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन में जैसा कूटनीतिक कौशल दिखाया और विश्व पर अपनी जैसी छाप छोड़ी, उससे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता का उसका दावा और मजबूत हो गया है। इस दावे की मजबूती का एक आधार यह भी है कि भारत ने यह प्रदर्शित किया कि वह वसुधैव कुटुंबकम् की अपनी अवधारणा के तहत वास्तव में विश्व कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। रूस-यूक्रेन युद्ध एवं चीन की बढ़ती विस्तारवादी सोच के कारण बदलते वैश्विक समीकरण ने यह सवाल खड़ा कर दिया था कि इस अहम अंतरराष्ट्रीय मंच की प्रासंगिकता आगे उस रूप में बनी रह पाएगी या नहीं, जैसी अब तक रही है। ये सवाल तब और गहरे हो गए, जब पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और फिर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने साफ कर दिया कि वे इस शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की दूरगामी सोच, कूटनीति एवं कौशल के कारण न केवल जी-20 की प्रासंगिकता बढ़ी है बल्कि दुनिया को एक परिवार के रूप में आकार देने के संकल्प को बल मिला है। भारत अंतरराष्ट्रीय हितों का संरक्षक बनने के साथ विश्व को दिशा देने में भी समर्थ हो रहा है। इसका परिचय प्रधानमंत्री मोदी की ओर से स्वच्छ ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन बनाने की घोषणा से मिला। इसके पहले भारत अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की शुरुआत कर चुका है। उसने वैश्विक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और एक बेहतर दुनिया के निर्माण के लिए एक-दूसरे पर भरोसा करने और मिलकर काम करने की महत्ता को प्रभावी ढंग से रेखांकित किया। विरोधी विचारधाराओं को एक मंच पर लाना एवं उनमें सहमति बनाना इस सम्मेलन की खास बात रही है। भारत ने असंभव को संभव कर दिखाया, खेमों में बंटी दुनिया को एक कुटुंब के रूप में जोड़ने में वह सफल रहा। इस मतलबी दुनिया में किसे इतनी फुर्सत है कि वह अपनी तुला पर किसी को तुलने दे?

# जी-20 सम्मेलन से विश्व बिरादरी में बढ़ी भारत की प्रतिष्ठा


राजेश माहेश्वरी

इसमें कोई दो राय नहीं है कि तमाम तरह की आशंकाओं को दरकिनार करते हुए जी-20 सम्मेलन भव्यता और गर्वितभाव से संपन्न हुआ। इस पूरे आयोजन का श्रेय मोदी सरकार और देष की जनता को जाता है। टीम मोदी ने जिस बेहतर तरीके से इस बड़े आयोजन को पूर्णता तक पहुंचाया उसकी जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। सफल सम्मेलन के बाद विश्व बिरादरी में भारत की प्रबंधन क्षमता के साथ ही कूटनीतिक कौशल की जय-जयकार हो रही है।

पिछले साल जी-20 की मेजबानी मिलने के बाद से ही भारत सरकार इसकी तैयारियों में जुट गई थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक इसकी तैयारी को लेकर देश के 50 से अधिक शहरों में करीब 200 बैठकों का आयोजन किया गया। जी-20 विश्व के 20 सबसे ताकतवर देशों का एक समूह है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक, कूटनीतिक और पर्यावरण के मुद्दों पर विचार-विमर्श करता है। साथ ही इसका हल निकालने की कोशिश करता है। वास्तव में इस आयोजन की तैयारी इस तरीके से की गई थी कि विदेशी मेहमानों को भारत की विरासत और सांस्कृतिक खूबसूरती का सहज अनुभव हो सके। भारत की आंचलिक विविधता के साथ ही सांस्कृतिक विरासत को जिस प्रभावशाली ढंग से विदेशी मेहमानों के समक्ष पेश किया गया उससे इस सम्मेलन की खूबसूरती और बढ़ गई। राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि के समक्ष 20 राष्ट्रप्रमुखों का एक साथ श्रद्धावनत खड़े होने का दृश्य भारतीय चिंतन के प्रति वैश्विक स्वीकृति का प्रमाण कहा जा सकता है। विकसित और विकासशील देशों के प्रतिनिधियों के अलावा अनेक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संगठनों के जो प्रमुख इस सम्मेलन के दौरान दिल्ली में उपस्थित रहे वे सब भी बदले हुए भारत को देखकर अभिभूत हो उठे। भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अपने कूटनीतिक कौशल का जैसा परिचय दिया है, वैसा इसके पहले शायद ही इस समूह की अध्यक्षता करने वाले किसी देश ने दिया हो। जी-20 समिट भारत के लिहाज से काफी कामयाबी वाला रहा। जहां एक ओर भारत ने अफ्रीकी देशों के संगठन को जी-20 देशों के समूह में शामिल करा लिया। वहीं सर्वसम्मति से नई दिल्ली घोषणापत्र पारित करा दिया। यही नहीं, घोषणापत्र में रूस यूक्रेन की जंग को लेकर रूस को कटघरे में न खड़ा करना, यह भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक उपलब्धियों वाला रहा। भारत के इस कदम से रूस भी हैरान हो गया। रूसी विदेश मंत्री ने भी भारत के इस कदम की सराहना की। यहां तक कि इस मामले में चीन ने भी जी-20 को सराहा और सफल आयोजन पर चीनी सरकार के मुखपत्र 'ग्लोबल टाइम्स' ने तारीफ की। भारत ने न केवल सतत एवं समावेशी विकास को प्राथमिकता दी बल्कि लैंगिक समानता जैसे विषयों को भी महत्व दिया। इसके साथ ही उसने इस पर

**यह सम्मेलन भारत के आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक हितों की दृष्टि से बेहद उपयोगी साबित हुआ। विशेष रूप से मध्य पूर्व से होते हुए यूरोप तथा अमेरिका तक के जिस कारीडोर के प्रस्ताव को इस सम्मेलन में अंतिम रूप दिया गया वह प्रधानमंत्री की बड़ी सफलता है क्योंकि इसके कारण चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग के वन बेल्ट वन रोड नामक प्रकल्प की बची खुची हवा भी निकल गई।**



भी बल दिया कि डिजिटल क्रांति का लाभ विश्व के निर्धन-वंचित लोगों को भी मिलना चाहिए। मोदी सरकार ने देश के अनेक हिस्सों में जी-20 के विभिन्न समूहों की बैठकें आयोजित कर विश्व को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविधता से परिचित कराया।

यह सम्मेलन भारत के आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक हितों की दृष्टि से बेहद उपयोगी साबित हुआ। विशेष रूप से मध्य पूर्व से होते हुए यूरोप तथा अमेरिका तक के जिस कारीडोर के प्रस्ताव को इस सम्मेलन में अंतिम रूप दिया गया वह प्रधानमंत्री श्री मोदी की बड़ी सफलता है क्योंकि इसके कारण चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग के वन बेल्ट वन रोड नामक प्रकल्प की बची खुची हवा भी निकल गई। जिस तरह से इस परियोजना से एक के बाद एक देश हाथ खींचते जा रहे हैं उससे जिनपिंग की चमक और धमक दोनों में कमी आई है। यहां तक कि उसके पिट्ठू पाकिस्तान तक में उसका विरोध होने लगा। अनेक देशों ने वन बेल्ट वन रोड से अपने हाथ खींचकर प्राचीन सिल्क रूट को पुनर्जीवित करने की चीन की योजना को पलीता लगा दिया है।

इसी तरह अफ्रीका यूनियन को जी-20 का सदस्य बनवाने में भी प्रधानमंत्री ने उल्लेखनीय भूमिका का निर्वहन किया। अफ्रीकी संघ को जी-20 में शामिल किए जाने के बाद जब प्रधानमंत्री मोदी ने अफ्रीकी यूनियन के अध्यक्ष अजाली औसमानी को गले लगाया तो उन्होंने कहा कि यह उनके लिए भावनात्मक पल था। अजाली औसमानी ने कहा कि मैं रोने वाला था। यह मुझे बहुत भावुक करने वाला था। क्योंकि वास्तव में, हमने सोचा था कि इस पर बहस होगी और फिर कोई निर्णय लिया जाएगा, लेकिन शिखर सम्मेलन की शुरुआत में ही यह घोषणा की गई कि हम इसके एक सदस्य हैं। इस सम्मेलन की सबसे खास बात ये रही कि भले ही रूस के राष्ट्रपति पुतिन और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग नई दिल्ली नहीं आए किंतु साझा घोषणापत्र पर जिस तरह सर्वसम्मति बनी वह भारतीय कूटनीति का ही कमाल कहा जायेगा। इसी तरह यूक्रेन के मामले में भी जिस तरह का संयमित रवैया प्रदर्शित किया गया वह सम्मेलन में शामिल सदस्यों की परिपक्वता का प्रमाण बन गया। भारत की अध्यक्षता में जी-20 शिखर सम्मेलन अपने मूल एजेंडा और परिणामों के मामले में इतिहास का सबसे महत्वाकांक्षी व सफल सम्मेलन साबित हुआ है। इसमें कुल 112 परिणाम दस्तावेज व अध्यक्षीय दस्तावेज तैयार किए गए। पिछले सम्मेलन से तुलना करें, तो यह दोगुने से भी ज्यादा है। इसी वजह से इसे अब तक का सबसे सफल सम्मेलन माना जा रहा है। इनमें 73 परिणाम दस्तावेज यानी आउटकम डॉक्यूमेंट्स हैं, जो सदस्य देशों के मंत्रियों की ओर से बीते महीनों में देश के विभिन्न शहरों में हुई बैठकों में बनी सहमति पर तैयार हुए हैं। इन्हें लाइन ऑफ एफर्ट दस्तावेज भी कहते हैं। वहीं, 39 संलग्न दस्तावेज हैं, जिन्हें कार्य समूह के दस्तावेजों से अलग अध्यक्षीय दस्तावेज कहा जाता है। जी- 20 दिल्ली घोषणा पत्र के जरिये भारत ने दुनिया के लिए संयुक्त सुनहरा भविष्य बुन दिया है। भारत ने अपनी बात पर खरा उतरकर दिखाया। 16 नवंबर, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन के समापन के दौरान हैंडओवर कार्यक्रम में बताया था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के लिए उनका मंत्र या दृष्टिकोण क्या है, और क्या होगा दू समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्योन्मुखी- ये चार शब्द थे। आज, 10 महीने बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत ने साबित कर दिखाया कि दुनिया के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भारतीय वह हासिल कर सकते हैं, जो उन्होंने तय किया है। जी-20 को लेकर भारत के लिए जताई गई तमाम आशंकाएं और अविश्वास न सिर्फ गलत साबित हो गए हैं, बल्कि ऐसा कहने वालों को करारा जवाब भी मिला है। सम्मेलन में शामिल हुए राष्ट्र प्रमुखों द्वारा आयोजन की प्रशंसा किया जाना तो स्वाभाविक है किंतु दुनिया भर के समाचार माध्यमों, कूटनीतिक विश्लेषकों और वित्तीय संस्थानों ने सम्मेलन की सफलता के लिए जिस तरह से भारत और श्री मोदी की तारीफ की वह बेहद उत्साहवर्धक है।

# संसद के विशेष सत्र को लेकर कयासों का दौर


रोहित माहेश्वरी

केंद्र सरकार ने पांच दिनों के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया है, जो 18 सितंबर से 22 सितंबर तक चलेगा। हालांकि संसद के इस विषेष सत्र का एजेंडा क्या होगा? इस बारे में सरकार ने आधिकारिक तौर पर अभी कुछ नहीं बताया है। अब ये मुद्दा सत्ता पक्ष और विपक्ष खासकर कांग्रेस के बीच विवाद का विषय बन गया है। विशेष सत्र को लेकर लोग अलग-अलग अनुमान लगाए जा रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में कोई यह कह रहा है कि सरकार 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से जुड़ा बिल ला सकती है। कोई 'इंडिया' शब्द हटाने की बात कर रहा है, कहीं महिला आरक्षण विधेयक की चर्चा गर्म है, कहीं चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर बदलाव पर मुहर लगाने की बात हो रही है तो कहीं गणेश चतुर्थी के मौके पर नए संसद भवन में शिफ्ट होने की बात हो रही है। लेकिन ये सब अनुमान है। असल में क्या होने वाला है इसकी जानकारी अभी बाहर नहीं आई है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि 11 अगस्त को संसद का मानसून सत्र खत्म हुआ है और शीतकालीन सत्र आने वाला है। ऐसे में विशेष सत्र बुलाने के पीछे सरकार की क्या मंशा है? और सरकार सत्र का एजेंडा क्यों नहीं बता रही है? राष्ट्रपति के कार्यालय और प्रवक्ता का कहना है कि संसद का सत्र 18-22 सितंबर को बुलाया गया है, लेकिन संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी समेत कई मंत्री और पार्टी प्रवक्ता इसे 'विशेष सत्र' करार दे रहे हैं। यह राष्ट्रपति के कथन और निर्णय में 'अतिक्रमण' है और महामहिम तथा केंद्र सरकार के बीच विरोधाभास भी है। हमने यह स्थिति पहली बार देखी और महसूस की है। विपक्ष में सोनिया गांधी और 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं का भी मानना है कि सरकार ने संसद के 'विशेष सत्र' का निर्णय मनमुताबिक लिया है। विपक्ष को विश्वास में नहीं लिया गया। दरअसल भारत सरकार के परामर्श पर ही राष्ट्रपति ने संसद सत्र आहूत किया है।

बहरहाल इस असमंजस से बाहर निकलते हुए हम मानते हैं कि पांच दिन का संसद सत्र बुलाया गया है। यदि यह 'विशेष सत्र' है, तो कमोबेश मोदी सरकार को स्पष्ट करना चाहिए था कि किस 'विशेषता' के तहत यह सत्र बुलाया गया है, जबकि मानसून सत्र 11 अगस्त को ही 'अनिश्चितकाल के लिए स्थगित' किया गया था। संसद का शीतकालीन सत्र भी नवम्बर के अंत अथवा दिसंबर के शुरू में बुलाया जाता है। उस दौरान कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, लिहाजा राजनीतिक दलों के केंद्रीय नेता भी चुनाव-प्रचार में व्यस्त होंगे। क्या इसी के मद्देनजर यह 'विशेष सत्र' बुलाया गया है? क्या शीतकालीन सत्र नहीं होगा? इन सवालों के संदर्भ में कहा जा सकता है कि संपूर्ण सत्र की तुलना में पांच दिवसीय सत्र पर्याप्त नहीं होता, क्योंकि विधायी कार्य लटके रहेंगे! चूंकि प्रस्तावित सत्र में 'शून्यकाल' और 'प्रश्नकाल' सरीखी संवैधानिक

**यदि सरकार `चंद्रयान-3', `आदित्य एल-1' और `जी-20 शिखर सम्मेलन' सरीखी अमृत-काल की उपलब्धियों पर संसद का `शाबाश प्रस्ताव' पारित कराना चाहती है, तो इस कार्य-सूची को सार्वजनिक करने में परेशानी क्या है? कौन-सी गोपनीयता भंग हो सकती है? दरअसल मोदी सरकार की यह प्रवृत्ति बन गई है कि वह अत्यंत सामान्य फैसले को भी सनसनीखेज बना कर पेश करती है।**



व्यवस्थाओं को अनुपस्थित रखा गया है, लिहाजा सवाल उठता है कि क्या सत्र वाकई 'विशेष' है? यदि ऐसा है, तो उसका विशेष एजेंडा सार्वजनिक करने में दिक्कत क्या है? यह भी परंपरा रही है कि कोई विधेयक पेश करने से पहले कमोबेश विपक्ष के सदनीय नेताओं को मसविदा जरूर मुहैया कराया जाता रहा है, ताकि उसका समुचित अध्ययन वे कर सकें और संसद में अपने संशोधन पेश कर सकें। 'विशेष सत्र' का एजेंडा गोपनीय अथवा सनसनीखेज बनाने के लाभ क्या हैं? उससे सरकार की कौन-सी खुफियागीरी खंडित होगी? यदि 'विशेष सत्र' में 'एक देश, एक चुनाव' या 'महिला आरक्षण बिल' अथवा 'भारत नामकरण' सरीखे प्रस्ताव पेश किए जाने हैं, तो इनमें 'विशेष जल्दबाजी' की जरूरत क्या थी कि संसद सत्र आनन-फानन में बुलाना पड़ा?

यदि सरकार 'चंद्रयान-3', 'आदित्य एल-1' और 'जी-20 शिखर सम्मेलन' सरीखी अमृत-काल की उपलब्धियों पर संसद का 'शाबाश प्रस्ताव' पारित कराना चाहती है, तो इस कार्य-सूची को सार्वजनिक करने में परेशानी क्या है? कौन-सी गोपनीयता भंग हो सकती है? दरअसल मोदी सरकार की यह प्रवृत्ति बन गई है कि वह अत्यंत सामान्य फैसले को भी सनसनीखेज बना कर पेश करती है। प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' वही जानते हैं, इस पर सरकार और भाजपा बड़ा 'महान' महसूस करती है। लोकतंत्र ऐसे नहीं चला करते। लोकतंत्र में सभी की भागीदारी और सोच बेहद जरूरी है।

मौजूदा संदर्भ में लगता है कि संसदीय कार्य मंत्री को भी जानकारी नहीं है कि 'विशेष सत्र' क्यों बुलाया गया है, लिहाजा वह टालू से जवाब दे रहे हैं। शायद प्रधानमंत्री मोदी चाहते हैं कि 'जी-20 शिखर सम्मेलन' के समापन के बाद ही कुछ घोषणा की जाए! हालांकि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने लिखा, ÷बिना किसी बातचीत के मनमाने ढंग से संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है. विशेष सत्र से पहले पार्टियों से बात कर एक कार्य सूची तैयार की जाती है, लेकिन इसकी जानकारी हमारे पास नहीं है।÷ सोनिया गांधी ने अपने पत्र में 9 मुद्दों का भी जिक्र किया है और मांग की है कि विशेष सत्र के दौरान इन पर चर्चा हो, जिनमें महंगाई, बेरोजगारी, सीमा पर चीन का अतिक्रमण और अदानी मामले में जेपीसी की मांग जैसी बातें की गई हैं। ये ऐसे बिंदु हैं, जिन पर मानसून सत्र के दौरान बहस हो सकती थी, लेकिन विपक्ष और सरकार अपने-अपने नियमों पर अड़े रहे और सत्र लगभग धुल गया। चूंकि मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया था, लेकिन फिर भी महंगाई, बेरोजगारी, किसानी, मणिपुर और सांप्रदायिक हिंसा पर कोई ठोस बहस सामने नहीं आई। सरकार का कहना है कि विशेष संसद सत्र बुलाने से पहले पार्टियों से परामर्श करना जरूरी नहीं है। संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर इस मामले में राजनीति करने का आरोप लगाया है। संवैधानिक नियमों के मुताबिक भी संसद का सत्र बुलाने की शक्ति सरकार के पास होती है। यह निर्णय संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा लिया जाता है, और राष्ट्रपति द्वारा औपचारिक रूप दिया जाता है। राष्ट्रपति के नाम पर सांसदों को एक सत्र के लिए बुलाया जाता है। तो यह स्पष्ट है कि सत्ताधारी पार्टी को किसी दूसरी पार्टी से परामर्श लेना आवश्यक नहीं है। भारत में कोई निश्चित संसदीय कैलेंडर नहीं है। परंपरा के अनुसार, संसद की बैठक एक वर्ष में तीन सत्रों के लिए होती है। सबसे लंबा, बजट सत्र, जनवरी के अंत में शुरू होता है, और अप्रैल के अंत या मई के पहले सप्ताह तक समाप्त होता है। सत्र में मध्यावकाश होता है ताकि संसदीय समितियां बजटीय प्रस्तावों पर चर्चा कर सकें। राजनीति के जानकारों के अनुसार मोदी सरकार के लिए लोगों को चौंकाना एक मुद्दा है और वह कुछ न कुछ बड़ा भी कर सकती है, क्योंकि पूर्व में भी ऐसा देखा गया है कि कैसे सरकार ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया था। और तीन कृषि बिल पास करवाए थे।

# निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराए

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि गांवों में पानी की निकासी हेतु नाली एवं पर्याप्त सड़कों का होना ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत आवश्यक है, कहीं, कहीं वर्षा ऋतु में जल भराव की समस्या गम्भीर हो जाती है, जिससे ग्रामीणों को असुविधा होती है।

ग्रामीण क्षेत्र में पर्याप्त आंतरिक गलियां उपलब्ध हो और भराव/जल प्लावन की स्थिति बिल्कुल भी न हो, इस हेतु उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को व्यापक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने ग्रामों में जलभराव की समस्या के निदान हेतु नाली एवं नागरिक सुविधाओं हेतु आंतरिक सड़कों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराये जाने के निर्देश देते हुए कहा है कि मनरेगा गाइड लाइन्स में निहित प्राविधानों के तहत यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराये जांय। ग्राम्य विकास आयुक्त श्री जी एस

■ वर्षा ऋतु में जल भराव की समस्या गम्भीर : केशव



प्रियदर्शी ने बताया कि शासन द्वारा सभी जिला अधिकारियों/जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा) को समय-समय पर जारी शासनादेशो/ दिशा निर्देशों का हवाला देते हुए कहा गया है कि आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत मनरेगा एवं राज्य वित्त/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां वित्त आयोग की धनराशि को अभिसरण कर प्रत्येक ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना के अनुरूप कार्यस्थलों का चिन्हांकन करके आवश्यकतानुसार पक्का खड़न्जा/नाली निर्माण कार्य कराये जांय।

मनरेगा आपरेशनल गाइडलाइन व मास्टर सर्कुलर का उल्लेख करते हुए मनरेगा गाइडलाइन के अनुसार कार्य कराये जाने की अपेक्षा की गयी है। यह भी इंगित किया गया है कि मनरेगा में श्रम सामग्री अनुपात 60:40 प्राविधानित होने के कारण सामग्री मद सीमित ही रहेगा। इस सामग्री मद में नागरिक सुविधाओं के लिए आंतरिक सड़कों एवं जल प्रवाह हेतु नालियों का बनाया जाना प्राथमिकता पर वांछनीय है। निर्देश दिए गए हैं कि कि गांव की नाली और आंतरिक सड़कों का आंकलन कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सामग्री का ज्यादा से ज्यादा उपयोग इसी मद में हो और किसी भी दशा में ग्रामों में जल भराव या आंतरिक सड़कों का अभाव न होने पाये।

## प्रदेश मे सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारी करेंगे प्रतिभाग

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में योजना भवन लखनऊ मे13 सितम्बर को पूर्वान्ह 10:00 बजे से ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 के अधीन संचालित विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं, कार्यक्रमों, आजीविका मिशन आदि की प्रगति के सम्बन्ध में प्रदेश के समस्त मुख्य विकास अधिकारियों के साथ से बैठक आहूत की गयी है। बैठक मे गांव गरीब के लिए संचालित विभिन्न विकास व लाभार्थीपरक योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु मुख्य विकास अधिकारियों के साथ चर्चा की जायेगी और योजनाओ को धरातल पर उतारने के सम्बन्ध में ग्राउण्ड रियलिटी का पता करते हुये सुझावों का भी आदान प्रदान होगा।समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्तियों को सरकार की ग्रामोन्मुखी योजनाओं का सरलता व आसानी से लाभ पहुंचाने के लिए विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा होगी तथा नवाचार करने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

# आकाशीय बिजली कड़कने पर खराब हो गए स्मार्ट विद्युत मीटर

**लखनऊ।** बिजली कड़कने से स्मार्ट बिजली मीटर खराब होने की शिकायतें मंगलवार शाम तक दर्ज होती रहीं। बिजली आपूर्ति ठप होने से लोग परेशान रहे। सबसे ज्यादा 65 स्मार्ट मीटरों की खराबी की शिकायतें उतरेठिया उपखंड में दर्ज हुई। हालांकि, राजधानी में खराब स्मार्ट मीटर की तादाद तीन हजार से अधिक बताई जा रही है। इससे इन मीटरों की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। पावर कॉर्पोरेशन ने पूरे प्रदेश से बिजली कड़कने से खराब हुए मीटरों की रिपोर्ट तलब की है। राजधानी में बिजली कड़कने से कितने स्मार्ट मीटर क्षतिग्रस्त हुए, इसकी सही जानकारी अभी खंडीय अभियंताओं के पास नहीं है। आशियाना के सेक्टर एफ निवासी संगीता अग्रवाल, सेक्टर-आई निवासी कलावती सहित 20 लोगों ने सोमवार को शिकायत दर्ज कराई थी। बहरहाल जेई-एसडीओ बता रहे हैं कि 11 सितंबर से शिकायतें दर्ज होने का जो सिलसिला शुरू हुआ।

# यूपी में 'नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना' लॉन्च

## 25 गायों की डेयरी की स्थापना पर 50 प्रतिशत अनुदान देगी सरकार

**लखनऊ।** गौवंशीय पशुओं की नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि के लिए नन्द बाबा मिशन के तहत प्रदेश सरकार ने नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना का शासनादेश जारी कर दिया है। जिसका उद्देश्य प्रदेश में उच्च दुग्ध उत्पादन क्षमता के गौवंश में सुधार करने के साथ ही पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी होगी।

योजना के पहले चरण में सरकार लाभार्थी को 25 दुधारू गायों की 35 इकाइयां स्थापित करने के लिए गायों की खरीद से लेकर उनके संरक्षण एवं भरण पोषण जैसे मदों में सब्सिडी देगी। यह सब्सिडी तीन चरणों में दी जाएगी। वहीं, शुरुआती चरण में यह योजना प्रदेश के दस मंडल मुख्यालयों के शहरों अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, झांसी, मेरठ, आगरा और बरेली में संचालित की जाएगी।

दुग्ध आयुक्त और मिशन निदेशक शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि प्रदेश दुग्ध उत्पादन में देश में पहले



स्थान पर है जबकि प्रदेश में प्रति पशु दुग्ध उत्पादकता कम है। इसकी मुख्य वजह प्रदेश में उच्च गुणवत्तायुक्त दुधारू पशुओं की कमी होना है। इसी कमी को पूरा करने एवं उन्नत नस्ल के अधिक से अधिक दुधारू गौवंश की इकाइयों की स्थापना के लिए नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना का शुभारंभ किया गया है। योजना के तहत दुधारू गायों में साहीवाल, गिर, थारपारकर एवं गंगातीरी प्रजाति की गायों को ही शामिल किया गया है। योगी सरकार ने योजना के तहत 25 दुधारू गायों की एक इकाई स्थापित करने में 62, 50,000 रुपये के खर्च का आंकलन किया है।

### तीन चरणों में मिलेगा अनुदान

इस योजना का लाभ तीन चरणों में मिलेगा पहले चरण में इकाई के निर्माण पर परियोजना लागत का 25 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। वहीं दूसरे चरण में 25 दुधारू गायों की खरीद, उनके 3 वर्ष के बीमा और यातायात पर परियोजना लागत का 12.5 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। जबकि तीसरे चरण में परियोजना लागत की शेष 12.5 प्रतिशत राशि का अनुदान दिया जाएगा।

### अधिक आवेदन आने पर ई-लॉटरी से लाभार्थी का किया जाएगा चयन

योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी के पास कम से कम 3 वर्षों का गौपालन का अनुभव होना चाहिये। वहीं, गौवंशों की ईयर टैगिंग होना अनिवार्य है। इसके साथ ही इकाई की स्थापना के लिए 0.5 एकड़ भूमि होना आवश्यक है। साथ ही, लाभार्थी के पास लगभग 1.5 एकड़ भूमि हरित चारा के लिए होना चाहिये।

# प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं को दी शुभकामनाएं

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा 205 परीक्षा केन्द्रों पर सम-सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा सुचारू एवं शुचितापूर्ण रूप से संपन्न कराने के साथ-साथ परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। उन्होंने परीक्षाओं में सफल छात्र एवं छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष प्राविधिक शिक्षा परिषद व प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा विभाग एम देवराज की अध्यक्षता में मंगलवार को आहूत परिषद की परीक्षा परिणाम समिति द्वारा जून-जुलाई 2023 में आयोजित परीक्षा का परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया गया। परीक्षा में सम्मिलित छात्र-छात्राओं का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 66.08 रहा। परीक्षा में 64.98 प्रतिशत छात्र तथा 80.64 प्रतिशत छात्राएं सफल रहीं। 28 जून 2023 से 26 जुलाई के



मध्य आयोजित परीक्षा में कुल 283121 छात्र पंजीकृत थे, जिसमें सेमेस्टर सिस्टम के 152805, वार्षिक सिस्टम के 122579 एवं विशेष बैक पेपर के 7737 छात्र/छात्राएं पंजीकृत थे। सेमेस्टर परीक्षा, जून में (इंजीनियरिंग स्ट्रीम में) एम्बिशन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी, वाराणसी के छात्र देवेश चतुर्वेदी पुत्र चितरंजन चतुर्वेदी ने 87.71 प्रतिशत अंकों के साथ मेरिट सूची में प्रथम स्थान, शुभम सिंह पुत्र बलेश्वर सिंह ने 86.27 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा अभय यादव पुत्र राज किशोर सिंह यादव ने 86.01 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# यूपी में 16 सितंबर तक मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान

**लखनऊ।** गर्भवती महिलाओं में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और 5 साल तक के बच्चों को 12 जानलेवा बीमारी से बचाने के लिए सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो गया। इसके अंतर्गत प्रदेश के सभी जनपदों के शहरी और ग्रामीण इलाकों में गर्भवती महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं और टीकाकरण के स्तर में लगातार व्यापक सुधार हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी विभागों, एनजीओ, प्रबुद्धजनों, धर्मगुरुओं और अभिभावकों से सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान को सफल बनाने की अपनी की है। उन्होंने कहा है कि बच्चों के शत-प्रतिशत पूर्ण प्रतिरक्षण के लिए अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है। टीकाकरण से वंचित बच्चों और महिलाओं को प्रतिरक्षित करने के उद्देश्य से %सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0% का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि



टीकाकरण पूरी तरह सुरक्षित, अत्यन्त प्रभावी एवं गर्भवती महिलाओं व बच्चों में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला है, इसलिए इसे अपनाने की आवश्यकता है।

सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान तीन चरणों में चलाया जा रहा है। प्रथम चरण बीते 7 से 12 अगस्त को संपन्न हो चुका है। वहीं दूसरा चरण 11 से 16 सितम्बर और तीसरा चरण 9 से 14 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से गर्भवती महिलाओं तथा पांच वर्ष तक के बच्चों को 12 विभिन्न जानलेवा बीमारियों यथा तपेदिक, गलघोंटू, टिटनेस, काली-खांसी, इन्फ्लूएंजा, हेपेटाइटिस बी, खसरा, रूबेला, दिमागी बुखार (जापानी इंसेफिलिटिस), निमोनिया, पोलियो एवं रोटा वायरस जनित डायरिया से बचाव के लिए पूरी तरह से प्रतिरक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रत्येक बच्चे को सभी टीकों की सभी खुराके सही समय पर दी जानी आवश्यक हैं। मीजिल्स, रूबेला जैसी गंभीर बीमारियों के दिसम्बर, 2023 तक उन्मूलन के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए

■ गर्भवती महिलाओं और बच्चों में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर फोकस, 75 जिलों में चल रहा अभियान

टीकाकरण को मिशन मोड में पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य के लिए चलाये जाने वाले लाभकारी सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान की सफलता के लिए पूर्ण मनोयोग से सहयोग प्रदान करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी अनुरोध किया है कि अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता से इसे जन आन्दोलन का स्वरूप प्रदान करें। इसके अलावा शासकीय विभागों, सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं, स्वैच्छिक संगठनों, प्रबुद्धजन, धर्मगुरुओं एवं युवाओं द्वारा माता-पिता तथा अभिभावकों को पूर्ण टीकाकरण के लिए प्रेरित किये जाने के लिए भी अपील की है।

# राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश की अंतिम तिथि 23 तक

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** विशेष सचिव, व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उद्यमशीलता व अधिशासी निदेशक, एससीवीटी अभिषेक सिंह ने बताया कि राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु अन्तिम तिथि 23 सितम्बर निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि तक समस्त राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेशित अभ्यर्थियों का डाटा एससीवीटी पोर्टल पर अपलोड एवं सत्यापित कर सुरक्षित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रवेश पंजीकरण हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 22 सितम्बर रात्रि 12 बजे तक व प्रवेश की अन्तिम तिथि 23 सितम्बर निर्धारित की गई है।

विशेष सचिव ने बताया कि ऐसे समस्त गैर चयनित अभ्यर्थियों (प्रवेश

■ सभी पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची उनके लॉगिन में उपलब्ध होगी

प्रक्रिया में पूर्व में पंजीकृत एवं नवीन ऑनलाइन आवेदनकर्ता) की ग्रुपवार मेरिट के क्रम में सूची सम्बन्धित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को उपलब्ध करा दी गयी है। निजी संस्थानों हेतु राजकीय व निजी संस्थान के अचयनित व अप्रवेशित सभी पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची उनके लॉगिन में उपलब्ध होगी, जिसके अनुसार नियमानुसार प्रवेश पूर्ण किया जाय। उन्होंने बताया कि राजकीय संस्थानों के अभ्यर्थियों को एससीवीटी की वेबसाइट पर दिये गये विकल्पों का चयन कर रैंक का प्रिन्ट आउट प्राप्त कर अभ्यर्थी आवंटित जनपद के नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय संस्थान से निर्धारित अंतिम तिथि 23 सितम्बर से पूर्व सम्पर्क स्थापित कर सकता है।

# जानिए आखिर जी-20 सम्मेलन के बारे में अंतरराष्ट्रीय मीडिया में क्या रहीं सुर्खियां

अवधनामा संवाददाता

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में 9-10 सितम्बर को आयोजित 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन की शुरूआत से पहले अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने शिखर सम्मेलन में भाग लेने आ रहे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रॉन और अन्य गणमान्य विश्व नेताओं की मेजबानी के बारे में कई खबरें चलाईं। शिखर सम्मेलन से पहले अंतरराष्ट्रीय मीडिया के एक वर्ग ने कच्ची बस्तियों को तोड़ने, भारत में लोकतंत्र की स्थिति, भारत की आर्थिक असमानता जैसे विषयों पर भी खबरें प्रकाशित कीं।

लेकिन शिखर सम्मेलन में स्वीकार किए न्यू डेल्ही डिक्लेरेशन के बाद दुनिया के लगभग हर महत्वपूर्ण अखबार और टीवी नेटवर्क ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि सदस्य देशों के बीच आम सहमति बनाना पीएम मोदी के लिए

■ बीबीसी ने इसे जी-20 शिखर सम्मेलन में अप्रत्याशित रूप से बड़ी सुर्खियों का दिन बताया

एक कूटनीतिक जीत रही। जिस समय शिखर सम्मेलन आयोजन स्थल पर बने विशाल अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर में एकत्रित मीडियाकर्मी शिखर सम्मेलन के संभावित नतीजों के बारे में चर्चा कर रहे थे, उसी समय यहां के बड़े एलईडी स्क्रीन पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की एक क्लिप चलाई गई। इसमें उन्होंने कहा अभी-अभी अच्छी खबर आई है। हमारी टीमों की कड़ी मेहनत और आपके सहयोग से, नई दिल्ली जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की घोषणा (डिक्लेरेशन) पर आम सहमति बन गई है... मेरा प्रस्ताव है कि इस घोषणा को स्वीकार किया जाए। मैं घोषणा को स्वीकार किए जाने की घोषणा करता हूं। बीबीसी ने इसे जी-20 शिखर सम्मेलन में अप्रत्याशित रूप से बड़ी सुर्खियों का दिन बताया। बीबीसी की रिपोर्ट में कहा गया कि कुछ लोगों को उम्मीद थी कि यूक्रेन में युद्ध को लेकर समूह के सदस्यों के बीच तीव्र मतभेदों को देखते हुए शिखर सम्मेलन के पहले दिन कोई संयुक्त घोषणा हो सकती है। बीबीसी ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि न्यू डेल्ही डिक्लेरेशन पश्चिम और रूस दोनों को सकारात्मकता तलाशने का अवसर देने के हिसाब से डिजाइन किया गया है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने न्यू डेल्ही डिक्लेरेशन को पिछले साल स्वीकार किए गए बाली डिक्लेरेशन के बाद आंखें खोल कर आगे बढ़ने वाला डिक्लेरेशन बताया। बाली में विश्व नेताओं ने यूक्रेन पर आक्रमण के लिए रूस की निंदा की थी। शिकागो ट्रिब्यून और यूएस न्यूज ने एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट चलाई जिसमें कहा गया था मोदी की कूटनीतिक जीत के तहत भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन में विभाजित विश्व शक्तियों के बीच समझौता कराया।

# आधार में पहचान और पते को अपडेट कराने का शुल्क नहीं लगेगा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** अगर आपका आधार बने हुए अधिक समय हो गया है तो आपको अपने आधार में पहचान का प्रमाण और पते का प्रमाण दस्तावेज अपडेट करना वांछनीय है। ऐसी स्थिती में यदि आपके पते में कोई परिवर्तन नहीं है और आप इसे ऑनलाइन अपडेट करते है तो 14 दिसंबर 2023 तक इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। विदित है की प्राधिकरण द्वारा आधार में अनलाइन दस्तावेज अपडेट करने के लिए इस सेवा को 14 सितंबर 2023 तक मुक्त किया गया था। अगर आप अपने आधार में ऑनलाइन अपडेट करते समय किसी प्रकार का डेमोग्राफिक परिवर्तन चाहते है तो आपको 50 रूपये का शुल्क देना होगा। आधार केंद्र पर इस सेवा के लिए 50 रूपये का शुल्क है। आधार में पहचान का प्रमाण और पते का प्रमाण दस्तावेज ऑनलाइन अपडेट

■ 14 दिसंबर तक मिलेगी सुविधा

करने के लिए myaadhaar.uidai.gov.in पर लॉग इन करें।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा राज्य सरकार के सहयोग से उत्तर प्रदेश में आधार अपडेट के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। निवासियों को सलाह दी गई है कि जिनका आधार बने हुए अधिक समय हो गया है वे अपने आधार में पहचान का नवीनतम प्रमाण (पीओआई) और पते का प्रमाण (पीओए) दस्तावेज अपडेट करके अपने आधार को सशक्त करें। यह आधार डेटाबेस में आपकी जानकारी की निरंतर सटीकता सुनिश्चित करने में आपकी सहायता करेगा साथ ही राज्य सरकार और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आपकी मदद करेगा।

# इण्टरनेशनल कॉस्प्ले कम्पटीशन 'फैंटज्म-2023' का भव्य समापन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इण्टरनेशनल कॉस्प्ले कम्पटीशन 'फैंटज्म-2023' का आज भव्य समापन हुआ। सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया। सी.एम.एस. राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) ने ओवरऑल चैम्पियनशिप जीतकर अपने ज्ञान-विज्ञान व मेधात्व का परचम लहराया तो वहीं दूसरी ओर ए.आर. जयपुरिया स्कूल, गोल्फसिटी, लखनऊ ने रनर-अप का खिताब जीता। यह समारोह प्री-प्राइमरी, प्राइमरी व जूनियर कक्षाओं के छात्रों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर



■ सी.एम.एस. राजाजीपुरम कैम्पस ने जीती ओवरऑल चैम्पियनशिप

स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माहौल में अपने ज्ञान-विज्ञान एवं बहुमुखी प्रतिभा के प्रदर्शन व विकास का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें यूनाइटेड किंगडम, श्रीलंका, भूटान, नेपाल, शारजाह, दुबई एवं भारत के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने बड़े उत्साह से प्रतिभाग कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि श्री अनुज राज, जोनल हेड एवं सीनियर वाइस प्रेसीडेन्ट, एचडीएफसी बैंक, ने दीप प्रज्वलित कर समापन समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री अनुज राज ने छात्रों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के समारोह छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को सामने लाने में महती भूमिका निभाते हैं।

# आरी ओ सखी चलो देख आई नंद के लाला हुआ

**लखनऊ।** डालीगंज स्थित श्री माधव मन्दिर में छठी उत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से आयोजित हुआ जिसमे मन्दिर की महिला मण्डली में अनुराधा बंसल, कंचल साहू, कविता, रीता, रवीना ने छठी उत्सव पर भजन गीत आरी चलो देख आई नन्द के लाला हुआ..., नन्द के आनंद भयो..., ओरी रखी मंगल गाओ री..., भजनों पर नाच गाकर उत्सव मनाया फिर कंचन साहू ने अपने गोद में बैठाकर लाला कान्हा को काजल लगाया फिर छठी उत्सव पर खूब लूटा लड्डू लुटाए गए। वही मन्दिर प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कि कार्यक्रम कि शुरुआत मंगल आरती पुजारी लालता प्रसाद द्वारा करके किया गया फिर श्री राधा माधव भगवान को कढ़ी चावल, हलुआ खीर, पूड़ी चावल का भोग लगाकर भक्तो में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष बिहारी लाल साहू, भारत भूषण गुप्ता, ओमकार जयसवाल, धनश्याम दास अग्रवाल, श्याम जी साहू, दिनेश अग्रवाल, माया आनंद, गोविंद साहू, दीपक महरोत्रा, राकेश साहू, संजय जयसवाल, भक्त उपस्थित रहे।

# कन्नौज का इत्र और वाराणसी की साडियां विदेशी मेहमानों को खूब भाई

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जी-20 में शामिल हुए राष्ट्राध्यक्षों और अपने देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं को विशेष उपहार दिए गए। इस गिफ्ट हैंपर्स में हस्तनिर्मित कलाकृतियों के साथ उतर प्रदेश के कन्नौज का इत्र और प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की साड़ियां भी शामिल थी। ये सभी चीजें भारत की मेड इन इंडिया समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाती है। इन्हें कुशल कारीगरों के हाथों से सावधानीपूर्वक बनाया गया था।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री की पत्नी को कदम लकड़ी के बक्से में एक बनारसी स्टोल भेंट किया। ज़िघराना इत्र उत्तर प्रदेश के एक शहर, कन्नौज की खुशबू की उत्कृष्ट कृति है। इत्तर (जिसका अर्थ है 'इत्र') वनस्पति स्रोतों से प्राप्त एक आवश्यक तेल है। प्रामाणिक और भारत में निर्मित



ज़िघराना एक ब्रांड है जो 1911 से परफ्यूमर्स की विरासत को आगे बढ़ाता है। हमारे सभी इत्र कन्नौज - द परफ्यूम कैपिटल ऑफ इंडिया में क्यूरेट और निर्मित हैं - सदियों पुरानी तकनीक का उपयोग करके जिसे डीग-भापका विधि कहा जाता है।यह उत्कृष्ट इत्र निर्माण की सदियों पुरानी परंपरा को प्रदर्शित करता है। पीढ़ियों से चली आ रही विधि का उपयोग करके कुशलतापूर्वक आसुत किया गया, इटार सटीकता और धैर्य का प्रतीक है। मास्टर कारीगर भोर में चमेली और गुलाब जैसे दुर्लभ फूलों को नाजुक ढंग से इकट्ठा करते हैं, जब उनकी खुशबू सबसे तीव्र होती है।ज़िघराना का जैस्मीन

■ जी-20 में शामिल हुये विदेशी मेहमानों को दिये गये गिफ्ट में मेड इन उतर प्रदेश की धूम

अतार चंदन के कोमल संकेतों के साथ चमेली अतार की सूक्ष्म मीठी सुगंध को पूरी तरह से समाहित करता है। यह अतार गहराई और सूक्ष्म शक्ति के साथ आता है जो हर कोई एक महान इत्र में चाहता है।इत्र में उपयोग की जाने वाली मुख्य सामग्री में से एक अटार-बनाने की प्रक्रिया में चंदन का तेल है। गंध पूरी तरह से प्राकृतिक है और इसमें कोई रसायन या शराब शामिल नहीं है। यह भारत भर से नैतिक रूप से प्राप्त प्राकृतिक तत्वों से बनाया गया है। हाइड्रो-आसवन की सावधानीपूर्वक प्रक्रिया के माध्यम से, आवश्यक तेल निकाले जाते हैं और फिर समय के साथ परिपक्व होते हैं, जिससे नोट्स को सामंजस्यपूर्ण और गहरा करने की अनुमति मिलती है।

# स्किल्स को निखारें फिजियो स्टुडेंट्स : प्रो. मंजुला

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने बतौर मुख्य अतिथि कहा, फिजियोथैरेपी मेडिकल साइंस का महत्वपूर्ण हिस्सा है। एनईपी-2020 में स्किल्स की पुरजोर वकालत की गई है। अतः फिजियोथैरेपी में भी स्किल्स की महत्वपूर्ण भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। किसी भी मरीज के बेहतर ट्रीटमेंट में स्किल्स का अहम रोल है। उन्होंने स्टुडेंट्स से कहा, स्टुडेंट्स अपनी स्किल्स को निखारें, पेशेंट्स को बेहतर ट्रीटमेंट देकर मानव सेवा में अपना अमूल्य योगदान दें। प्रो. जैन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फिजियोथैरेपी विभाग की ओर से विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर बोल रही थीं। इससे पहले डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने बतौर मुख्य अतिथि और फिजियोथैरेपी की एचओडी डॉ. शिवानी एम. कौल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित



करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इससे पूर्व मॉडल प्रतियोगिता में बीपीटी फर्स्ट ईयर की छात्रा शाजिया मंसूरी विजेता रही। छात्रा विधि, पूजा चौहान, गौरव, अर्श और शाहिल दूसरे स्थान पर, जबकि रियाज एंड ग्रुप और विकास एंड ग्रुप ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में चतुर्थ ईयर की छात्रा इकरा और आंचल अव्वल रहीं। बीपीटी सेकेंड ईयर की छात्रा आकांक्षा ने दूसरा और सेकेंड ईयर की मुबशिरा एवम् थर्ड ईयर के प्रांजल जैन संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता में बीपीटी प्रथम वर्ष की छात्रा पल्लवी चौहान ने बाजी मारी। बीपीटी फोर्थ ईयर के स्टुडेंट्स आकांक्षा, शिफा, नमरा और जामिरा दूसरे, जबकि बीपीटी फर्स्ट ईयर के राजकुमार, आसिफ और मणिकांत तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, एचओडी डॉ. शिवानी एम. कौल, डॉ. शाजिया मट्टु, डॉ. प्रिया शर्मा आदि शामिल रहे। अंत में विजेता स्टुडेंट्स को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार भी वितरित किए। कार्यक्रम में डॉ. हरीश शर्मा, डॉ. कोमल नागर, डॉ. नन्दकिशोर शाह, डॉ. शिप्रा गंगवार, डॉ. हिमानी राठी,

■ टीएमयू के फिजियोथैरेपी विभाग की ओर से विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर हुई मॉडल

डॉ. सोनम निधि, डॉ. समर्पिता सेनापति, डॉ. रंजीत तिवारी, डॉ. नीलिमा चौहान, डॉ. कामिनी शर्मा के संग-संग डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथैरेपी के करीब 400 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

फिजियोथैरेपी विभाग की वर्कशॉप में एम्स, नई दिल्ली के फिजियोथैरेपी डिपार्टमेंट ऑफ न्यूरोलॉजी के डॉ. प्रभात रंजन ने स्ट्रॉक- दिमाग तक रक्तप्रवाह कम होने की वजह से होने वाली समस्याओं जैसे- हेमिप्लेजिया के बारे मे विस्तार से चर्चा की। डॉ. प्रभात ने स्ट्रॉक और हेमिप्लेजिया के कारणों, लक्षणों, बचाव और इलाज के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बीपीटी चतुर्थ वर्ष के छात्र शुएब अख्तर पर डेमो भी करके दिखाया। डा. रंजन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

# पुतला दहन कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने ऑनलाइन बिक्री का पुतला फूंक कर ऑनलाइन बिक्री का विरोध कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मेल के द्वारा भेजा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने कहा कि प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर मंगलवार को पूरे प्रदेश में ऑनलाइन बिक्री का विरोध करते हुए सभी जिला मुख्यालय पर पुतले जालए गए है।प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ ए के शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन बिक्री का लाइसेंस बंद किया जाए। प्रदेश संयुक्त मंत्री शिवकुमार सिंह चौहान ने कहा कि एफडीआई पर रोक लगाई जाए। शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने कहा कि देश में 7 करोड़ व्यापारियों का व्यापार नष्ट हो रहा है इसलिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल मांग करता है कि ऑनलाइन बिक्री पर 20अतिरिक्त जीएसटी लागू की जाए। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा प्रदेश संयुक्त मंत्री शिव कुमार सिंह चौहान जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान जिला संरक्षण हरि गोपाल शुक्ला जिला संरक्षक एम पी सिंह तोमर जिला महामंत्री शैलेश जैन जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान मुन्ना गोरखनाथ वर्मा युवा जिला अध्यक्ष लतीफ खान मंसूरी शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप जिला संगठन मंत्री अखिलेश शर्मा नगर महामंत्री विवेक गुप्ता रमेश यादव हरदोई अध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता कुम्भावर अध्यक्ष डॉक्टर काले खान सरसई नावर अध्यक्ष अनुज गुप्ता नगर उपाध्यक्ष विनीत कुमार पांडे नगर उपाध्यक्ष सुमित गर्ग नगर उपाध्यक्ष आशुतोष पमार नगर उपाध्यक्ष राजीव पाल सदस्यता प्रमुख राहुल चौहान युवा शहर अध्यक्ष अजय गुप्ता महिला नगर अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा नगर मंत्री शिबू तौकीर युवा महामंत्री राघव यादव इनवर्टर बैटरी अध्यक्ष सरदार मोहन सिंह अंकित शाक्य किराना समिति के अध्यक्ष विजय यादव युवा शहर उपाध्यक्ष मुकेश दुबे महिला नगर कोषाध्यक्ष सरला जाटव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सिंधी पंचायत का छप्पन भोग 19 को गोवर्धन में

**मथुरा।** सिंधी समाज एक बार फिर एकत्रित होने जा रहा है मौका होगा गोवर्धन में आठवें छप्पन भोग एवं अभिषेक का, जिसकी तैयारी जोरों पर चल रही है। इस संदर्भ में एक प्रतिनिधिमंडल गोवर्धन में तैयारियों का जायजा लेने भी गए थे। मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी ने बताया कि 18 सितंबर सोमवार सांय 5 बजे राधिका विहार और डेम्पीयर नगर संग्रहालय से नया बस स्टैंड, कृष्णा नगर होते हुए गोवर्धन के लिए बसें रवाना होंगी , जहा आंयोर मार्ग स्थित गिरवर निकुंज पर संध्या भोज के उपरांत रात्रि 10 बजे से भगवान झूलेलाल के अनुयायी श्री गिरिराज जी की परिक्रमा शुरू करेंगे। मीडिया प्रभारी ने बताया कि 19 सितंबर मंगलवार प्रातः 9 बजे राधिका विहार और डेम्पीयर म्यूजियम से गोवर्धन के लिए बसें रवाना होंगी, जहा आंयोर मार्ग स्थित गिरवर निकुंज पर पर सर्वप्रथम श्री गिरिराज जी महाराज का अभिषेक एवं छप्पन भोग दर्शन होंगे, तदोपरांत साढ़े बारह बजे साधु संत सेवा तथा डेढ़ बजे से सजातिय लोगो के लिए प्रसाद-भण्डारा होगा।

# अधिवक्ता मंगलवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहे

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जनपद हापुड़ प्रकरण में बार कौंसिल ऑफ उ.प्र.के निर्देशानुसार डी.बी.ए. के अध्यक्ष बृजेश कुमार दुबे एवं महामंत्री राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में डी.बी.ए. कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को सम्पन्न हुई।जिसमें डी.बी.ए. द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि डी.बी.ए. हड़ताल जारी रखने के पक्ष में है जब तक कि÷अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम उत्तर प्रदेश में लागू न हो जाये और हापुड़ के दोषी प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही एवं पीडित अधिवक्ता साथियों को आर्थिक मुआवजा न मिल जाये।यह जानकारी डी.बी.ए. के मीडिया प्रभारी विवेक द्विवेदी ने दी। उन्होंने आगे बताया कि इस निर्णय की प्रति बार कौंसिल ऑफ उ0प्र0 इलाहाबाद भेजी गयी तथा एक प्रति हापुड़ बार एसोसिएशन को समर्थन पत्र के तौर पर भेजी गयी।जिसमें हापुड़ बार एसोसिएशन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर कदम पर साथ दिया जायेगा।जनपद इटावा के अधिवक्ता मंगलवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहे किसी भी अधिवक्ता ने कोई न्यायिक कार्य नही किया।आगे की रणनीति बार कौंसिल ऑफ उ.प्र. के अगले आदेशानुसार निर्धारित की जायेगी। बैठक में अरविन्द्र प्रताप सिंह,सत्येन्द्र पाल सिंह,गुरु प्रसाद द्विवेदी,अनिल कुमार वर्मा,मैराज अली खान,रीना यादव,अभय भदौरिया,राजू यादव, प्रदीप कुशवाहा,संजय राजपूत,वीर प्रकाश, अनिल कश्यप आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## आम आदमी पार्टी ने अपर नगर आयुक्त को दिया मांग पत्र

**मथुरा।** आज आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज, तिरंगा शाखा के जिला प्रमुख सुरेश कुमार सैनी एवं आम आदमी पार्टी यूथ विंग के पूर्व राज्य कमेटी सदस्य आदेश शर्मा ने आयुक्त मथुरा वृंदावन नगर निगम को संबोधित एक लिखित पत्र आयुक्त की अनुपस्थिति में अपर आयुक्त अनिल कुमार को सोंपा, अपर आयुक्त ने उक्त पत्र अधिशासी अभियंता एसपी मिश्रा को हस्तगत किया। पत्र के माध्यम से मांग की गई कि मथुरा वृंदावन नगर निगम क्षेत्र में स्थित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करने के लिए सीढ़ियां निर्मित नहीं है ।ऐसी स्थिति में महापुरुषों को याद कर उनको सम्मान देने वाले उनके प्रशंसको समर्थकों को कठिनाई होती है। मथुरा में डैंपियर नगर में स्थित शहीद ए आजम भगत सिंह की प्रतिमा एवं विकास बाजार में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के अलावा निगम क्षेत्र में स्थित अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के लिए शीघ्र ही सीढ़ियों का निर्माण कराया जाए।इसी माह शहीद ए आजम भगत सिंह जी का जन्म दिवस है ।

# सहायक अध्यापक की नौकरी करने वाले को बेसिक शिक्षा अधिकारी का संरक्षण!

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कूटरचित शिक्षा संबंधी दस्तावेजों से सहायक अध्यापक के पद पर नौकरी कर रहे व्यक्ति के विभागीय जांच में शिक्षा संबंधी सभी प्रमाण पत्र और अन्य कागजात कूटरचित और फर्जी पाए जाने के बाद कानूनी कार्रवाई के आदेश के बावजूद आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है । बेसिक शिक्षा अधिकारी के संरक्षण में संबंधित फर्जी शिक्षक मजे से नौकरी कर रहा है ,और प्रत्येक महीने वेतन प्राप्त कर रहा है। जानकारी के अनुसार रवि कुमार पुत्र भगवत निवासी गाँव भैंसा थाना रिफाइनरी ने 18 जनवरी 2023 को शासन को भेजी शिकायत में जनपद की छाता ब्लॉक में पूर्व प्राथमिक विद्यालय कमई मैं सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत रोहित कुमार जो मूल रूप से कोसी चौक ब्राह्मण मोहल्ला पुनहाना जिला नुह हरियाणा के फर्जी कागजों के आधार पर नौकरी प्राप्त करने का आरोप लगाया था। जिसकी जांच शासन के निर्देश पर मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) आगरा के द्वारा की गई । जांच में सहायक अध्यापक रोहित कुमार पुत्र राम अवतार की हाई स्कूल की अंक तालिका परीक्षा वर्ष 2009 हरियाणा की, इंटर की परीक्षा वर्ष 2011 हरियाणा, एजुकेशन डिप्लोमा वर्ष 2014 हरियाणा, बी ए की डिग्री कोसीकला से 2015 से 2017 तक तथा 2017 में टेट की परीक्षा पास करने के दौरान डायट प्राचार्य को आधार कार्ड हरियाणा का 2018 की मतदाता सूची नुह पॉन्हाना हरियाणा मोटरसाइकिल एच आर 28 एफ 1972 के पंजीयन में हरियाणा का पता वर्ष 2019 तक ग्राम भैंसा मथुरा यूपी , की वोटर लिस्ट में नाम नहीं था। 68500 शिक्षक भर्ती का विज्ञापन में फर्जी नाम पता दर्शाकर नौकरी प्राप्त कर लेना फर्जी निवास प्रमाण पत्र 22 जून 2018 को बनवा लेना के अलावा 25 जून 2018 को आधार कार्ड में भी पता चेंज करवा कर ग्राम भैंसा का पता अपडेट करना जांच के दौरान मथुरा में रहना नहीं पाया जाना पूरी जांच और फर्जी और कूट रचित दस्तावेजों की सूची संलग्न कर कार्यालय मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक( बेसिक) आगरा ने अपने कार्यालय के पत्रांक 536 - 41 दिनांक 11 में 2023 को संबंधित सहायक अध्यापक रोहित कुमार के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने के आदेश दिए थे । जिस पर कार्रवाई नहीं होने के पर सहायक शिक्षा निदेशक( बेसिक) आगरा मंडल आगरा ने द्वितीय स्मरण पत्र के रूप में पत्रांक संख्या 23 33-34 दिनाँक 4 अगस्त 2023 को आदेश किया गया है । इसके बावजूद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आज तक संबंधित फर्जी शिक्षक के विरुद्ध संबंधित थाने पर अभियोग पंजीकृत नहीं कराया गया है।

## आसपा और भीम आर्मी का बहुजन भाई चारा सम्मेलन संपन्न

**मथुरा।** जाटव बगीची उसफार सोंख रोड़ मथुरा मे भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के बैनरतले बहुजन भाईचारा सम्मेलन का आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता श्रद्धेय एड प्रेम सिंह कर्दम द्वारा की गई एवं मुख्य वक्ता के रूप में एड लुकेश राही जी,वरिष्ठ समाज सेवी एवं भगवान सिंह नेता , की गरिमामय उपस्थिति रही । अन्य सभी वक्ताओ ने बहुजन समाज के महापुरुषों के वारे में अपने विचार व्यक्त किए और समाज को शिक्षा रोजगार संविधान के अधिकारों के बारे में जागरूक किया बहुजन समाज से उपस्थित रहे संजीव बघेल ,प्रमोद कुंतल ,प्रेम सिंह (कोली), मुकेश भगानिया ,विजय सिंह ,सुन्दर सिंह पार्षद प्रत्याशी जी ,डॉ सुरेश ,आकाश बाबू ,गौरव कुमार ,जसवंत सिंह ,संदीप कुमार ,कन्हैया लाल ,जितेंद्र सिंह ,राम किशन ,भुवनेश कुमार ,मो.सहीद , टीकम सिंह ,महेंद्र प्रताप ,लक्की सिंह बौद्ध प्रधान,नहार सिंह ,उदल सिंह , महावीर बौद्ध ,तारा सिंह , भोगीराम , मुकेश कुमार , मास्टर पवन कुमार , नीरज बौद्ध , डॉ छितर सिंह ,गुड्डू , कृष्ण कान्त आदि संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# ठाकुर जी का छठी उत्सव हर्षोल्लास के साथ परंपरागत ढंग से मनाया

## बधाई गीतों की मंदिर में धूम रही जिन पर श्रद्धालु खूब थिरके

वहाज अली निहाल



**इटावा।** नगर के छैराहा स्थित वृंदावन धाम श्री राधा वल्लभ मंदिर पर मंगलवार को ठाकुर जी का छठी उत्सव हर्षोल्लास के साथ परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस मौके पर लड्डू गोपाल जी के लिए पालना भी डाला गया जिसमें विराजमान भगवान को भक्तों ने बारी-बारी से झुलाया।बधाई गीतों की मंदिर में धूम रही जिन पर श्रद्धालु खूब थिरके।लड्डू गोपाल व राधाबल्लभ लाल महाराज के जय घोष से मंदिर परिसर व आसपास का क्षेत्र गुंजायमान रहा।श्री राधा वल्लभ मंदिर पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी से षष्टम दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव की शुरुआत हो गई थी। पहले दिन भगवान का ग्यारह मन पंचामृत से अभिषेक किया गया था।वही दूसरे दिन हर्षोल्लास के साथ नंदोत्सव मनाया गया था। इसके अलावा प्रतिदिन मंदिर में बधाई गीतों का सिलसिला जारी रहा।मंगलवार को ठाकुर जी के छठी उत्सव की तैयारियां सुबह से ही शुरू हो गई थी।महंत गोस्वामी प्रकाश चंद महाराज ने भगवान राधा वल्लभ लाल महाराज का जहां आकर्षक श्रंगार किया गया था वही लड्डू गोपाल को भी सजाया गया था। उनके लिए मंदिर परिसर में विशेष पालना भी डाला गया था इस पालने को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था। पाल ने में विराजमान लड्डू गोपाल की छवि देखते ही बन गई थी हर कोई भक्त भगवान के पालनें को झुलाना चाहता था।बारी-बारी से भक्तों ने भगवान को पालने में झुलाया।श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ को देखते हुए इस बार दो पालने डाले गए थे जिनमें विराजमान लड्डू गोपाल जी को श्रद्धालु झुलाते रहे। इतना ही नहीं विभिन्न प्रकार के खिलौनों के साथ अन्य कई प्रकार के सामान भी भक्तों ने बाल गोपाल को अर्पित किए। मंदिर परिसर में भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें महिलाओं के द्वारा जन्म बधाइयां गायी गई। जन्म बधाईयों पर महिलाएं व बच्चे खूब थिरके। मंदिर के महंत गोस्वामी प्रकाश चंद महाराज फल,फूल,मेवा, टॉफी, बिस्किट की लुटाई करते रहे। जिन्हें श्रद्धालु श्रद्धाभाव के साथ लूटते रहे।बीच-बीच में फूलों की वर्षा भी की गई।ठाकुर जी की छठी के साथ छह दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव संपन्न हो गया।मंदिर में भक्तों के लिए विशेष प्रसादी की व्यवस्था भी की गई थी। महाप्रसादी को भक्तों ने मंदिर परिसर में ही बैठकर ग्रहण किया।

# जसवंतनगर,बालिका वर्ग में जन सहयोगी इंटर कॉलेज पृथ्वीपुर का रहा दबदबा

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** माध्यमिक विद्यालय की जिला स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन जन सहयोगी इंटर कॉलेज पृथ्वीपुर इटावा में किया गया।रोमांचित मुकाबले में सीनियर अंडर-19 बालक वर्ग में आदर्श कृष्ण ऊ0मा0वि0 जसवंत नगर ने राम मनोहर लोहिया इं0कॉ0 धनुआ जसवंत नगर को हराया।बालिका वर्ग अंडर-19 में मेजबान जन सहयोगी इंटर कॉलेज पृथ्वीपुर की टीम ने ऊ0 मा0 वि0 जसवंत नगर को पराजित किया।अंडर 14 बालक तथा बालिका वर्ग में मेजबान जन सहयोगी इंटर कॉलेज पृथ्वीपुर विजेता रहा। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ करवाया। मैच निर्णायक की भूमिका में अंकित तिवारी तथा दिव्यांश रहे तो वही विमल कुमार ने संचालक की भूमिका निभाई। डी0आई0ओ0एस0 मनोज कुमार ने विजेता टीमों को मेडल और ट्रॉफी वितरित की और खेल को शिक्षा का अभिन्न अंग बताते हुए खेलों पर ध्यान देने की बात कही।विद्यालय प्रबंधक यशवर्धन चौधरी,प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार बघेल,अजय कुमार अवस्थी, बृजमोहन,भगवान दास,ललित वर्मा आदि ने अतिथियों का स्वागत कर प्रतीक चिन्ह भेंट किये।अपने संबोधन में जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया और खेलों को शिक्षा का अभिन्न अंग बताते हुए खेलों पर ध्यान देने की बात कही। विमल कुमार ने प्रतियोगिता की कमेंट्री की तो वही प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार बघेल ने अंत में सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत कर खेल की समापन की घोषणा की।इस अवसर पर उप जिला विद्यालय निरीक्षक मुकेश कुमार,जीआईसी प्रधानाचार्य पूरन सिंह पाल,खेल प्रशिक्षक मनोज कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

## स्वच्छता पखवाड़ा में चलाया हस्ताक्षर अभियान, ली शपथ

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय परिसर में आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर एक वृहद हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें छात्रों ने पोस्टर पर अंकित शपथ को पढ़कर उसके अनुपालन हेतु हस्ताक्षर कर अपनी सहमति दी। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता, प्रो. बेचन शर्मा ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान आज हम सबके के लिए महत्वपूर्ण बन गया है। हमें स्वच्छ भारत के लिए सेंसिटिव होना होगा।

# आंगनबाड़ी केंद्रो पर सामूहिक रूप से गर्भवती महिलाओं की हुई गोद

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में सितम्बर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है और प्रतिदिन आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है । इसी क्रम में आज सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम के अंतर्गत तीन माह की गर्भवती महिलाओं की गोद भराई आंगनवाडी केंद्र पर की जाती है ।इस कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिला और उनके परिवार के सदस्यों को इस बात के लिए जागरूक करना है कि यदि गर्भवती महिला का अभी से ही पर्याप्त ध्यान ,पौष्टिक खानपान ,टीकाकरण एवं समुचित जॉच/दवाओं का पूरा ध्यान रखा जाए तो पैदा होने वाला बच्चा स्वास्थ् और कुपोषण से मुक्त रहेगा ।जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिस्रा ने इसी क्रम में बाल विकास परियोजना मथुरा ग्रामीण के आंगनबाड़ी केंद्र जिखनगॉव में 8 महिलाओं क्रमशः पार्वती,कृष्णा,पूजा विता, ज्योति, रेखा, मधु और करिश्मा की गोद भराई की ।उन्होंने वहाँ उपस्थित सभी महिलाओं को गर्भावस्था में सभी आवश्यक जाँचें कराने ,पर्याप्त पौष्टिक आहार लेने ,पर्याप्त समय तक आराम करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया साथ ही महिलाओं को स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से दी जाने वाली आयरन और कैल्शियम की गोलियों के नियमित सेवन और उस से होने वाले फायदों के बारे में भी जानकारी दी । उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव कराने और उस से होने वाले फायदों के बारे में भी जानकारी दी ।इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने केंद्र पर चिन्हित 2 लाल श्रेणी के बच्चों क्रमशः प्रिंस और डॉली की माताओं को कुपोषण के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी देते हुए दोनों बच्चों को प्रतिदिन केला और दूध देने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को धन राशि देते हुए निर्देशित किया ।

# सोशल मीडिया पर फर्जी उप निरीक्षक बनकर ठगी करने वाले तीन बंदी

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** थाना मुबारकपुर व कोतवाली जीवन साथी मैट्रोमोनी ऐप व विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फर्जी उपनिरीक्षक बनकर शादी का झांसा देकर ठगी करने वाला अभियुक्त 03 सहयोगियो के साथ गिरफ्तार प्रतिष्ठित लोगो के साथ सोशल मीडिया पर फोटो प्रसारित कर बनाता था प्रभाव । पुलिस की वर्दी पहन कर श्रममअदेंजीप.बवउ के माध्यम से लोगों को ठगने वाला अन्तर्जनपदीय गैंग पकड़ा गया है। यह व्यक्ति 2020 से सक्रिय है। वर्दी पहन कर प्ट्जहतंउ और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपने आप को एस0आई0 बताता है। पुलिस के मेडल लगाता है। पुलिस वालों और नेताओं के साथ फोटो प्रोफाईल पर डालता है। नियमित रूप से वर्दी पहन कर विभिन्न दफ्तरों में जाता है व समारोह में शामिल होता है। शादी के प्रोपोजल आते हैं उनसे नजदीकी बढ़ाता है और फिर मां के आपरेशन के नाम पर पैसे मांगता है। अपने शिकारों को यह प्देजहतंउ और श्रममअदेंजीप.बवउ से लॉगआउट कराता है और सम्पर्क काट देता है। यह बलिया/मिर्जापुर/लखनऊ और इलाहाबाद में सक्रिय है। इस पर पहले से इलाहाबाद व लखनऊ में मुकदमे लिखे जा चुके हैं। आजमगढ़ में एक आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। चेकिंग में बवर्दी(फर्जी) पकड़े जाने व दो धोखाधड़ी के मुकदमे कोतवाली और फूलपुर में लिखाये गये हैं। पूर्व के पंजीकृत अभियोग 10 सितंबर को वादी मुकदमा थाना संचेड़ी जनपद कानपुर द्वारा खुद के भतीजी पीड़िता से नकली दरोगा बनकर शादी का झांसा देकर से 70 हजार रुपये धोखा धड़ी के माध्यम से ले लेना। दरोगा (उपनिरीक्षक) का वर्दी पहनकर एवं फर्जी कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अपना आधार कार्ड व परिचय पत्र फर्जी व कुटरचित दस्तावेज तैयार करने तथा अपने को (लोक सेवक) दरोगा बताने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली जनपद आजमगढ पर मु0अ0सं0 518/2023 धारा 170/419/420/468 भादवि0 अभियुक्त धीरज सिंह पुत्र प्रवीण कुमार सिंह निवासी दुधैला थाना सहतवार जनपद बलिया व हाल पता अटलपुरी सेक्टर न0-2 लखनऊ के विरूद्ध पंजीकृत है जिसकी विवेचना उ0नि0 संजय तिवारी प्रभारी चौकी बलरामपुर द्वारा की जा रही है।

## डॉ आफताब आलम को शिक्षक सभा (उच्च शिक्षा) का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष

**प्रयागराज।** दरियाबाद में रहने शिक्षक प्रोफेसर आफताब आलम को समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी पी पाण्डेय ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अनुमोदन से शिक्षक सभा (उच्च शिक्षा) का प्रदेश अध्यक्ष नामित किया। इनके मनोनयन पर प्रयागराज वासियों ने ज़ोरदार स्वागत करते हुए बधाई दी। इनके आवास से लेकर तमाम जगहों पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। समाजवादी पार्टी महानगर मीडिया प्रभारी सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार श्री आलम युवा राजनीति से क़दम दर क़दम चढ़ते हुए शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष तक के सफर को तय करने में अपने जुझारुपन के लिए विख्यात हैं।

# रणवीर सिंह बने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला वरिष्ठ

अवधनामा ब्यूरो




**इटावा।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद के जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन के नेतृत्व में शहर के वरिष्ठ व्यापारी रणवीर सिंह चौहान ने एक कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की आजीवन सदस्यता ग्रहण की और वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डॉ हरिशंकर पटेल की संस्तुति पर जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल ने व्यापार मंडल की आजीवन सदस्यता ग्रहण कराई और अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए रणवीर सिंह चौहान को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष घोषित किया इस अवसर पर व्यापार मंडल का प्रमाण पत्र सदस्यता रशीद एवं फूल माला पट्टा पहनकर सम्मानित किया।रणवीर सिंह चौहान ने पद ग्रहण करते हुए कहा व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा और व्यापारी की हर समस्या के समाधान के लिए हमेशा संगठन के साथ रहेंगे।इस मौके पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ संतोष राठौर संतोष कुमार वर्मा प्रवीण त्रिवेदी बसरेहर जिला प्रवक्ता इकरार अहमद जिला उपाध्यक्ष धपले महाराज लालू वारसी जिला मंत्री राहुल अवस्थी चौबिया युवा जिला महामंत्री रंजीत कुशवाहा युवा जिला उपाध्यक्ष अनीस उद्दीन मोनू नगर मंत्री उमेश कुशवाहा विनय कुमार विष्णु कुशवाहा अमित राठौर अंजय कुमार बसरेहर विनय गुप्ता श्याम जी अमित राठौर विनोद भुवनेश कुमार आदि व्यापारी नेता शामिल रहे।

# शिल्पकार महासभा की जनपद की बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** विश्वकर्मा भवन नरौली में अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा की जनपद की बैठक सम्पन्न। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र विश्वकर्मा पूर्व चेयरमैन तथा संचालन पूर्व सभासद दिनेश विश्वकर्मा जिला महासचिव ने किया। मुख्य अतिथि अभाविशिम के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्वमंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने संगठन को गांव ब्लॉक विधानसभा और जनपद स्तर पर समाज को जोड़ने के लिये अभियान चलाने का दिया निर्देश। 20 सितम्बर को आजमगढ़ जनपद में विशाल और भव्य विश्वकर्मा पूजा विश्वकर्मा भवन नरौली पर की जायगी। 17 सितम्बर को सभी पदाधिकारी अपने क्षेत्र के विश्वकर्मा पूजा समारोह में शामिल होंगे तथा 20 सितम्बर को आजमगढ़ में में सभी बुलायेंगे। पूर्वमन्त्री ने विश्वकर्मा पूजा की तैयारी में विश्वकर्मा ब्रिगेड की विशेष जिम्मेदारी सौंपी।सभी पदाधिकारी अभी से विश्वकर्मा पूजा की तैयारी शुरू करने तथा बड़ी संख्या में लोगों को लाने का निर्देश दिया। बैठक को श्री अमरनाथ विश्वकर्मा पारा हरिकेश विश्वकर्मा ब्रिगेड जिलाध्यक्ष जीएनपुर आलोक विश्वकर्मा दौलतपुर कन्हैया विश्वकर्मा जहानागंज विनोद विश्वकर्मा बरदह शशांक विश्वकर्मा गेलवारा बृजेश विश्वकर्मा जहानागंज अंबिका विश्वकर्मा मुबारकपुर भोले विश्वकर्मा लालगंज प्रमोद विश्वकर्मा जहानागंज श्याम नयन विश्वकर्मा अजमतगढ़ रविंद्र विश्वकर्मा बुढ़नपुर राममिलन विश्वकर्मा बागलखरांव सुरेंद्र विश्वकर्मा माहुल मनीष विश्वकर्मा चकदीना विशाल विश्वकर्मा हरबंसपुर प्रवीण विश्वकर्मा लालगंज रामचंद्र विश्वकर्मा बुढ़नपुर संतोष विश्वकर्मा दीदारगंज विनोद विश्वकर्मा मेहनगर अनिल विश्वकर्मा गोपालपुर उमाकांत विश्वकर्मा निजामाबाद कन्हैया विश्वकर्मा निजामाबाद आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

## सपा शिक्षक सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित

**प्रयागराज।** समाजवादी शिक्षक सभा की घोषित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में प्रयागराज जिले को काफ़ी महत्व दिया गया है। सपा शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. बी. पाण्डेय ने सोमवार को घोषित नई कार्यकारिणी में गाँधी इंटर कालेज पटेलनगर में प्रवक्ता डॉ सुरेश यादव एवं रानीपुर, हंडिया निवासी अभय राज यादव को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव पद पर क्रमशः प्रशांत सिंह को मनोनीत किया है। प्रोफेशर डॉ आफताब आलम को प्रदेश अध्यक्ष उच्च शिक्षा की जिम्मेदार दी गई है।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने डॉ सुरेश यादव सहित सभी पदाधिकारियों को स्थानीय नेताओं, कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए स्वागत किया है।

# सीओ गोवर्धन द्वारा फर्जी मुकदमा दर्ज कराना पड़ सकता है भारी मामला पहुंचा उच्चाधिकरियों से लेकर उच्च

## हठ धर्मिता वाडिया और आरोपियों की भिन्न भिन्न लोकेशन के बाद भी कार्यवाही करने की फिराक में है गोवर्धन पुलिस

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** पुलिस के विरुद्ध कोई मुंह नहीं खोले अन्यथा झूठे मुकदमे दर्ज कर जेल भेजने की आदि गोवर्धन पुलिस का एक और नया कारनामा सामने आया है जिसमे कि पुलिस की कुछ कारगुजारियों को प्रमुखता से प्रकाशित करने से नाराज सीओ गोवर्धन द्वारा वाडिया वा नामजद आरोपियों की घटना के समय एक जगह न होकर अलग अलग स्थानों पर लोकेशन होने उपरांत भी अपनी खुन्नस निकालने को झूठा जेल भेजने की हठधर्मिता निभाने को आतुर सीओ गोवर्धन खुद अपने ही बने षणयंत्र के तहत विभाग की सत्य निष्ठा को दाव पर लगा रहे हैं। विदित हो कि तत्कालीन थाना प्रभारी गोवर्धन को गुमराह अपने यार को खुश करने के लिए एक मीडियाकर्मी पर पहले गुंडा एक्ट की कार्यवाही करा दी गई जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा स्थगित कर उच्चाधिकारियों से जवाब तलब कर लिया गया तो बौखला कर मिथ्या मुकद्दने दर्ज कर दिनांक 3 अगस्त को विधि विरुद्ध अपने खास ऐसे दरोगा कस्बा चौकी इंचार्ज यशपाल सिंह यादव जो अपने ज्ञान के आगे प्रमुख सचिव गृह गोपनीय विभाग लखनऊ जैसे वरिष्ठ आई ए एस अधिकारी और न्यायिक अधिकारियों को बौना समझते है उनके द्वारा मीडियाकर्मी को घर से उठवाकर थाने की हवालात में बंद करा दिया गया और घंटों बाद दबाव बनाकर मन माफिक तरीके से तहरीर लिखवाकर पुछताछ हेतू थाने बुलाए जाने संबंधित जीडी में तस्करा अंकित कराकर थाने से छोड़ा गया था और उक्त तहरीर को आख्या सहित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मथुरा के यहां विचाराधीन 153(3) सीआरपीसी के प्रार्थना पत्र की पत्रावली में दाखिल करा दिया गया जिसकी शिकायत करने पर दुकान के विवाद को लेकर वर्षो से चली आ रही रंजिश और चिढ़ को हथियार बनाकर मिथ्या आरोप लगाने की आदतन महिला से छेड़छाड़ आदि की तहरीर लेकर फर्जी मुकद्दमा अपराध संख्या 500 सन 2023 दर्ज कर लिया गया जबकि तहरीर अनुसार घटना के समय वाडिया और नामजद आरोपियों की लोकेशन एक जगह पर नहीं है अपितु अलग अलग स्थानों पर है और अहम बात यह भी है कि दर्शाए गए साक्षी ई रिक्शा चालक का कोई अता पता नहीं है फिर भी सीओ गोवर्धन के दबाव में गोवर्धन पुलिस कार्यवाही कर जेल भेजने वा आरोप पत्र दाखिल करने को अमादा है। जबकि उक्त मुकदमे के दर्ज कराए जाने के उपरांत नामजद मीडियाकर्मी द्वारा उच्चाधिकारियों को प्रेषित प्रार्थना पत्रों और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखते हुए कुछ बिंदुओं को 1 तहरीर अनुसार घटना वाले दिन वादिया की लोकेशन कहां कहां रही है और अपने स्विंग पुल पर पहुंची अथवा नहीं और अपने पति को तो फोन द्वारा सूचना दे दी लेकिन 112 पर सूचना क्यों नहीं दी गई ? 2 - तहरीर अनुसार जिस ईरिक्शा को रोक कर घटना को अंजाम दिया गया उस ई रिक्शा चालक से नामजदों की पहचान कराई जाए और उसका बयान स्वतंत्र रूप से न्यायालय कर्मचारियों की मौजूदगी में कराया जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके ? 3 - वादिया और नामजद दोनों आरोपियों की लोकेशन एक दूसरे के साथ होनी चाहिए इसलिए उनकी लोकेशन निकालना न्यायहित में आवश्यक है और वहां मौजूद दुकानदारों नगर पंचायत कर्मचारियों और हर समय तैनात यातायात पुलिस कर्मियों के बयान दर्ज किए जाने भी न्यायहित में आवश्यक है ?

# चीन के भविष्य पर मंडराता दिख रहा संकट



चीन को अपने सफल आर्थिक मॉडल पर बड़ा गर्व था। इसके अलावा दुनिया में जहां भी थोड़े-बहुत कम्युनिस्ट बचे हैं वह भी चीन का उदाहरण देकर कम्युनिस्टों की आर्थिक नीतियों की सराहना किया करते थे। लेकिन चीन का आर्थिक मॉडल ढहने की स्थिति में आते ही दुनिया भर के कम्युनिस्टों ने चुप्पी साध ली है। दूसरी ओर चीन अपनी अर्थव्यवस्था को ढहने से बचाने के लिए उसकी मरम्मत के जो भी उपाय कर रहा है वह विफल हो जा रहे हैं जिससे दुनिया भर के आर्थिक विशेषज्ञ भी हैरत में हैं। दरअसल अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के चलते ही चीन का पूरी दुनिया में दबदबा था लेकिन अब चीन की मजबूती का आधार ही बचने की स्थिति में नहीं नजर आ रहा है जिससे उसके भविष्य पर संकट मंडराता दिख रहा है।

**चीन का 40 साल पुराना आर्थिक मॉडल चरमराने से दुनियाभर के कम्युनिस्टों ने अपने होंठ सिल लिये हैं**

चीनी अर्थव्यवस्था के आंकड़े दर्शा रहे हैं कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था गहरे संकट का सामना कर रही है। चीन के 40 साल के सफल वृद्धि मॉडल को चरमराते देख वैश्विक अर्थशास्त्रियों का मानना है कि चीन बहुत धीमी वृद्धि के युग में प्रवेश कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रतिकूल जनसांख्यिकी और अमेरिका तथा उसके सहयोगियों के साथ चीन की बढ़ती दूरियों से इस देश की आर्थिक स्थिति और खराब हो गई है। बताया जा रहा है कि चीन में विदेशी निवेश और व्यापार में लगातार तेज गिरावट आने से चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग दिन भर अपने कार्यालय में माथा पकड़ कर बैठे रहते हैं। जिनपिंग आर्थिक विशेषज्ञों की इस भविष्यवाणी से भी परेशान बताये जा रहे हैं जिसमें कहा गया है कि चीन में आर्थिक कमजोरी का यह दौर अस्थायी नहीं है बल्कि इसका लंबे समय तक असर देखने को मिलेगा।


आर्थिक विशेषज्ञों का तो यहां तक मानना है कि चीन की अर्थव्यवस्था जिस तरह रसातल में जा रही है वह आर्थिक इतिहास की सबसे बड़ी घटना होने जा रही है। बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि चीनी सरकार व सरकार के स्वामित्व वाली कंपनियों के विभिन्न स्तरों के कर्ज सहित कुल ऋण 2022 तक चीन के सकल घरेलू उत्पाद का करीब 300 प्रतिशत हो गया था, जो अमेरिकी स्तर को पार कर गया। हम आपको बता दें कि यह अनुपात 2012 में 200 प्रतिशत से भी कम था। यही नहीं, खुद चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (एनबीएस) ने जून महीने में कहा था कि चीन का सकल घरेलू उत्पाद 2023 की पहली छमाही (एच1) में सालाना आधार पर 5.5 प्रतिशत बढ़ा। पहली छमाही में चीन की जीडीपी 59,300 अरब युआन रही। आंकड़े दर्शाते हैं कि महामारी के बाद पहली तिमाही में तेज शुरुआत के बाद चीन की अर्थव्यवस्था में रिकवरी धीमी हो गई है क्योंकि चीनी उत्पादों की देश और विदेश में मांग कमजोर हो गई है और अर्थव्यवस्था को समर्थन देने वाली चीन सरकार की नीतियां आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में विफल रहीं हैं।

चीन के हालात पर गौर करें तो एक चीज जो सबसे पहले स्पष्ट रूप से उभर कर आती है वह यह है कि कोरोना वायरस के जनक चीन ने ही कोविड महामारी का दंश भी सबसे ज्यादा झेला लेकिन उसने यह बात कभी स्वीकारी नहीं। अब जब चीन में कोरोना के सख्त प्रतिबंध हटे तो लोग पहले जैसा जीवन जीना चाहते हैं लेकिन आर्थिक संकट उन्हें ऐसा नहीं करने दे रहा। चीनी मीडिया की खबरों के अनुसार लोग अब खर्च की बजाय बचत पर ज्यादा जोर दे रहे हैं क्योंकि लोगों को लगता है कि कठिन समय के लिए पैसा बचा कर रखना बेहद जरूरी है। वैश्विक मीडिया रिपोर्टों को भी देखेंगे तो पता चलता है कि लोग आगे किसी अप्रत्याशित बीमारी आने पर ईलाज के लिए पैसे बचा रहे हैं या अगर नौकरी चली जाये तो अगली नौकरी मिलने तक के खर्चे चलाने के लिए पैसा बचा रहे हैं।

ऐसा इसलिए क्योंकि चीन का रोज़गार बाज़ार बेहद कमज़ोर बताया जा रहा है। वहां युवा बेरोज़गारी 21त्न से ऊपर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। बेरोजगारी और नौकरी खोने के डर के चलते चीनी नागरिक बच्चे पैदा करने से बच रहे हैं। यह स्थिति तब है जब चीन की आबादी बूढ़ी हो रही है और जनसंख्या सिकुड़ रही है। चीन सरकार हालांकि बाजार में मांग को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय कर रही है जिनमें कार और घरेलू उपकरणों पर सब्सिडी, रेस्तरां के खुलने का समय बढ़ाना और पर्यटन और मनोरंजन गतिविधियों को बढ़ावा देना शामिल है। लेकिन इसका कोई असर नहीं हो रहा है। उद्योग जगत ने भी सरकार के प्रयासों को नाकाफी बताया है। अर्थशास्त्रियों का यह भी कहना है कि चीन इस समय डिफलेशन यानि अपस्फीति का सामना कर रहा है। अपस्फीति का मतलब यह है कि लोगों के पास पैसा भले है लेकिन वह उत्पाद नहीं खरीद रहे, लोग उत्पाद नहीं खरीद रहे तो उनकी कीमतें कम हो रही हैं, फैक्ट्रियां उनका उत्पादन घटा रही हैं और रोजगार के अवसरों को कम कर रही हैं। देखा जाये तो यह स्थिति ज्यादा दिन चली तो चीन की अर्थव्यवस्था का तबाह होना निश्चित है।

आंकड़े दर्शाते हैं कि चीन के फैक्ट्री-गेट कीमतों में जुलाई में गिरावट आई, क्योंकि चीनी अर्थव्यवस्था बाजार में मांग को बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रही है। अगस्त माह के आंकड़े भी जब आयेंगे तो वह जुलाई से खराब ही होंगे। जुलाई माह में चीन के निर्यात और आयात दोनों में गिरावट देखी गई थी और अगस्त में भी यही हाल रहेगा। इसके अलावा, चीन का रियल एस्टेट सेक्टर और बैंकिंग क्षेत्र भी तमाम तरह की चुनौतियों से जूझ रहा है। कम बैंक ब्याज दरों के बावजूद, चिंतित उपभोक्ता और कंपनियां पैसा खर्च करने या निवेश करने की बजाय नकदी को जमा करने पर तरजीह दे रहे हैं। बहरहाल, चीन के पश्चिमी देशों से टकराव और उसकी विस्तारवादी नीतियों के चलते जो आर्थिक शीत युद्ध चल रहा है उसका खामियाजा भी चीन को उठाना पड़ रहा है। चीन में विदेशी निवेश लगभग बंद हो चुका है और कई बड़ी कंपनियां चीन को छोड़ चुकी हैं। इसके अलावा चीन जैसे कम मेहनताने वाले श्रमिक और बेहतर तकनीक अब कई एशियाई देशों में उपलब्ध है इसलिए बाहरी उद्योग अब चीन को छोड़ रहे हैं। इसके अलावा, चीन ने बहुत से देशों के संसाधनों पर कब्जे की नीयत से उन्हें जो भारी कर्ज दिया था उसकी भरपाई कहीं से नहीं हो पा रही है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी बीआरआई परियोजना पर अब तक अरबों डॉलर खर्च हो चुके हैं। लेकिन यह योजना भी विफल होती नजर आ रही है। कुल मिलाकर चीन का आर्थिक भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है जिसका बड़ा असर उसकी विस्तारवादी नीतियों पर पड़ सकता है। देखना होगा कि क्या चीन भी पाकिस्तान की राह पर चलते हुए खराब आर्थिक संकट के बावजूद पड़ोसियों से झगड़ा बढ़ाने को ही वरीयता देता है या मिलकर रहने को तरजीह देता है।

# अमेरिका के कॉन्सर्ट में मुकेश ने ली थी आखिरी सांस, हिंदी सिनेमा को दिए कई सदाबहार गीत



हिंदी सिनेमा में गुजरे हुए जमाने के गायकों ने भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यह गायक अपने बेहतरीन और सदाबहार गानों के लिए आज भी याद किए जाते हैं। लेकिन आज हम इस आर्टिकल के जरिए जिस गायक की बात कर रहे हैं, वह अभिनेता राज कपूर की आवाज कहे जाते थे। आज भी वह अपने गाए हुए गानों से लोगों के दिलों में जिंदा हैं। बता दें कि आज ही के दिन यानी की 27 अगस्त को फेमस सिंगर मुकेश का निधन हो गया था। भले ही वह आज हमारे बीच मौजूद नहीं है। लेकिन उनके द्वारा गाए गए गानों को आज भी लोग गुनगुनाते हैं।

मुकेश की फैन फॉलोइंग सिर्फ देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी थी। उनकी आवाज को विदेशों में भी काफी ज्यादा पसंद किया जाता था। मुकेश ने %दोस्त-दोस्त न रहा%, %जीना यहां मरना यहां%, %कहता है जोकर%, %आवारा हूं% जैसे कई सुपरहिट गाने गाए हैं। लोगों को इस बात की खुशी रही कि मुकेश अपने आखिरी समय में भी अपना पसंदीदा गाना गाते हुए इस दुनिया को छोड़कर गए।

## जन्म और शिक्षा

बता दें कि 22 जुलाई 1923 में जन्मे मुकेश का पूरा नाम मुकेश चंद्र माथुर था। इनके पिता जोरावर चंद्र माथुर पेशे से इंजीनियर थे। मुकेश 10 भाई-बहन थे और वह छठे नंबर पर थे। उन्हें बचपन से ही गाने का काफी ज्यादा शौक था। वह अपने क्लास के साथियों को भी अक्सर गाना गाकर सुनाया करते थे। हालांकि 10वीं के बाद उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी और पीडब्लूडी में नौकरी करने लगे। लेकिन मुकेश का मन नौकरी में नहीं लगता था। क्योंकि वह हमेशा से फिल्मों में काम करना चाहते थे।

## ऐसे पहुंचे मायानगरी

एक बार मुकेश अपने किसी रिश्तेदार मोतीलाल की बहन की शादी में गाना गा रहे थे। इस दौरान उनके रिश्तेदार को मुकेश की आवाज इतनी ज्यादा पसंद आई कि वह उनको लेकर मुंबई आ गए। यहां पर मोतीलाल ने मुकेश को गाने की ट्रेनिंग दिलवाई। जिसके बाद साल 1941 में मुकेश को फिल्म %निर्दोष% में अभिनय का मौका मिला। साथ ही इस फिल्म के सभी गाने भी उन्होंने गाए। इसके बाद मुकेश ने %आह%, %अनुराग% %माशूका% और %दुल्हन% जैसी फिल्मों में भी बतौर एक्टर अभिनय किया।

## राज कपूर की आवाज थे अभिनेता

मुकेश और राज कपूर में काफी ज्यादा गहरी दोस्ती थी। मुश्किल समय में दोनों एक-दूसरे की मदद के लिए तैयार रहते थे। वहीं साल 1959 में राज कपूर को ऋषिकेश मुखर्जी की फिल्म %अनाड़ी% ने पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड दिलाया। तो वहीं राज कपूर के जिगरी दोस्त मुकेश को भी फिल्म %अनाड़ी% के %सब कुछ सीखा हमने न सीखी होशियारी% गाने के लिए बेस्ट प्ले बैक सिंगर का फिल्म फेयर अवॉर्ड मिला था।

## हर सुपरस्टार की थे आवाज

मुकेश ने अपने 40 साल के लंबे फिल्मी कॅरियर में करीब 200 से अधिक फिल्मों के लिए गाने गाए हैं। उस दौरान वह हर सुपरस्टार की आवाज बन गए थे। मुकेश की आवाज का जादू लोगों पर इस कदर छाया था कि एक बार जब एक लड़की बीमार हो गई। तब उस लड़की ने अपनी मां से कहा कि अगर मुकेश उसे अपना गाना सुनाएंगे तो शायद वह ठीक हो जाए। वहीं जब मुकेश को इस बात का पता चला तो वह बिना देर किए लड़की से मिलने के लिए पहुंच गए और उसे गाना गाकर सुनाया।

## दर्द भरे गीतों से मिली पहचान

मुकेश ने हर तरह के गानों में अपनी आवाज दी है। लेकिन उनको असली पहचान दर्द भरे गीतों से ज्यादा मिली है। बता दें कि उन्होंने %दोस्त दोस्त न रहा% %दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई% %अगर जिंदा हूं मैं इस तरह से%, %ये मेरा दीवानापन है%, %ओ जाने वाले हो सके तो लौट के आना% और %मेरा जूता है जापानी% जैसे कई गाने गाए। वह फिल्मफेयर अवॉर्ड पाने वाले पहले सिंगर थे।

## मौत

अमेरिका में एक स्टेज शो में 27 अगस्त 1976 को मुकेश परफॉर्म कर रहे थे। इस दौरान वह %एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल, जग में रह जाएंगे प्यारे तेरे बोल% गाना गा रहे थे। इस दौरान उनको दिल का दौरा पड़ा और उन्होंने सदा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह दिया। बताया जाता है कि मुकेश की मौत की खबर सुन उनके दोस्त और अभिनेता राज कपूर के मुंह से आवाज भी नहीं निकली। राज कपूर ने कहा कि मुकेश के जाने से उनकी आवाज और आत्मा दोनों चली गई हैं।

## हमारे संज्ञान में नहीं आया है संज्ञान, अंतर्ज्ञान और अंतर्धान

व्यंग्यकार प्रभात कुमार उर्फ संतोष उत्सुक का व्यंग्य संग्रह हमारे संज्ञान में नहीं आया है पढ़ने को मिला। व्यंग्य लेखन की दुनिया में यह गागर में सागर सरीखा प्रतीत हुआ। इसमें समकालीन लोकतांत्रिक, प्रशासनिक, न्यायिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दुनिया की विडंबनाओं यानी मतलबी प्रवृति पर गहरा तंज मिलता है। चूंकि व्यंग्य में सबकुछ पारदर्शी नहीं होना चाहिए, कुछ अनकहा भी होना चाहिए। इसलिए व्यंग्यकार ने अपनी लक्ष्मण रेखा नहीं लांघी है, बल्कि कतिपय गम्भीर प्रतीकों और प्रतिमानों के जरिए अपनी बात खुलकर लिखी है। सम्भवतया बूझो तो जाने सरीखी चुनौती सुधी पाठकों को दे रखी है। इंडिया नेटबुक्स प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा, गौतमबुद्धनगर द्वारा प्रकाशित इस व्यंग्य संग्रह में कुल 128 पृष्ठ हैं और कवर सहित 132 पेज। इसके पेपर बैक संस्करण का मूल्य मात्र 250/- रुपये है। अपने 52 व्यंग्य अध्यायों में व्यंग्यकार ने जीवन के हरेक चर्चित पहलुओं पर सूक्ष्म कटाक्ष करने की विनम्र कोशिश की है, जो गम्भीर पाठकों को बहुत ही रोचक लगेगी। वैसे व्यंग्यकार राजेन्द्र धोड़पकर की प्रस्तावना और अशोक गौतम की समालोचना पढ़ने के बाद इसमें और अधिक रम जाने का मन अवश्य करेगा। मैं यहाँ स्पष्ट कर दूं कि प्रभात कुमार और संतोष उत्सुक एक ही व्यक्ति हैं, जो दो नामों से अपना रचना संसार रचाते-बसाते रहते हैं। बस उनसे उम्मीद यही होनी चाहिए कि वे अपने व्यंग्य के दायरे को और ज्यादा व्यापक करें, ताकि हरिशंकर परसाई और शरद जोशी जैसी रोचकता और गम्भीरता इनकी रचनाओं में भी बनी रहे। यूँ तो समाज में व्याप्त विसंगतियों को टटोलने का उन्होंने दिलचस्प जज्बा दिखाया है, लेकिन सामाजिक असहिष्णुता, अन्याय और गैर बराबरी की बढ़ती प्रवृति पर जिस अंदाज में व्यंग्यात्मक चोट होनी चाहिए, बस उसकी थोड़ी सी कमी महसूस होती है। अधिकांश लोगों का मानना है कि हिंदी समाज में अन्याय और दमन ज्यादा होता है। इस पट्टी में तानाशाही वाली प्रवृति भी दृष्टिगोचर होती रहती है। इसलिए हिंदी पट्टी में व्यंग्य लेखन की डिमांड ज्यादा है। वैसे भी प्रभात कुमार की व्यंग्य विधा में गतिशीलता और सक्रियता झलकती है। जिससे उम्मीद है कि इनके व्यंग्य सरल और सहज भाषा में पाठकों के बीच अपना स्थान शीघ्र बना लेंगे। इस व्यंग्य संग्रह में उठाई हुई समस्याएं नितांत हमारे-आपके आसपास की प्रतीत होती हैं, जिनसे बहुधा हमलोग चलते-फिरते कहीं न कहीं जाने-अनजाने में दो-चार होते ही रहते हैं। सच कहूं तो यह व्यंग्य संग्रह अपने आसपास की विसंगतियों से उपजे व्यंग्यों का समुच्चय ही है, जो हमारी व्यवस्था की विसंगतियों और समाज में व्याप्त विद्रूपताओं पर हर कोण से तीखे प्रहार करने में पूरी तरह सक्षम हैं। इसमें बात कहने का जो मौलिक और चुटीला अंदाज है, वही इनके प्रशंसकों को इनके साथ जोड़ता है। मसलन, हमारे आसपास की लोकशाही, नेताशाही, अफसरशाही द्वारा मुस्कुराते हुए काम टाल जाने का कड़वा सच है। इसलिए इन्होंने अपने व्यंग्य में उन स्टैम्प नेताओं पर कड़ा प्रहार किया है, जिन्हें नचाने वाला सूत्रधार पर्दे के पीछे होता है और मनमाफिक कठपुतलियों की तरह नचाता रहता है।

# सिरदर्द की समस्या से हो गए हैं परेशान, तो यह हो सकती है वजह



आजकल की भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल में सिरदर्द होना एक आम समस्या हो गई है। हालांकि सिरदर्द के कई कारण हो सकते हैं। जिनमें तनाव, गैस, गलत खान-पान, सर्दी-जुकाम और थकान वगैरह भी सिरदर्द की वजह हो सकती है। सिरदर्द के पीछे का एक कारण शरीर में पोषक तत्वों की कमी भी हो सकती है। अक्सर सिर दर्द होने पर हम पेन किलर खा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं। ऐसे में अगर आपको भी अक्सर सिरदर्द की समस्या रहती है, तो इसके पीछे का कारण जानना बेहद जरूरी होता है। साथ ही सिरदर्द को दूर करने के तरीकों के बारे में भी जानकारी होना जरूरी है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सिरदर्द होने के कारण और इससे बचने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

## जानिए सिरदर्द के पीछे का कारण

हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो जब शरीर में सोडियम की कमी होती है, तो सिरदर्द हो सकता है। वहीं अगर आप अक्सर सिर दर्द की समस्या से परेशान रहते हैं, तो आपको सोडियम लेवल की जांच जरूर करवानी चाहिए। क्योंकि शरीर में सोडियम की कमी होने पर थकान, भूख में कमी और चिड़चिड़ापन के लक्षण नजर आ सकते हैं। बता दें कि लंबे समय तक शरीर में सोडियम की कमी होने पर हमारे शरीर के कई फंक्शन्स पर भी असर पड़ता है। यहां तक की कई बार सोडियम की कमी से व्यक्ति बेहोश तक हो जाता है। सोडियम की कमी होने पर लोगों के सिर में दर्द बना रहता है।

## ऐसे दूर करें सोडियम की कमी



व्यक्ति के शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी होने पर सोडियम लेवल में कमी आ सकती है। ज्यादा पसीना या ज्यादा यूरिन आने के कारण भी ऐसा हो सकता है। ऐसे में आप अपनी डाइट में सोडियम की मात्रा कम लेते हैं, तो खाने में नमक की मात्रा का खास ख्याल रखना चाहिए। इसके साथ ही शरीर में पानी की सही मात्रा का होना भी काफी जरूरी होता है। क्योंकि शरीर में पानी की कमी होने पर डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। डिहाइड्रेशन से भी शरीर में सोडियम की कमी हो सकती है। ऐसे में अगर आपको अक्सर सिरदर्द रहता है, तो हो सकता है कि आप पर्याप्त मात्रा में पानी ना पी रहे हों। वहीं उल्टी व दस्त की समस्या होने पर भी शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का बैलेंस बनाए रखने के लिए आप नमक की सही मात्रा का सेवन करें।

## बच्चों के कब्ज की समस्या को दूर करेंगे ये उपाय

कब्ज एक ऐसी समस्या है, जो सिर्फ बड़ों को ही नहीं, बच्चों को भी परेशान कर सकती है। खासतौर से, जब बच्चे फार्मूला मिल्क लेते हैं या फिर सॉलिड फूड लेते हैं तो उनके बाउल मूवमेंट में परेशानी हो सकती है। ऐसे में उन्हें कब्ज की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। यूं तो बच्चों को कब्ज की समस्या होने पर डॉक्टर से सलाह लेने की हिदायत दी जाती है, लेकिन कुछ आसान घरेलू उपाय भी उनकी काफी मदद कर सकते हैं।

## पेट की करें मालिश

शिशुओं और छोटे बच्चों में कब्ज की समस्या होने पर पेट की मालिश करना एक अच्छा विचार हो सकता है। आप बच्चे की हल्की मसाज करें या फिर उसके पैरों को साइकिल चलाने की तरह चलाएं। इससे उसे मल त्याग करने में काफी मदद मिलती है।

## नेचुरल लैक्सेटिव की लें मदद

जब बच्चे को कब्ज की शिकायत होती है तो ऐसे में उसे नेचुरल लैक्सेटिव देना अच्छा विचार हो सकता है। इसलिए, आप उसकी डाइट में आलूबुखारा, सेब और नाशपाती आदि को शामिल करें। इन फलों में सोर्बिटोल नामक शुगर पाया जाता है, जो आंतों में पानी खींचकर मल को नरम करती है। जिससे बच्चे को कब्ज में आराम मिलता है।

## पानी की मात्रा बढ़ाएं

एक वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को अपनी डाइट में पानी की मात्रा बढ़ा देनी चाहिए। यह शरीर को हाइड्रेटेड रखता है, जिससे मल त्यागने में भी आसानी होती है। जब बच्चे पर्याप्त मात्रा में पानी पीते हैं, तो इससे कब्ज को रोकने में मदद मिलती है।

## बढ़ाएं फाइबर की मात्रा

जब बच्चे की डाइट में फाइबर की मात्रा बढ़ाई जाती है तो इससे बच्चे को स्टूल पास करने में आसानी होती है। कोशिश करें कि आप बच्चे की डाइट में फल व सब्जियों की मात्रा बढ़ाएं। ऐसे फल व सब्जी का सेवन करें, जिनमें पानी व फाइबर भरपूर हो।

## डेयरी को करें कम

अगर बच्चा इन दिनों कब्ज से जूझ रहा है तो उसकी डाइट में डेयरी की मात्रा थोड़ी कम कर दें। अत्यधिक डेयरी का सेवन विशेषकर दूध कब्ज पैदा कर सकता है। कई बच्चों में गाय के दूध में पाए जाने वाले प्रोटीन के प्रति सेंसेटिविटी होती है। इसके अलावा, अन्य डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे पनीर या चीज भी कब्ज पैदा कर सकते हैं।

# मानव सेवा के लिए मदर टेरेसा ने समर्पित कर दिया था पूरा जीवन



भले ही मदर टेरेसा जीते जी संत घोषित नहीं हुई थीं। लेकिन उनका पूरा जीवन एक संत की तरह था। मदर टेरेसा सभी से प्रेम से मुलाकात करती थी। उनमें करुणा का भाव कूट-कूटकर भरा था। उन्होंने मानव सेवा का जो जज्बा अपने अंदर पाला था। वह बेमिसाल था। बता दें कि आज यानी की 26 अगस्त के दिन मदर टेरेसा का जन्म हुआ था। उन्होंने अपने सेवा के संकल्प को पूरा करने के लिए अकेले संघर्ष करना शुरू कर दिया था। इस संघर्ष में कई साल गुजरते चले गए और वह दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ती चली गईं। इसी तरह एक दिन पूरी दुनिया उनकी कायल हो गई।

## जन्म और शिक्षा

अल्बानिया में 26 अगस्त 1910 को मदर टेरेसा का जन्म हुआ था। उनके जन्म के अगले दिन उनको ईसाई धर्म की दीक्षा मिल गई। जिसके कारण वह अपना जन्मदिन 27 अगस्त को मनाया करती थी। उनके बचपन का नाम एग्नेस था। साथ ही उन पर बचपन से ही मिशिनरी जीवन का काफी प्रभाव था। उन्होंने बंगाल के मिशिनरियों के सेवाकार्य के बारे में काफी कुछ सुना था। जिसके कारण उनके मन में भारत आने के विचार आने लगे थे।

**गरीबों की बनी थीं सहारा**

## सेवा धर्म का लिया फैसला

बता दें कि एग्नेस ने महज 18 साल की उम्र में अपना पूरा जीवन धर्म को समर्पित करने का फैसला कर लिया। इसके बाद वह आयरलैंड के इंस्टीट्यूट ऑफ ब्लेस्ड वर्जिन मेरी चली गईं। यहां पर उन्होंने अंग्रेजी सीखी। जिससे कि वह भारत जाने के सपने को पूरा कर सकें। भारत में सिस्टर्स ऑफ लोरेटों की निर्देश अंग्रेजी भाषा थी। इसके बाद एग्नेस ने अपने घर वालों को कभी नहीं देखा।

## ऐसे बनीं मदर टेरेसा

साल 1929 में एग्नेस भारत पहुंची और फिर दार्जलिंग में रहकर वह बंगाली भाषा सीखने लगी। इसके अलावा उन्होंने कॉन्वेंट के पास शिक्षण कार्य भी शुरू किया।

साल 1931 में एग्नेस ने अपनी पहली धर्म प्रतिज्ञा ली और अपना नाम मदर टेरेसा रख लिया। इसके बाद मदर टेरेसा ने कलकत्ता में करीब 20 साल कर एनटैले के लोरेट कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ाने का कार्य किया। लेकिन बार-बार उनका मन कलकत्ता में फैली गरीबी को देखकर द्रवित हो उठता था।

## ईश्वर का आदेश

साल 1943 में बंगाल में आए अकाल और फिर इसके बाद साल 1946 में सांप्रदायिक हिंसा ने मदर टेरेसा को काफी ज्यादा परेशान कर दिया था। इस दौरान जब वह दार्जलिंग जा रही थीं। तब उनके अंदर के एक आवाज आई। उन्हें ऐसा लगा जैसे ईश्वर उनसे गरीबों की सेवा किए जाने का आदेश दे रहे हैं। उसी पल से मदर टेरेसा ने शिक्षण कार्य को पूरी तरह से छोड़ दिया और मानव सेवा करने का संकल्प ले लिया।

## संघर्ष से की शुरुआत

इसके बाद मदर टेरेसा ने स्कूल छोड़ने की इजाजत ले ली। हालांकि उन्होंने साल 1948 से पूरी तरह से गरीबों के लिए मिशिनरी कार्य शुरू किया। वह दो साधारण सी कपास की साड़ी पहनती थीं, इन साड़ियों में नीली पट्टी थीं।

वह गरीबों की झोपड़ी में जाकर रहने लगीं। जब उनको किसी प्रकार का सहयोग नहीं प्राप्त हुआ तो उन्होंने खुद को जिंदा रखने व अपने संकल्प को पूरा करने के लिए भीख तक मांगी। जबकि लोगों ने उनको संदेह के नजरिए से देखते हुए नजरअंदाज करने लगे।

## बिना भेदभाव के सेवा

लेकिन अपनी दृढ़ संकल्प शक्ति के आगे मदर टेरेसा कहां झुकने वाली थीं। धीरे-धीरे कुछ युवा महिलाएं उनके साथ जुड़ीं। इनकी मदद से पुअरेस्ट अमंग द पुअर नामक धार्मिक समुदाय बना। जहां पर वह बिना किसी भेदभाव के विशुद्ध मन से लोगों की सेवा करती थीं। उनके कार्य को देख अन्य लोग भी मदर टेरेसा का सहयोग करने लगे। बता दें कि मदर टेरेसा ने कोढ़ रोगियों के लिए कई विशेष कार्य किए। कोढ़ से पीड़ित व्यक्ति को समाज से बाहर कर दिया जाता था। लेकिन यह मदर टेरेसा का सेवाभाव ही था, जो उनको लोगों के साथ लाकर खड़ा कर देता था।

## सम्मान

साल 1950 में मदर टेरेसा को वैटिकन से उनके मिशनरीज ऑफ चैरिटी की स्वीकृति मिली। अति गरीब लोगों की निस्वार्थ सेवा के लिए यह धार्मिक सिस्टर्स समूह पूरे मन से सेवाएं दे रहा था। धीरे-धीरे उनका काम हर जगह फैलता चला गया।

साल 1979 में मदर टेरेसा के सेवा कार्यों को देखते हुए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लेकिन इस दौरान उन्होंन प्राइज मनी लेने से इंकार कर दिया था। मदर टेरेसा ने प्राइज मनी को भारत के गरीबों में दान करने के लिए कहा था।

इसके बाद मदर टेरेसा को साल 1980 में भारत सरकार द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया।

## मौत

बता दें कि भारत सहित दुनिया के कई देशों में दीन-दुखियों की सेवा में अपना पूरा जीवन लगाने वाली मदर टेरेसा को 5 सितंबर 1997 को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उन्होंने अपना पूरा जीवन अनाथ, बीमार और गरीबों की सेवा में लगा दिया था।

# यूडीएफ ने विजयन सरकार की एआई कैमरा परियोजना पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में सत्तारूढ़ एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने मंगलवार को राज्य में यातायात उल्लंघनों का पता लगाने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से एआई कैमरों की स्थापना को लेकर आरोप-प्रत्यारोप किया। विपक्ष ने सवाल उठाया कि सरकारी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी केलट्रॉन को परियोजना का ठेका क्यों दिया गया, जबकि वह कथित तौर पर कोई संबंधित घटक नहीं बनाती है। विधानसभा में विपक्ष के आरोप के जवाब में, एलडीएफ ने आरोप को गैर-जिम्मेदाराना और अनुचित करार देते हुए पलटवार किया और कहा कि यूडीएफ ने अपने शासन के दौरान राज्य भर में कैमरे स्थापित करने के लिए केल्ट्रोन की सेवाओं का इस्तेमाल किया था।

**केल्ट्रॉन**

**राजू ने यह भी याद दिलाने की कोशिश की कि केल्ट्रॉन द्वारा बनाए गए घटकों का उपयोग इसरो के चंद्रयान -3 और आदित्य एल 1 मिशन में किया गया था।**



राज्य के परिवहन मंत्री एंटनी राजू और उद्योग मंत्री पी राजीव ने कहा कि यह वरिष्ठ कांग्रेस विधायक तिरुवंचूर राधाकृष्णन का बेहद अनुचित और गैर-जिम्मेदाराना बयान है कि सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (पीएसयू) केरल राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (केल्ट्रोन) कोई घटक नहीं बनाता है।मंत्रियों ने तर्क दिया कि यह राधाकृष्णन ही थे, जब वह पिछली यूडीएफ सरकार में गृह मंत्री थे, जिन्होंने एआई कैमरा परियोजना की तुलना में बहुत अधिक लागत पर पूरे केरल में कैमरे स्थापित करने के लिए पीएसयू की सेवाओं का उपयोग किया था।

राजू ने यह भी याद दिलाने की कोशिश की कि केल्ट्रॉन द्वारा बनाए गए घटकों का उपयोग इसरो के चंद्रयान -3 और आदित्य एल 1 मिशन में किया गया था। उन्होंने कहा, ÷तो कृपया यह न कहें कि केल्ट्रोन सिर्फ मूकदर्शक है। आपको अपना बयान वापस लेने के लिए तैयार रहना चाहिए। केल्ट्रॉन राज्य और देश के लिए गर्व का स्रोत है।

राजू ने सदन में विपक्ष के उन आरोपों से भी इनकार किया कि परियोजना को निविदा दस्तावेज के अनुसार बूट (बिल्ड, ओन, ऑपरेट, ट्रांसफर) मॉडल पर लागू किया जाना था, लेकिन बाद में इसे वार्षिकी मोड में बदल दिया गया।

उन्होंने कहा कि परियोजना दस्तावेज में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यह एक साधारण बूट मॉडल नहीं था क्योंकि भुगतान वार्षिकी मोड के अनुसार किया जाना था। मंत्री ने यह भी कहा कि एआई कैमरों ने राज्य में दुर्घटनाओं और उनके परिणामस्वरूप होने वाली चोटों और मौतों के साथ-साथ यातायात उल्लंघन को कम करने में मदद की है। राजू ने तर्क दिया कि तमिलनाडु और कर्नाटक जैसे अन्य राज्यों के अधिकारी इसे लागू करने के लिए परियोजना का अध्ययन करने के लिए यहां आए हैं। राजू ने यह भी कहा कि केल्ट्रोन ने बुनियादी ढांचे की स्थापना की और कैमरों को संचालित करने के लिए कर्मचारियों को नियुक्त किया और संचालन भी किया, कैमरों का स्वामित्व मोटर वाहन विभाग के पास है।

## जहरीला खाना खाने से 78 छात्राएं अस्पताल में भर्ती, उल्टी और पेट दर्द की शिकायत

**हैदराबाद।** तेलंगाना में मंगलवार (12 सितंबर) को जहरीला खाना खाने की वजह से 70 से ज्यादा छात्रों की अचानक तबियत खराब होने के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि निजामाबाद जिले में एक आवासीय बालिका विद्यालय की 78 छात्राएं खाना खाने के बाद बीमार हो गईं। इसके बाद स्कूल में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में बच्चों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। निजामाबाद जिले के भीमगल कस्बे में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की कई छात्राओं ने संदिग्ध जहरीला खाना खाने के कारण सोमवार की उल्टी और पेट दर्द की शिकायत की। अधिकारी ने कहा कि कुल 78 छात्रों को भीमगल और निजामाबाद के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने इसे हल्का जहरीला खाना खाने की वजह से मामला बताया है।

## सुप्रीम कोर्ट से रिटायर्ड कर्नल और प्रोफेसर को राहत, FIR को लेकर मणिपुर पुलिस की दंडात्मक कार्रवाई पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सेवानिवृत्त कर्नल के खिलाफ दर्ज एक मामले में मणिपुर पुलिस की किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से बचा लिया है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रोफेसर को भी बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने प्रोफेसर के भाषण के आधार पर दर्ज एक मामले में दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा प्रदान की है। बता दें कि सेवानिवृत्त कर्नल के खिलाफ मणिपुर



पुलिस ने बीते साल जनवरी में प्रकाशित हुई उनकी एक किताब की सामग्री के आधार पर FIR दर्ज की थी। जबकि प्रोफेसर के खिलाफ मणिपुर पुलिस ने एक भाषण को लेकर मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले को लेकर दोनों याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। CJI डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इन दलीलों पर गौर किया कि कोई भी वकील उनके मामले को उठाने और मणिपुर हाईकोर्ट में पेश होने के लिए तैयार नहीं है। इस पर पीठ ने नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, 'हम आपसे हलफनामा दाखिल करने के लिए कह रहे हैं कि कोई भी वकील ऐसा नहीं है जो आपके लिए मणिपुर के हाईकोर्ट में पेश होना चाहता हो। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने दोनों लोगों को राहत देते हुए किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी। वहीं, मणिपुर सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इस मामले को मणिपुर हाईकोर्ट में भी निपटाया जा सकता था, लेकिन अब सीधे सुप्रीम कोर्ट के रुख करने का पैटर्न बन गया है। इस पर पीठ ने कहा कि अगर वकील पेश नहीं हो रहे हैं तो हम कानूनी सहायता की व्यवस्था भी कर सकते हैं या फिर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से रिपोर्ट मांगेंगे। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील आनंद ग्रोवर ने कहा कि एक मामले में पेश हुए वकील को इसलिए हटना पड़ा क्योंकि उनके चैंबर में तोड़फोड़ की गई और उन पर हमला भी किया गया। उन्होंने कहा कि वह एक सेवानिवृत्त कर्नल हैं। उन्होंने बताया कि जिसे लेकर विवाद बनाया जा रहा है, उसके बारे में किताब में एक भी शब्द नहीं है, सिर्फ सैन्य रणनीति का जिक्र है।

इस पर पीठ ने रिटायर्ड कर्नल को राहत दी और कहा कि एकलौता सवाल यह है कि क्या हमें उनकी रक्षा करनी चाहिए और इस मामले को हाईकोर्ट में वापस भेजना चाहिए। हालांकि, सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा उन्हें सुरक्षा प्रदान किए जाने को लेकर आपत्ति नहीं है, लेकिन मुद्दा यह है कि जब मणिपुर हाईकोर्ट काम कर रहा है तो सीधे शीर्ष अदालत में जाने का क्या यह सही तरीका है। जानकारी के अनुसार, पूर्व सैन्य अधिकारी विजयकांत चेनजी और प्रोफेसर हेनमिनलुन ने मणिपुर में उनके खिलाफ दर्ज स्नद्धक्र को रद करने के लिए अलग-अलग याचिकाएं दायर की थी। हालांकि, कोर्ट ने उनसे एक हलफनामा दाखिल करने को कहा है।

## दो लोगों की अप्राकृतिक मौत के बाद अलर्ट पर प्रशासन, निपाह वायरस की पुष्टि के लिए पुणे भेजे गए सैंपल

**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड जिले से दो अप्राकृतिक मौतों की सूचना मिली है। जिसके बाद, केरल सरकार ने पुणे में राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान को घातक निपाह वायरस की उपस्थिति का



परीक्षण करने के लिए पांच सैंपल भेजे हैं। माना जा रहा है कि सोमवार को होने वाली दो लोगों की अप्राकृतिक मौत का कारण निपाह वायरस संक्रमण है, जिसके बाद प्रशासन ने जिले भर में स्वास्थ्य अलर्ट जारी किया गया। वायरोलॉजी इंस्टीट्यूट में परीक्षण के लिए भेजे गए सैंपल में एक मृतक और उसके चार रिश्तेदारों के सैंपल शामिल हैं।मंगलवार को एक फेसबुक पोस्ट में, मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि सरकार दो मौतों को गंभीरता से ले रही है और स्वास्थ्य विभाग ने निपाह वायरस के कारण मौतों के संदेह पर जिले में अलर्ट जारी किया है। सीएम ने यह भी कहा कि चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि जो लोग मृतक के संपर्क में थे, उनमें से ज्यादातर लोगों का इलाज चल रहा है। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज जिले में पहुंचीं और स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इसके बाद मीडिया को बताया कि अगर सैंपल का परीक्षण होने के बाद निपाह वायरस की मौजूदगी दिखाई देती है, तो सरकार सभी एहतियाती कदम उठाएगी। वीना जॉर्ज ने बताया कि मृतक के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों की पहचान कर ली गई है, ताकि उच्च जोखिम का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा, इस समय, हमने संदेह के आधार पर सभी एहतियाती कदम उठाए हैं।

# रेल रोड से भारत पहुंचेगी दुनिया, खजाना भरने की तैयारी शुरू

**नई दिल्ली।** भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी20

**प्रोजेक्ट**

**नया इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट कॉरिडोर सिल्क रूट और स्पाइस रूट से भी ज्यादा अहम होगा।**

शिखर सम्मेलन को भारत के लिए काफी फायदेमंद और सफल समिट माना जा रहा है। इस बैठक के दौरान भारत ने अमेरिका, यूरोप और अरब देशों को साथ लाकर एक नए इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पर सहमति बनाई गई है, जिस पर जल्द ही काम शुरू हो सकता है। जी20 शिखर सम्मेलन में नए इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनामिक कॉरिडोर का ऐलान किया गया है। इस प्रोजेक्ट को चीन के वन बेल्ट वन रोड प्रोजेक्ट की काट माना जा रहा है। अब तक चीन अपने इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के जरिये दुनिया के तमाम देशों में अपना प्रभाव बढ़ा




रहा था, लेकिन माना जा रहा है कि अब चीन के लिए ऐसा करना आसान नहीं होगा। आइए जानते हैं कि यह प्रोजेक्ट भारत और दुनिया के लिए इतना अहम क्यों है?

नया इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट कॉरिडोर सिल्क रूट और स्पाइस रूट से भी ज्यादा अहम होगा। गौरतलब है कि प्राचीन भारत में सिल्क रूट और स्पाइस रूट के जरिये कपड़ों और मसालों का व्यापार होता था। उस दौरान भारत दुनिया के तमाम देशों में अपना सामान निर्यात करता था। इसी वजह से प्राचीन भारत की अर्थव्यवस्था काफी समृद्ध थी। माना जा रहा है कि आर्थिक कॉरिडोर इससे भी ज्यादा ऐतिहासिक होगा।

जी20 सम्मेलन के दौरान भारत, अमेरिका, इटली, सऊदी अरब, फ्रांस जर्मनी और यूरोपीय संघ के नेताओं ने इस प्रोजेक्ट को लेकर सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस प्रोजेक्ट के जरिए भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप कारोबार के मामले में और मजबूती से जुड़ेंगे।

इस प्रोजेक्ट के पूरा होने में कितना खर्च आएगा, इसको लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन माना जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट पर लगभग 20 अरब डॉलर खर्च किए जा सकते हैं।

इस प्रोजेक्ट में दो कारिडोर शामिल होंगे। इसका पूर्वी कारिडोर भारत को खाड़ी देशों से जोड़ेगा। वहीं, उत्तरी कारिडोर खाड़ी देशों को यूरोप से जोड़ेगा। इस प्रोजेक्ट के तहत रेल और बंदरगाह नेटवर्क विकसित किए जाएंगे। प्रस्तावित इंडिया-मिडिल ईस्ट-य्रोप इकोनामिक कॉरिडोर को भारत का चीन के वन बेल्ट वन रोड प्रोजेक्ट का जवाब माना जा रहा है। गलवान में हुए संघर्ष के बाद से ही भारत और चीन के बीच तनाव बना हुआ है। भारत काफी समय से चीन के वन बेल्ट वन रोड प्रोजेक्ट का विरोध कर रहा है। इसकी वजह ये है कि इस प्रोजेक्ट का एक हिस्सा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से होकर गुजरता है, जो अभी पाकिस्तान के कब्जे में है। चीन ने अपने इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) को आगे बढ़ाने के लिए कई देशों को भारी-भरकम कर्ज दिए हैं।

## हैदराबाद में ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़, स्पेशल अभियान चलाकर महिला समेत दो तस्कर गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन टीम ने हैदराबाद में ड्रग्स तस्करों के खिलाफ अभियान चलाकर कई लोगों को गिरफ्तार किया है। इस अभियान के तहत ड्रग्स रैकेट का पर्दाफाश किया गया और एक महिला सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि महिला इस रैकेट की



मुखिया है। छापेमारी के दौरान 51.45 ग्राम कोकीन और 44 एक्स्टसी की गोलियां जब्त की गई है। बता दें कि इस ड्रग्स रैकेट का तार गोवा से जुड़ा हुआ था। जानकारी के मुताबिक, प्रतिबंधित नशीली पदार्थों की खरीदारी गोवा से होती थी और उसे हैदराबाद में बेचा जाता था।

पुलिस ने आरोपितों की पहचान नन्नाक्रमगुडा की रहने वाली 34 वर्षीय लिंगमपल्ली अनुराधा और गुंटूर के शिव साई कुमार के रूप में की है। शिव साई अनुराधा के दोस्त है, जो इस काम में महिला का साथ दे रहा था। वहीं, इस मामले में एक अन्य आरोपी भी गिरफ्तार हुआ है, जिसकी पहचान सानिकोनमु प्रभाकर रेड्डी (38 वर्षीय) के रूप में की गई है। बता दें कि इस रैकेट का सरगना अनुराधा अपने एक पड़ोसी के जरिए इस धंधे में आई। अनुराधा गोवा के ड्रग्स माफियाओं से नशीली पदार्थ की खरीदारी करती थी और उसे हैदराबाद में बेचती थी। आगे चलकर इस काम में अनुराधा के दोस्त ने सनिकोनमु प्रभाकर रेड्डी से मिलवाया, जिसने इस काम में उसकी (अनुराधा) मदद की। बाद में अनुराधा और रेड्डी दोनों मिलकर गोवा से ड्रग्स खरीदते थे और फिर हैदराबाद में बेचते थे।

## अमेरिका ने इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनामिक कारिडोर पर सहमति को बताया मील का पत्थर, BRI का विकल्प बन रहा आइएमईसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने भारत की जी-20 अध्यक्षता को बड़ी सफलता बताते हुए इसकी सराहना की है। उसने कहा कि इस दौरान इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनामिक कारिडोर पर सहमति बनना एक मील का पत्थर है। यह कनेक्टिविटी का एक नया युग होगा। एशिया और यूरोप के बीच रेल व शिपिंग नेटवर्क के बाद दोनों महाद्वीपों में आर्थिक विकास को रफ्तार मिलेगी। नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर अमेरिका, भारत, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, जर्मनी, इटली और यूरोपीय संघ के नेताओं के बीच आपसी सहमति से भारत, पश्चिमी एशिया व यूरोप के

**विभाग**

**अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने सोमवार को नियमित प्रेसवार्ता में कहा कि आइएमईसी एक बड़ी उपलब्धि है।**




बीच आर्थिक गलियारे की संयुक्त घोषणा एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस नए आर्थिक गलियारे को चीन के विवादित बेल्ट एंड इनीशिएटिव का विकल्प माना जा रहा है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने सोमवार को नियमित प्रेसवार्ता में कहा कि आइएमईसी एक बड़ी उपलब्धि है। इससे एशिया और यूरोप महाद्वीपों के बीच आर्थिक वृद्धि व आर्थिक विकास के साथ ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी में सहयोग बढ़ेगा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि आइएमईसी समझौता ज्ञापन से अमेरिका, भारत, सऊदी अरब, यूएई, ईयू व अन्य जी-20 साझेदारों के बीच शिपिंग और रेल ट्रांसपोर्टेशन कोरिडोर से भारत और पश्चिम एशिया व यूरोप के बीच वाणिज्य, ऊर्जा और डाटा का प्रवाह रफ्तार पकड़ेगा।

## इमरान खान को स्पेशल कोर्ट से राहत, अपने बेटों से फोन पर बात करने की मिली इजाजत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख को स्पेशल कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम विशेष अदालत ने इमरान खान को 15 सितंबर तक अपने बेटों से फोन पर बात करने की अनुमति दी है। बता दें कि इमरान खान लंबे समय से अपने वकीलों के साथ-साथ अपने बेटों से भी बात करने की मांग कर रहे हैं। एआरवाई न्यूज के अनुसार, इमरान खान के वकीलों में से एक शीराज अहमद रांझा ने दावा किया कि कोर्ट ने अटॉक जेल अधिकारियों को पीटीआई प्रमुख और उनके बेटों के बीच टेलीफोन पर बातचीत की अनुमति देने का आदेश दिया था, लेकिन जेल अधिकारियों ने उन्हें बात करने की अनुमति नहीं दी।

# लीबिया में बाढ़ से चारों ओर तबाही का मंजर 1,000 से ज्यादा शव बरामद, मंत्री ने बताई आंखों देखी दास्तान

**ट्यूनिस।** भूमध्य सागर में उठे तूफान डैनियल ने लीबिया में तबाही मचा दी है। देश में तूफान की वजह से आई बाढ़ में हजारों लोगों के मारे जाने की आशंका है। पूर्वी लीबिया प्रशासन के एक मंत्री ने मंगलवार (12 सितंबर) को बताया कि पूर्वी लीबिया के शहर डर्ना में बाढ़ की चपेट में आने से 1,000 से ज्यादा शव बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मरने वालों की संख्या बहुत बड़ी हो सकती है।

नागरिक उड्डयन मंत्री और आपात्कालीन समिति के सदस्य हिचेम चकियोआट ने रॉयटर्स को फोन पर बताया, ÷मैं डर्ना से लौटा हूं। यह बाढ़ बहुत विनाशकारी है। समुद्र में, घाटियों में, इमारतों के नीचे हर जगह शव पड़े हुए हैं।÷ उन्होंने कहा, ÷डर्ना में बरामद शवों की संख्या 1,000 से ज्यादा है।÷ हिचेम चकियोआट ने आशंका जताई है कि बाढ़ में मरने वालों की संख्या वास्तव में बहुत बड़ी होगी। उन्होंने कहा कि शहर का 25 फीसदी हिस्सा गायब हो



गया है, इसमें कई इमारतें ढह गई हैं। हालांकि, अधिकारियों ने सोमवार को बताया था कि बाढ़ से कम से कम 2,000 लोग मारे गए हैं। अधिकारियों ने आगे बताया कि बाढ़ में हजारों लोग लापता हैं। उन्होंने कहा कि शहर के ऊपर बांध टूटने के बाद कई इलाके बह गए हैं। फेसबुक पर शेयर किए गए एक वीडियो में डर्ना शहर में फुटपाथ पर कंबल में ढके दर्जनों शव दिखाई दे रहे हैं।

बता दें कि लीबिया राजनीतिक रूप से पूर्व और पश्चिम क्षेत्रों में बंटा हुआ है और साल 2011 के नाटो समर्थित विद्रोह के बाद से यहां की सार्वजनिक सेवाएं चरमरा गई हैं। इसकी वजह से देश में सालों से संघर्ष चल रहा है। त्रिपोली में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार लीबिया के पूर्वी क्षेत्रों में नियंत्रण नहीं रखती है। पिछले हफ्ते ग्रीस में तबाही मचाने के बाद डेनियल तूफान रविवार को भूमध्य सागर में प्रवेश कर गया। डर्ना की सड़कों पर पानी भरा हुआ है और इमारतें नष्ट हो गई हैं। डेनियल तूफान ने लीबिया के दूसरे सबसे बड़े शहर बेंगाजी सहित समुद्री तट के किनारे अन्य इलाकों को प्रभावित किया। वहीं, अल जजीरा ने डर्ना के स्थानीय प्रशासन के हवाले से बताया है कि शहर में मौजूद दो बांध टूट गए। बांध टूटने से 330 लाख क्यूबिक मीटर पानी शहर के अंदर घुस गया, जिसने तबाही मचा दी। डर्ना शहर पहाड़ों से घिरा हुआ है।

# रूस ने पूर्वी यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र में की गोलाबारी एक ही घर के दो सदस्य की मौत, 3 घायल

**निशाना**

**रूस लगातार यह कहता आया है कि वह जानबूझकर नागरिकों को निशाना नहीं बनाता है।**

**कीव।** पिछले साल फरवरी 2022 से शुरू हुआ रूस और यूक्रेन का युद्ध थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। दोनों तरफ से काउंटर अटैक का दौर जारी है। आज मंगलवार को रूस ने पूर्वी यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र में गोलाबारी की है। इस गोलाबारी में दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 3 घायल हुए है। अभियोजक जनरल के कार्यालय ने इसकी जानकारी दी। डोनेट्स्क शहर के पश्चिम में क्रास्नोहोरिव्का शहर में हुई गोलाबारी से 84 वर्षीय



महिला और 71 वर्षीय व्यक्ति की उनके घर में ही मौत हो गई। वहीं, इस हमले में एक महिला भी घायल हो गई। इसके अलावा अवदीवका शहर में हुई गोलाबारी में दो महिलाएं घायल हो गईं। रूस लगातार यह कहता आया है कि वह जानबूझकर नागरिकों को निशाना नहीं बनाता है। इस हमले से दो दिन पहले यानी 10 सितंबर को रूस ने सुबह-सुबह यूक्रेन की राजधानी कीव पर हवाई हमले किए थे। अधिकारियों ने कहा कि कीव और उसके क्षेत्र में लगभग दो घंटे तक विस्फोट की आवाज गूंजती रही। इस दौरान शहर के कई केंद्रीय जिलों पर ड्रोन का मलबा भी गिरा नजर आया। कीव में लगभग पांच विस्फोट सुनाई दिए गए और कई कारें क्षतिग्रस्त हुई। राहत की बात यह रही कि इस हमले में किसी भी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

## कुवैत में ब्रिटिश एयरवेज के यात्रियों और क्रू को बनाया गया था बंधक, अब 33 साल बाद UK Govt और कंपनी पर होगा केस

**लंदन।** इराक ने 1990 में कुवैत पर हमला किया था। इराक और कुवैत के इस युद्ध में ब्रिटेन के यात्री और चालक दल भी शिकार हुए। उस युद्ध में ब्रिटिश यात्री और चालक दल को बंधक बनाया गया। अब ब्रिटिश एयरवेज के यात्री और चालक दल के सदस्य जो उस उड़ान में शामिल थे उन्होंने ब्रिटिश सरकार और एयरलाइन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का इरादा किया है। एक कानूनी फर्म ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

बीए फ्लाइट 149 के सभी यात्रियों को उस वक्त फ्लाइट से उतार दिया गया जब सद्दाम हुसैन की सेना ने कुछ घंटों पहले कुवैत पर हमला किया था। इस मामले में यात्रियों का आरोप है कि अगर कुवैत के ब्रिटिश राजदूत ने एयरवेज़ को सूचना दे दी थी तो फिर क्यों उड़ान को वहां लैंड किया गया।

उड़ान में मौजूद 367 यात्रियों और चालक दल में से कुछ ने चार महीने से अधिक समय कैद में बिताया। इराक और कुवैत के चल रहे युद्ध में कुछ यात्रियों को इराकी सेना ने पश्चिमी हमलों के खिलाफ मानव ढाल के रूप में भी पर्योग किया।

विमान में सवार पूर्व बीए कर्मचारियों और यात्रियों के एक समूह का प्रतिनिधित्व करते हुए, मैक्यू जूरी एंड पार्टनर्स ने कहा कि उड़ान में मौजूद सभी पीड़ित यह सुनिश्चित करने के लिए कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं कि सच्चाई पूरी तरह से सामने आए, जिम्मेदार लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाए और उचित मुआवजे का भुगतान किया जाए।

## गौरवशाली पल, ब्रिटिश एकेडमी बुक प्राइज 2023 के लिए शॉर्टलिस्ट हुए भारतीय मूल के दो लेखक

**लंदन।** भारतीय मूल के दो लेखक को ब्रिटिश एकेडमी बुक प्राइज 2023 के लिए शॉर्टलिस्ट



किया गया है। नंदिनी दास और क्रिस मंजापरा का नाम 6 विश्वव्यापी लेखकों की लिस्ट में शामिल हैं। इसका प्राइज 25 हजार पाउंड है। भारत में जन्मी नंदिनी दास की किताब कोर्टिंग इंडिया÷ इंग्लैंड, मुगल इंडिया एंड द ओरिजिन्स ऑफ एम्पायर और मिश्रित अफ्रीकी और भारतीय मूल के क्रिस मंजापरा की किताब ब्लैक घोस्ट ऑफ एम्पायर÷ द लॉन्ग डेथ ऑफ स्लेवरी के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। ब्रिटिश एकेडमी बुक प्राइज 2023 का 11वां संस्करण चल रहा है। दुनिया में कहीं भी रहने वाले और किसी भी भाषा में काम करने वाले किसी भी राष्ट्रीयता के लेखकों को इस प्राइज के लिए चुना जाता है, बर्शते काम अंग्रेजी में उपलब्ध हो और यूके में प्रकाशित हो। 40 वर्षीय नंदिनी दास ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में अंग्रेजी फैकल्टी में प्रारंभिक आधुनिक साहित्य और संस्कृति के प्रोफेसर हैं। उनका पालन-पोषण भारत में हुआ और आगे की पढ़ाई के लिए इंग्लैंड जाने से पहले उन्होंने कोलकाता के जादवपुर विश्वविद्यालय में पढ़ाई की। वहीं, 40 वर्षीय क्रिस मंजापरा कनाडा में पले-बढ़े हैं और अब बोस्टन, मैसाचुसेट्स में नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी में इतिहास और वैश्विक अध्ययन के स्टर्न्स ट्रस्टी प्रोफेसर हैं। 2023 की शॉर्टलिस्ट में अन्य लेखकों में फ्रांस स्थित डैनियल फोलियार्ड और स्पेन के आइरीन वैलेजो का नाम भी शामिल है। विजेता को 25,000 पाउंड के पुरस्कार के विजेता की घोषणा 31 अक्टूबर को लंदन में एक पुरस्कार समारोह में की जाएगी। इसके साथ ही शॉर्टलिस्ट किए गए प्रत्येक लेखक को 1,000 पाउंड दिया जाएगा।

ब्रिटिश एकेडमी बुक प्राइज 2023 पैनल में प्रोफेसर मदावी अल-रशीद, प्रोफेसर रेबेका अर्ले, प्रोफेसर; फातिमा मंजी, प्रोफेसर गैरी यंग ऑनर का नाम शामिल है।

# बची रह गईं फ्रीडम फाइटर, विकलांग व सैनिक कोटा के 90 सीटें

**आईईआरटी में काउंसिलिंग समाप्त**



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड रूरल टेक्नोलॉजी (आईईआरटी) के शैक्षिक सत्र 2023-24 की काउन्सिलिंग मंगलवार को समाप्त हो गई। इस सत्र में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। मैनेजमेंट ब्रांच की सीट पहले ही दिन फुल हो गई। वहीं डिप्लोमा इंजीनियरिंग की काउन्सिलिंग शुरुआत में ही कई ब्रांच में सामान्य व ओबीसी वर्ग की सीट फुल हो गई थी जिसके कारण अभ्यर्थियों ने प्रवेश नहीं लिया। वहीं कई अभ्यर्थियों को मन मुताबिक ब्रांच न मिलने के कारण अन्य ब्रांच में प्रवेश लिया। आईईआरटी के निदेशक विमल मिश्रा ने सभी नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को बधाई दी और पढ़कर अपना भविष्य उवल बनाए। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट सौ प्रतिशत होती है। संस्थान में आने वाली कम्पनी छात्र-छात्राओं को अच्छे पैकेज देती है। सभी नव प्रवेशी छात्र-छात्राएं अनुशासन का पालन अवश्य करें। परीक्षा सचिव उमाशंकर वर्मा ने बताया कि काउंसलिंग के अंतिम दिन 20 अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग कराकर प्रवेश लिया। अब तक 885 का प्रवेश हुआ है। डिप्लोमा इंजीनियरिंग की 13 ब्रांचों में 975 सीट है। बची हुई 90 सीट में फ्रीडम फाइटर, विकलांग व सैनिक कोटा की है। बता दें कि आईईआरटी में डिप्लोमा इंजीनियरिंग की 13 ब्रांचों की पढ़ाई होती है। इलेक्ट्रिकल, सिविल, सिविल कंट्रेक्शन टेक्नोलॉजी, सिविल पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल ऑटोमोबाइल, मैकेनिकल पॉवर प्लांट, मैकेनिकल प्रोडक्शन, मैकेनिकल रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशन, मैकेनिकल टूल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल ट्यूबवेल इंजीनियरिंग, प्लास्टिक इंजीनियरिंग ब्रांच हैं।

# चित्रगुप्त मंदिर पर हुआ हनुमान चालीसा एकादश पाठ और चित्रगुप्त चालीसा



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** ज्ञान गुण सागर वाहिनी द्वारा साप्ताहिक हनुमान चालीसा का एकादश पाठ के क्रम में इस मंगलवार आज यह कार्यक्रम श्री चित्रगुप्त मन्दिर, के. पी. कम्युनिटी के बगल में सम्पन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में लगभग 150-200 लोगों की सहभागिता रही। इस आयोजन में चित्रगुप्त चालीसा का भी पाठ हुआ। वाहिनी द्वारा आयोजित इस भव्य आयोजन में 50 नये सदस्यों ने वाहिनी की सदस्यता ग्रहण की व भविष्य में होने वाले आयोजन में सक्रिय रहने का आश्वासन दिया। इसके साथ वाहिनी के कुल सदस्यों का आँकड़ा 2500 पार कर गया। वाहिनी के अध्यक्ष कुश श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत किया। वाहिनी में उपस्थित रहे सदस्यों ने नये बने सदस्यों स्वागत किया। इस आयोजन में अमिताभ श्रीवास्तव, अवनीश श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, राज किशोर, राष्ट्र गौरव, सुनील छेत्री, आशुतोष हर्षवर्धन, सुरेश शर्मा, रवि यादव, अरुण मिश्रा, अनीता सिंह, पियूष शुक्ला, विभा गुप्ता, सुशीला सिंह, अजय श्रीवास्तव व मनोज श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# मनाई गई ब्रम्हलीन महंत अवैद्यनाथ महाराज की पुण्य तिथि

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** विश्व हिंदू महासंघ के संस्थापक, गौरक्षपीठाधीश्वर, राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के अग्र प्रणेता, हिंदू पुनर्जागरण अभियान के प्रवर्तक एवं सामाजिक समरसता के अग्रदूत, उ प्र के मुख्यमंत्री, गौरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के गुरू महंत अवेद्यनाथ महाराज की नौवीं पुंयतिथि विश्व हिंदू महासंघ उ प्र के प्रदेश मंत्री दीपक कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रयागराज संगमतट पर पूरे विधि विधान एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ मनायी गयी।

सर्वप्रथम योग्य आचार्यों के मंत्रोच्चार के मध्य प्रदेश मंत्री दीपक कुमार त्रिपाठी, प्रयागराज महानगर अध्यक्ष धीरज शर्मा, कमल शर्मा, महानगर अध्यक्ष धर्माचार्य प्रकोष्ठ एवं निवर्तमान जिला मंत्री झाँसी अमित कंचन, के द्वारा पावन गंगाजल से ब्रम्हलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के चित्र स्वरूप का अभिषेक, पूजन हवन करने के उपरांत आरती की गयी। इसके बाद ब्रम्हलीन महंत अवैद्यनाथ के जीवन के लक्ष्य हिंदू जनजागरण, सामाजिक समरसता तथा हिंदू राष्ट्र की स्थापना की अतिशीघ्र घोषणा की कामना एवं उनके परम योग्य शिष्य एवं गौरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ महाराज की दीर्घायु एवं हिंदू राष्ट्र की कामना के साथ संकल्प किया गया। आरती के बाद प्रयागराज संगम तट पर दीन दुखियों एवं गरीबों को प्रसाद के रुप में फल वितरण, अन्न दान, वस्त्र दान किया गया। इस अवसर पर मुन्ना तिवारी, सुदामा सेन, विशाल पांडेय, संजय तिवारी, विष्णु तिवारी, संजय निषाद, गोविंद निषाद, अमित कश्यप आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कमल शर्मा एवं महानगर अध्यक्ष धीरज शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# नारी स्वयं में शक्ति स्वरुपा: जूही



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार सहित विभिन्न सरकारी व अर्ध सरकारी संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में मिशन शक्ति के अन्तर्गत शक्ति दीदी अभियान कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के विशिष्ट विद्यालयों में एक ईश्वर शरण बालिका इंटर कॉलेज, चांदपुर सलोरी, प्रयागराज के प्रांगण में किया गया। मिशन शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत छात्राओं सहित सम्मानित महिला शिक्षिकाओं को महिला अपराध, भ्रष्टाचार व विभिन्न सामाजिक अपराधों के रोक-थाम व महिला हेल्प लाइन के संबंध में विस्तार से बताते हुए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए कृतसंकल्पित सामाजिक संगठन जूही सेवा संस्थान, आयुषी फाउण्डेशन तथा अपराध व भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र की संकल्पना हेतु प्रतिबद्ध भारत सरकार द्वारा पंजीकृत राष्ट्रीय संगठन एंटी क्राइम एंटी करप्शन के पदाधिकारियों सहित थाना कर्नलगंज से महिला आरक्षियों की उपस्थिति में महिला हेल्पलाइन के माध्यम से संचालित किए जाने वाले अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी अभियान के अंतर्गत जागरूक कर शक्ति दीदी सम्मान दिया गया।

# भुलाया नहीं जा सकता रामनगीना बाबू का योगदान

**मेरी माटी, मेरा देश खोरीबारी की माटी में है देश सेवा की खुश्बू**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के खोरीबारी गांव में देशसेवा की महक आज भी कायम है। आजादी की लड़ाई में इस गांव से तकरीबन दर्जन भर क्रांतिकारियों ने हिस्सा लिया। स्व. रामनगीना राय की अगुवाई में दर्जन भर क्रांतिकारी नेताजी सुभाषचंद्र बोस के एक आह्वान पर सिंगापुर कूच कर गए और भारत को आजादी मिलने के बाद ही वापस घर लौटे। मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत सेनानियों को याद किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि देश को आजाद कराने में सेनानियों की भूमिका को कभी भूलाया नहीं जा सकता। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा ने कहा कि देश की आजादी में सेनानियों के योगदान हमेशा स्मरणीय हैं। उन्होंने खोरीबारी गांव की मिट्टी को क्रांतिकारियों की माटी बताते हुए कहा कि उसकी खूश्बू आज भी यहां व्याप्त है। सेनानी व आजाद हिंद फौज के सिपाही रहे स्व. रामनगीना राय के परिजन पूर्व बैंक मैनेजर श्रीनारायण राय ने अपने संबोधन में कहा कि 1938 में रामनगीना बाबू घर बार छोड़कर सिंगापुर के लिए रवाना हो गए। उनके साथ मधुबन तिवारी, करामद अंसारी, सरल भगत, बच्चन राय, रामायण शास्त्री समेत दर्जन भर सेनानी गए और आजादी के बाद ही घर वापसी की। इसमें से मधुबन तिवारी और करामद, अंसारी शहीद हो गए, जिनके नाम पर स्कूल की स्थापना की गई, जो आज इंटरमीडिएट कॉलेज बन चुका है। भाजपा के सेक्टर संयोजक मुन्ना राय भगत ने कहा कि खोरीबारी रामपुर क्रांतिकारियों की धरती रही है और आजादी की लड़ाई में तमाम युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया नई पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस मौके रामपुर के पूर्व प्रधान अनिल राय ने सेनानियों के नाम पर एक शिलापट बनाने की मांग की। जिस पर सभी सेनानियों के नाम अंकित कराए जाएं। कमला राय सेवा संस्थान के अध्यक्ष यशवंत राय ने कहा कि आजादी की लड़ाई में योगदान देने वाले सेनानियों के नाम पर एक स्थल बनाने की जरूरत है, जिससे आने वाली पीढ़ियां अपने पुरखे पुरनियों की बहादुरी को नमन कर सकें। कार्यक्रम को जिला सहकारी बैंक के पूर्व संचालक दयाशंकर राय, खोरीबारी के पूर्व ग्राम प्रधान डॉ. मुनीन्द्र राय आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सेनानी शहीद मधुबन तिवारी, शहीद करामद अंसारी, सरल कुशवाहा, बच्चन राय, शिवनाथ ठाकुर, तीर्थराज राय, नरसिंह राय, रामायण राय, श्यामबदन राय आदि सेनानियों के तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में ब्रजेश राय, धनंजय राय, रिषिकेश राय, विनीत राय, बबलू राय, ग्राम प्रधान जाहिद हुसैन, ग्राम विकास अधिकारी अजय मिश्र, पंचायत सहायक रहमत अंसारी,दिलीप मदेशिया, हरिवंश छोटेलाल आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अनुराग त्रिपाठी ने प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, उमरे, प्रयागराज का पदभार ग्रहण किया



**प्रयागराज।** अनुराग त्रिपाठी ने प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के पद पर पदभार ग्रहण कर लिया है। श्री त्रिपाठी सिविल सेवा परीक्षा 1997 बैच के आई.आर.पी.एस. अधिकारी हैं। इन्होंने सहायक कार्मिक अधिकारी, झांसी, मध्य रेलवे के रूप में अपनी रेल सेवा शुरू की थी। इनकी प्रारंभिक शिक्षा राजकीय इण्टर कॉलेज, फैजाबाद से रही है। तत्पतश्चात इन्होंने इलाहाबाद विश्व विद्यालय से स्नातक एवं जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से परास्नातक की डिग्री प्राप्त की है।

### करणी सेना विधान सभा अध्यक्ष राणा कुवर सिंह की भाभी के आकस्मिक निधन से शोक

**जौनपुर (खुटहन)** लवायन गाँव निवासी करणी सेना के विधान सभा अध्यक्ष श्री राणा कुवर सिंह की भाभी के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी वे अभी महज 32 वर्ष की थी पति अनिल व दो छोडे बच्चे भी है छोट और आशु इतनी कम उम्र में माँ का छोड़ जाना बच्चों के किसी भारी सदमे से कम नहीं है अपने कंधों पर भाभी का शव उठाये राना सिंह के आशु रुकने का नाम नहीं ले रहे थे रोते बिलखते स्वजनों ने पिलकिछा घाट पर पहुँच धार्मिक रीति रिवाज के साथ पिंडदान कर शव दाह कर दिया गया मुखाग्नि उनके बेटे छोटू सिंह ने दिया इस बीच हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### धर्मपाल सिंह के आगमन पर प्रेम प्रकाश ग्रुप आफ इंस्टिट्यूट में हुआ भव्य स्वागत



**आजमगढ़।** सठियांव में स्थित आरके ग्रुप ऑफइंस्टिट्यूट के सभागार में पूर्व सांसद डीपी यादव का सम्मान समारोह आयोजित किया गया स इस सम्मान समारोह में संस्था के संस्थापक डॉ प्रेम प्रकाश यादव ने कहा कि आज बहुत सौभाग्य का अवसर है कि आज इस संस्था में ऐसे महान समाजसेवी का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ स इस अवसर पर बिलरियागंज के ब्लॉक प्रमुख श्री रमेश यादव संजय यादव बाला लखनदार आरके ग्रुप आर के पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजकुमार गुप्ता कैलाश यादव अरुण यादव जयराम यादव सूर्यनाथ मौर्य एवं संस्था के निदेशक विशाल यादव ने माल्यार्पण करके सम्मानित किया स डॉक्टर प्रेम प्रकाश यादव ने पूर्व सांसद डीपी यादव को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया स कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉक्टर राजकुमार गुप्ता ने किया।

### नि:शुल्क चिकित्सा परीक्षण एवं उपचार वैन शिविर में 62 लोग हुए लाभान्वित

**मुबारकपुर आजमगढ़।** मुबारकपुर क्षेत्र के पिचरी गांव में रविवार को राष्ट्रीय संचल वैन चिकित्सा शिविर लगा जिसमें कुल 62 रोगियों का चिकत्सा परीक्षण और उपचार कर लाभान्वित किया गया। गांव के गरीब को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराए जाने के लिए सरकार की नेशनल मोबाइल मेडिकल वैन योजना के तहत मुबारकपुर क्षेत्र के पिचरी गांव मे शिविर लगा जिसमे सामान्य रोगी सहित विभिन्न प्रकार के रोगियों की जांच कर उन्हे दवा का वितरण किया गया।कार्यक्रम मेडिकल अफसर मोहम्मद आरिफ स्टाफ नर्स राजेश कुमार चौहान, फार्मासिस्ट विश्व जीत लाल, एल टी रमेश भारद्वाज, चालक राम सिंह का नाम शामिल है।

### रेल अधिकारियों से मिला भाजपा प्रतिनिधि मंडल

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल आज अखिलेश कुशवाहा सहसयोंजक श्रम प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र के नेतृत्व प्रतिनिधि मंडल ने आज रेलवे में अवैध वेंडरों के सम्बन्ध में प्रयागराज रेलवे कैटरिंग इन्सपेक्टर के एन झा से और जीआरपी इन्सपेक्टर एस के सिंह से मुलाकात करके अवैध वेंडरों पर अंकुश लगाने के सम्बन्ध में मुलाकात किया यात्रियों के साथ हो रही अभद्रता रोकने के लिए कहा। प्रतिनिधि मंडल में रवि शुक्ला सहसयोंजक श्रम प्रकोष्ठ प्रयागराज, संजय मिश्रा, रंजन शुक्ला, सुधांशु पाठक, अभिषेक सिंह, अमित साहू सह मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता भाजपा संजय केशरवानी, सत्रेंद वर्मा, मुश्लिम हाबी, रोहित पॉल आदि लोग रहे।

# आयुष्मान भव अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में आयुष्मान भव अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक सोमवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयुष्मान भव कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्तर पर 13सितंबर से किया जाना है।

अभियान 05 चरणों में आयोजित होगा। जिसमे सेवा पखवारा, आयुष्मान आपके द्वार 3.0, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा तथा आयुष्मान ग्राम पंचायत/आयुष्मान नगरीय वार्ड शामिल है। इसके अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर प्रत्येक शनिवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं व योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी , अन्य चिकित्सकगण एवं प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक ने घर-घर से कलश में संग्रह किया मिट्टी व अक्षत

**विभिन्न गांव में मेरी माटी मेरा देश के तहत निकाला गया कलश यात्रा**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)।** विभिन्न ग्राम पंचायत में मंगलवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ सुषमा पटेल भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने गांव में कलश यात्रा निकालकर प्रत्येक घर से एक चुटकी मिट्टी और रक्षा के एकत्र किया। क्षेत्र के ग्राम सभा गौहानी, छदान व बेरमांव में देश के वीर शहीदों की स्मृति में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत पवित्र कलश में मिट्टी व अक्षत पूर्व विधायक डॉ सुषमा पटेल के नेतृत्व में संग्रह किया गया। पूर्व विधायक ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत लोगों को देश प्रेम के बारे में पता कर जागरूक किया जा रहा है। कहां कि यह अभियान भक्ति भाव व राष्ट्रभाव से चलते वाला जागरण अभियान है। इस कार्यक्रम में सभी भारतीयों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेंद्र बिंद, ग्राम प्रधान शिवसागर पाल, प्रधान कुसुम पटेल, संजय गौतम सहित ग्रामीणों व महिलाएं उपस्थित रही।

# नौकरी देने का झांसा देकर 30 लाख की ठगी



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** साइबर क्राइम थाना परिक्षेत्र आजमगढ़ को कई प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे जिसमें जस्टडायल, टेलेग्राम व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म से लोगों के कांटेक्ट नंबर प्राप्त कर पार्ट टाइम जॉब व विभिन्न कंपनियों के कॉन्ट्रैक्ट के नाम पर व्यापक स्तर पर साइबर धोखाधड़ी की जा रही है और जनपद के मासूम लोगों व दुकानदारों के बैंक खाते अलग-अलग राज्यों से फ्रीज़ हो रहे हैं। उक्त शिकायत को संज्ञान लेते हुए अपर पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम मुख्यालय लखनऊ, प्रो0 त्रिवेणी सिंह, पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम मुख्यालय लखनऊ एंव अनुराग आर्य पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़ के निर्देशानुसार तकनीकी संसाधनो का प्रयोग करते हुए साइबर क्राइम थाना परिक्षेत्र आजमगढ़ टीम द्वारा अभिसूचना संकलन करके कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। जांच के दौरान पंकज सिंह पुत्र रवि प्रकाश सिंह ग्राम सराय वृन्दावन थाना तरवा जनपद आजमगढ़ का नाम प्रकाश में आया। 10 सितम्बर को विमल प्रकाश राय, प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना व टीम द्वारा अभियुक्त पंकज सिंह को पिचौरा बाज़ार बरदह से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से 5 सिम कार्ड, 3 मोबाइल फ़ोन, 15 आधार कार्ड, 18 कंपनियों के फर्ज़ी कागजात, पासबुक और 2 चेकबुक बरामद किया गया है। पूछताछ में अभियुक्त पंकज सिंह ने बताया कि उसकी मुलाकात मुंबई में मनीष तलपडे से हुई थी उसी से उसने यह अपराध करना सिखा था। वह जस्टडायल, टेलेग्राम व गूगल से लोगों के कांटेक्ट नंबर प्राप्त कर पार्ट टाइम जॉब व विभिन्न कंपनियों के कॉन्ट्रैक्ट दिलाने के नाम पर कॉल व मेसेज कर उनके साथ धोखाधड़ी करता था। आरोपी ने बताया कि वह उन लोगों से पैसा दुकानदारों व ग्राहक सेवा केंद्र के बैंक खातो में मंगवा के ट्रान्सफर व कैश कर लिया करता था। अब तक करीब 100 लोगों के साथ 30 लाख तक की धोखधड़ी कर चुका है। अभियुक्त के पास से बरामद मोबाइल नंबर से एनसीआरपी व सीवाईसीएपीएस पोर्टल पर चेक किया गया तो लगभग 10 राज्यों से कंप्लेंट की जानकारी हुई है जिनसे संपर्क कर आवश्यक कार्यवाही किया जा रहा है।

# शहीदों का स्मरण व राष्ट्रीयता की भावना को बल देता है मिट्टी संग्रह

अवधनामा संवाददाता

**विधायक ने घर घर जाकर कलश में लिया मिट्टी**

**जौनपुर (खुटहन)** क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों में मेरी माटी मेरा देश के तहत मंगलवार को समारोह आयोजित कर विधायक रमेश सिंह ने घर घर जाकर कलश में मिट्टी का संग्रह किया। उन्होंने कहा कि शहीदों के पावन स्मृति में मिट्टी संग्रहण से जहां राष्ट्रीय भावनाओं को बल मिलता है,वहीं कलश नारी शक्ति के रूप में सर्वत्र पूज्यनीय होता है। इस महान कार्य से अमर बलिदानियों और नारी दोनों का सम्मान हो रहा है। चकबेहूदास माफी गांव के अमृत सरोवर के तट पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पीएम मोदी के इस महान अभियान में शहीदों के नाम घर घर की मिट्टी दिल्ली में बन रहे अमृत वाटिका तक पहुंचेगी। जहां हर गांव के नाम एक एक बृक्ष लगाया जायेगा। इससे लोगों में देश के प्रति एकता अखंडता, विश्वास, स्वच्छता और राष्ट्र प्रेम जागृत होगा। लोग अंतःकरण से गांव, क्षेत्र,जिला ही नहीं पूरे देश को अपना मान उस पर गर्व कर सकें। गाजे बाजे के साथ 21 कन्याएं सिर पर कलश रख आगे आगे भारत माता के भेष में हाथ में तिरंगा लिए एक कन्या आगे बढ़ रही थी। यह दृश्य बड़ा ही मनोहारी लग रहा था। इसी तरह उसरौली शहाबुद्दीन पुर गांव में भी कलश यात्रा निकाल विधायक ने घर घर जाकर मिट्टी लिया। कार्यक्रम को ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष वंशबहादुर पाल ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अमरनाथ मिश्रा, जगदीश पांडेय, बीरेंद्र प्रताप, अजीत सिंह,रीगन सिंह, त्रिभुवनपति तिवारी, आशुतोष तिवारी, ओमप्रकाश यादव, ईशनारायण पाण्डेय, राजू सिंह, सिम्मी सिंह, सोनम सिंह, अर्चना पाण्डेय, मंजू पाण्डेय आदि मौजूद रहीं। अध्यक्षता सत्यप्रकाश मिश्रा, संचालन सुभाष उपाध्याय ने किया। आयोजक अजीत यादव प्रधान ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

# 13 सितंबर को सूफी संतों की मजारों पर तीन दिवसीय उर्स

अवधनामा संवाददाता



**अतरौलिया आजमगढ़।** तहसील बूढ़नपुर अंतर्गत ग्राम पहाड़ी सरैया स्थित दो सूफी संतों की मजारों पर तीन दिवसीय उर्स 13 सितंबर से शुरू होगा। उर्स में जायरीनों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। मजार के गद्दी नसीन हजरत सैयद शाह अल्हाज हामिद हसन अल जिलानी व सैयद अशरफ जिलानी ने बताया कि 13 सितंबर को बाद नमाज मगरिब जश्ने ईद मिलादुन्नबी व तक्सीम लंगर तथा 14 सितंबर को सुबह 8:00 बजे चादरपोशी, बाद नमाज मगरिब खत्म ख्वाजगाने नक्शबंदी व बाद नमाजे ईसां जश्ने दस्तारबंदी का प्रोग्राम होगा। तथा 15 सितंबर को कुरान ख्वानी ,चादर पोशी, कुल शरीफ व मिलाद शरीफ का प्रोग्राम रखा गया है। जिसमें मुकामी उलेमा और शोयरा के साथ-साथ बाहरी ओल्मा व शायर तशरीफ़ ला रहे हैं। ज्ञात हो कि पहाड़ी सरैया में दो प्रसिद्ध सूफी मखदूम सैयद हाफिज शाह मोहम्मद तकी जीलानी व हजरत मौलाना सैयद मोहम्मद कासिम जीलानी की मजार है। मजार के संबंध में यहां के गद्दीनशीं हजरत सैयद हामिद हसन जिलानी ने बताया कि उनके बाबा हुजूर सैयद ताकि जो बहुत ही परहेजदार व सूफी थे। उनका इंतकाल 1950 में हो गया। उन्हें यहीं बाग में सुपुर्द -ए-खाक किया गया। और मजार के चारों तरफ चहार दीवारी बनाई गई। वहां एक बड़ा मदरसा और मस्जिद का निर्माण कराया गया। प्रत्येक गुरुवार को यहां मेला लगने लगा। उसके बाद उनके इकलौते पुत्र हजरत मौलाना सैयद मोहम्मद कासिम का इंतकाल 18 जुलाई 2002 को हुआ। उन्हें भी मजार के पूरब में दफ्ना दिया गया। यह मजार अतरौलिया अतरैठ मार्ग से 8 किलोमीटर दूर पहाड़ी सरैया गांव में स्थित है। इन मजारों पर लगने वाले सालाना उर्स में हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों की भीड़ उमड पड़ती है। यहां पर वर्ष भर प्रत्येक गुरुवार को मेला लगता है।

इस दिन विभिन्न रोगों एवं प्रेत बाधाओं से पीड़ित व्यक्ति आकर मत्था देखते हैं। और अपनी मनोकामना पूरी होने पर मजार पर चादर चाहते हैं। उर्स में भाग लेने के लिए स्थानीय लोगों के अलावा देश- प्रदेश के कोने-कोने से लोग आते हैं। और अपनी मनोकामना के लिए दुआएं मांगते हैं।


## महत्वपूर्ण सूचना

वाराणसी रेलवे स्टेशन की रीमॉडलिंग कार्य के संबंध में दिनांक 29.08.2023 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में आंशिक संशोधन के साथ निम्नलिखित रेलगाड़ियों के परिचालन मार्ग में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है और निम्नलिखित रेलगाड़ियों को 2 मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया जायेगा। विस्तृत सूचियाँ निम्नानुसार है:-

**रेलगाड़ियों का संशोधित मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | संशोधित परिवर्तित मार्ग | तिथि(याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 15231 बरौनी जं.–गोंदिया एक्सप्रेस | वाया हाजीपुर जं.–पाटलिपुत्र जं.– पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.– प्रयागराज छिवकी– मानिकपुर जं. | 15.10.2023 तक |
| 15232 –गोंदिया–बरौनी जं एक्सप्रेस | | 16.10.2023 तक |
| 19421 अहमदाबाद जं.–पटना जं. एक्सप्रेस | वाया मानिकपुर जं.– प्रयागराज छिवकी–मिर्जापुर– पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 24.09.2023 से 08.10.2023 |
| 19422 पटना जं.–अहमदाबाद जं. एक्सप्रेस | | 26.09.2023 से 10.10.2023 |
| 22355 पाटलिपुत्र जं.–चंडीगढ़ एक्सप्रेस | वाया छपरा जं.–सीवान जं.– गोरखपुर जं.–गोंडा जं.–रोज़ा जं. | 20.09.2023 से 11.10.2023 |
| 22356 चंडीगढ़–पाटलिपुत्र जं. एक्सप्रेस | | 21.09.2023 से 12.10.2023 |

**प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर रेलगाड़ियों का 2 मिनट का अस्थायी ठहराव**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | ठहराव समय | | तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान | |
| 12791 सिकंदराबाद जं.–दानापुर एक्सप्रेस | 09:43 | 09:45 | 14.10.2023 तक |
| 12792 दानापुर–सिकंदराबाद जं. एक्सप्रेस | 18:58 | 19:00 | 15.10.2023 तक |
| 19421 अहमदाबाद जं.–पटना जं. एक्सप्रेस | 20:08 | 20:10 | 24.09.2023 से 08.10.2023 |
| 19422 पटना जं.–अहमदाबाद जं. एक्सप्रेस | 18:28 | 18:30 | 26.09.2023 से 10.10.2023 |

नोट: अन्य विवरण पूर्ववत् रहेंगे।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

अवधनामा



# भारतीय बाजार में पकड़ मजबूत करना चाहती है कंपनी

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राष्ट्रीय एयरलाइन एतिहाद एयरवेज ने आज कहा कि उसने बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ को



अपना नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्ति किया है। आपको बता दें कि यह पिछले दस साल में से भी अधिक समय में यह दूसरी बार है जब किसी गल्फ देश की एयरलाइन ने बॉलीवुड स्टार के साथ पार्टनरशिप किया है। एतिहाद एयरवेज ने एक बयान में कहा, एतिहाद के ब्रांड एंबेसडर के रूप में, कैटरीना को क्रिएटिव और एड कैंपेन वीडियो की सीरीज में दिखाया जाएगा। एतिहाद एयरवेज ने बयान में बताया कि कैटरीना कैफ के साथ यह पार्टनरशिप भारत में निरंतर विकास के लिए एयरलाइन की रणनीति के अनुरूप है। इसके अलावा एयरलाइन ने यह भी बताया कि यह पार्टनरशिप भारतीय बाजार में एतिहाद को और मजबूत बनाएगी। आपको बता दें कि वर्तमान में एतिहाद एयरवेज भारत के आठ शहरों से उड़ान भरती है। इनमें अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोच्चि, कोलकाता और मुंबई शहर का नाम शामिल है।

हम अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में एतिहाद एयरवेज परिवार में कैटरीना कैफ का स्वागत करते हैं। कैटरीना के साथ हमारी साझेदारी काफी अच्छी है।

मैं उस टीम का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं जिसका लक्ष्य विचारशील संबंध बनाना है। मैं एतिहाद का प्रतिनिधित्व करने और उनकी यात्रा का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं

एतिहाद एयरवेज ने बताया कि यह पार्टनरशिप साल 2010 में एतिहाद के साथ कैटरीना के सहयोग पर आधारित है, जब उन्हें एतिहाद के यात्रा अनुभव को प्रदर्शित करने वाली एक समझदार यात्री के रूप में दिखाया गया था।

एयरलाइन ने कहा कि कैटरीना और एतिहाद की यह पार्टनरशिप भारत और यूएई, यूएस, यूके और कनाडा जैसे महत्वपूर्ण वैश्विक बाजारों में भारतीय समुदायों के साथ एतिहाद के मजबूत संबंधों का प्रदर्शन कर रहे हैं।

# 10 फीसदी महंगे होंगे डीजल वाहन! नितिन गडकरी का अतिरिक्त जीएसटी लगाने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी वायु प्रदूषण पर नियंत्रण करने के लिए डीजल से चलने वाले वाहनों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत की जीएसटी लगाने का प्रस्ताव वित्त मंत्रालय को देने वाले हैं। गडकरी की ओर से ये प्रस्ताव ऐसे समय पर देने जा रहे हैं जब भारत ने रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ाने के लिए जी20 में बायोगैस एलायंस की नीव रखी है। नितिन गडकरी की ओर से मंगलवार को कहा गया कि प्रदूषण में कटौती के लिए डीजल वाहनों और जेनसेट पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत जीएसटी के रूप में प्रदूषण कर लगाने की मांग करेंगे। 63वें एनुअल सियाम कन्वेंशन में बोलते हुए गडकरी ने कहा कि प्रदूषण का बढ़ता स्तर नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए खतरा है। आगे कहा कि आज शाम को मैं वित्त मंत्री को लेटर देने जा रहा हूं, जिसमें डीजल वाहनों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत जीएसटी लगाने की मांग की जाएगी। गडकरी ने आगे कहा कि पहले के मुकाबले देश में डीजल कारों में काफी कमी आई है और वाहन निर्माता कंपनियों को भी बाजार में डीजल वाहनों की बिक्री को बंद कर देना चाहिए। अब डीजल वाहनों को गुडबाय कहने का समय आ गया है। डीजल एक खतरनाक ईंधन है और इससे चलने वाले वाहनों को बनाना बंद कर देना चाहिए। हम इस पर टैक्स बढ़ा देंगे, जिस कारण इन्हें बेचना मुश्किल हो जाएगा। मौजूदा समय में देश में ज्यादातर कमर्शियल वाहन डीजल पर चलते हैं। वहीं, यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी मारुति सुजुकी और होंडा देश में डीजल कार बनाना बंद कर चुकी हैं।




# निवेशकों के लिए यात्रा ऑनलाइन इस दिन से खोल रही है अपना आईपीओ

**नई दिल्ली।** फ्लाइट टिकट, होटल, बस और हॉलीडे पैकेज की ऑनलाइन सुविधा देने वाली ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी यात्रा ऑनलाइन ने आज अपने इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) के तिथि की घोषणा कर दी। इसके अलावा कंपनी ने अपने आईपीओ का प्राइस बैंड भी सेट कर दिया है। आपको बता दें कि कंपनी ने प्राइस बैंड की अधिकतम सीमा 150 रुपये के नीचे रखी है। आईपीओ के बाद कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। आपको बता दें कि कंपनी का आईपीओ ऑफर 15 सितंबर को खुल रहा है जो 20 सितंबर के कारोबारी समय के खत्म होने के बाद बंद हो जाएगा। कंपनी ने इस आईपीओ का प्राइस बैंड 135-142 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया है। कंपनी ने कहा, निवेशक न्यूनतम 105 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 105 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। आईपीओ में 602 करोड़ रुपये के फ्रेश इश्यू और 12,183,099 शेयरों की बिक्री के लिए कंपनी ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) जारी करेगी। प्राइस बैंड की उपरी सीमा के आधार पर देखें तो कंपनी इस आईपीओ से 775 करोड़ रुपये जुटाने का प्रयास कर रही है। फ्रेश इश्यू से प्राप्त आय का उपयोग रणनीतिक निवेश, अधिग्रहण और इनऑर्गेनिक विकास के लिए 150 करोड़ रुपये तक किया जाएगा। सीईओ ध्रुव श्रृंगी ने यहा भी कहा कि आईपीओ का एक और महत्वपूर्ण हिस्सा, ग्राहक अधिग्रहण और प्रतिधारण, प्रौद्योगिकी और अन्य जैविक विकास पहल और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों में निवेश के लिए 392 करोड़ रुपये का उपयोग किया जाएगा। आपको बता दें कि एसबीआई कैपिटल मार्केट्स, डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स और आईआईएफएल सिक्योरिटीज इस आईपीओ के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं और लिंक इनटाइम इंडिया ऑफर के रजिस्ट्रार हैं।




# पीएम किसान का लाभ ले रहे 80 हजार अपात्र किसानों से होगी रिकवरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से हाल में बड़ा कदम उठाते हुए पीएम किसान योजना का लाभ




ले रहे बिहार के 81,595 अपात्र किसानों को स्कीम से बाहर कर दिया है। इसके साथ ही उनके रिकवरी का भी प्रोसेस शुरू कर दिया है। ऐसे में अगर आप भी पीएम किसान योजना का लाभ ले रहे हैं तो इसकी पात्रता की शर्त को अच्छे से समझ लेना चाहिए। पीएम किसान योजना की वेबसाइट दी गई जानकारी के मुताबिक, पीएम किसान योजना का लाभ सभी किसान परिवारों को मिलता है। इस योजना में शुरुआत में केवल 2 हेक्टेयर तक की भूमि रखने वाले किसानों को ही योजना का लाभ दिया जाता था, लेकिन एक जून,2019 से इसे सभी किसानों के लिए लागू कर दिया गया। पीएम किसान योजना को केंद्र सरकार की ओर से किसानों को सीधी मदद पहुंचाने के लिए 24 फरवरी, 2019 को शुरू किया गया था। इस स्कीम के तहत सभी पात्र किसानों को 6000 रुपये प्रति वर्ष दो-दो हजार की तीन किस्तों में दिए जाते हैं। इस स्कीम का लाभ देश में करोड़ों किसानों की डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए दिया जाता है।

सरकार की ओर से कब तक पीएम किसान की 14 किस्तें किसानों को जारी की जा चुकी हैं। पीएम किसान योजना का लाभ लेने के लिए ईकेवाई करना जरूरी है। अधिक जानकारी के लिए आप पीएम किसान की आधिकारिक वेबसाइट222.pmkisan.gov.in पर जा सकते हैं।

# कामयाबी के रंग सीरीज के साथ जानें पेंटर्स और कॉन्ट्रैक्टर्स का संघर्षपूर्ण जीवन और उनकी सफलता की कहानी

**नई दिल्ली।** सफलता के लिए जरूरी नहीं है कि आप अपने काम में ढेर सारे पैसे निवेश करें। पैसे जरूरी हैं, लेकिन उससे ज्यादा आपके काम में आपकी मेहनत और




समर्पण महत्वपूर्ण है, और यह तभी आएगा जब आप पूर्वाग्रह से बाहर निकलेंगे, जिस काम में आपको आनंद आता है उसमें अवसर को तलाशेंगे और लगातार खुद को तराशेंगे, तभी आप विकास के पथ पर आगे बढ़ेंगे। यही जज्बा और सफलता उन पेंटर्स और कॉन्ट्रैक्टर्स में दिखती है, जिन्होंने नई सोच के साथ शुरुआत की, पूरी लगन के साथ काम किया, कस्टमर्स के घरों और दुकानों को खूबसूरत कलर्स के साथ आकर्षक बनाया। उन्होंने अपने कला से न केवल कस्टमर्स को प्रभावित किया, बल्कि अपना जीवन भी कलर्स से भर दिया है। Asian Paints ऐसे ही पेंटर्स और कॉन्ट्रैक्टर्स के संघर्षपूर्ण जीवन और उनकी सफलता की कहानी को सलाम करता है, अपनी कामयाबी के रंग सीरीज के साथ।

कामयाबी के रंग सीरीज में पेंटर्स और कॉन्ट्रैक्टर्स की कामयाबी को सेलिब्रेट किया गया है। इसमें दिखाया है कि रंगों को पसंद करने वाले कैसे रंगों को अपना पेशा बनाते हैं और तमाम चुनौतियों के बावजूद सफलता की सीढ़ियों पर चलते चले जा रहे हैं। इन्होंने अपने आर्ट कौशल से कस्टमर्स के घरों को खुशियों से भर दिया है। साथ ही, अपने आसपास के लोगों की धारणाओं में बदलाव लाया है। इसके हर एपिसोड में पेंटर्स और कॉन्ट्रैक्टर्स के कौशल जैसे रचनात्मकता, सटीकता या अनुकूलनशीलता की बात की गई है, जिसने उन्हें सफलता की ओर प्रेरित किया। आइए ऐसे ही दो एपिसोड की बात करते हैं -

इंदौर के रहने वाले गौरव मौर्या ने पेंटिंग का काम करने से पहले अलग-अलग शहरों में जाकर काम किया। उनका वहां मन नहीं लगा, इसलिए वह वापस इंदौर आ गए और अपने चाचा के साथ पेंटिंग के काम में लग गए। उन्होंने शुरुआती कुछ साल पेंटिंग और पुट्टी लगाने जैसे कार्य किए। इस तरह के कार्य में उन्हें आनंद आने लगा। रंगों की समझ और काम सीखने के बाद गौरव ने कॉन्ट्रैक्टर बनने का फैसला किया। हालांकि, इसमें उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। वह समझते थे कि कस्टमर्स के साथ अच्छा व्यवहार करके ही ज्यादा से ज्यादा काम मिलता है। वह प्रोफेशनल कॉन्ट्रेक्टर बनना चाहते थे, जिसमें उनकी Asian Paints ने मदद भी की।

उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में जन्मी और गाजियाबाद की रहने वाली आकृति शुरुआत से ही कुछ अलग करना चाहती थी। स्कूल में उनका पसंदीदा विषय आर्ट एंड क्राफ्ट था, जिसमें वह अपना करियर बनाना चाहती थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद अपने इसी सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने दिल्ली शहर की ओर रुख किया। उन्होंने इंटीरियर डिजाइनिंग का कोर्स किया और आर्ट व कलर के बारे में अच्छे से समझा। उन्होंने इस क्षेत्र में विकास की कई संभावनाएं देखी और अपने दोस्त के साथ मिलकर पेंटिंग का काम शुरू किया। शुरुआत उन्होंने रेजिडेंस के काम से शुरू किया और जैसे-जैसे वह अपने काम में प्रोफेशनल होती गई उन्होंने कमर्शियल मकानों का काम भी करना शुरू कर दिया। उन्होंने अपनी कंपनी शुरू की, जहां वह अपने क्लाइंट को पेंटिंग से संबंधित हर तरह की सर्विस देती हैं।

# एपल Meta और गूगल के शेयर खरीदने का बना रहे प्लान

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में निवेशकों को निवेश करने अलग-अलग विकल्प मिलते हैं। ऐसा ही एक विकल्प है। विदेशी शेयरों को खरीदने का। बहुत से लोग निवेश के लिए इस तरीके को अपनाते हैं। हालांकि, बहुत कम ही लोगों को जानकारी होती है कि विदेशी शेयरों में निवेश कैसे किया जाए और इस पर कितना टैक्स चुकाना होता है। अगर आप अमेरिकी शेयरों जैसे गूगल, फेसबुक और एपल आदि में दो तरीके से निवेश कर सकते हैं। अगर आप अमेरिका जैसे विकसित विदेशी बाजारों में निवेश करना चाहते हैं तो आप इसके लिए विदेशी या घरेलू ब्रोकर के पास ओवरसीज डीमैट खाता खुलवाना होगा। भारत में कई सारे ऐसे ब्रोकर हैं जो कि ओवरसीज डीमैट खाता खोलने का विकल्प देते हैं। ओवरसीज डीमैट अकाउंट खोलते समय आपको ब्रोकर की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं और चार्जेस को लेकर रिसर्च कर लेनी चाहिए।

# म्यूचुअल फंड में लंपसम और एसआईपी क्या है निवेश करने का सही तरीका, समझें दोनों के फायदे और नुकसान

**नई दिल्ली।** आज के समय में निवेश के काफी सारे विकल्प हैं, जिसमें म्यूचुअल फंड काफी पॉपुलर है। इसमें कोई भी व्यक्ति लंपसम और एसआईपी के जरिए निवेश कर सकता है, लेकिन




लोगों के मन में एक सवाल ये आता है कि दोनों में से सबसे बेहतर विकल्प कौन-सा है। एसआईपी और लंपसम दोनों के अपने-अपने फायदे और नुकसान हैं। एसआईपी के जरिए निवेश करने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसमें बाजार के सभी टाइमफ्रेम का फायदा निवेशक को मिल जाता है। ये एक तरह से ईएमआई की तरह से होता है। हर महीने एक किस्त के रूप में निर्धारित राशि म्यूचुअल फंड स्कीम में निवेश कर दी जाती है। लंबी अवधि में निवेश के लिए एसआईपी एक अच्छा विकल्प है। इससे लॉन्ग टर्म कंपाउंडिंग का फायदा भी मिलता है।एसआईपी केवल लंबी अवधि के निवेश के लिए अधिक प्रभावी होता है। म्यूचूअल फंड स्कीम में एक निश्चित तारीख को ही एसआईपी जाती है। कई बार देरी होने पर जुर्माना आदि भी भरना पड़ता है। ज्यादातर देखा गया है कि एसआईपी केवल फिक्स इनकम वाले लोगों के लिए अच्छी रहती है।लंपसम निवेश का एक बड़ा फायदा यह होता है कि आप बाजार की परिस्थिति के मुताबिक निवेश कर सकते हैं। इसमें आप शॉर्ट टर्म में मुनाफा कमाने के लिए उपयोग कर सकते हैं। अगर आप लंबी अवधि के लिए एक बड़ा निवेश करना चाहते हैं और आपकी आय अस्थिर है तो भी लंपसम एक अच्छा तरीका हो सकता है।

उदाहरण के लिए कोरोना के समय जब बाजार में बड़ी गिरावट आई तो म्युचूअल फंड में एसआईपी के जरिए निवेश एक अच्छा मौका था।

लंपसम में निवेश करने का नुकसान यह है कि आप बाजार के सभी टाइमफ्रेम का लाभ नहीं उठा पाते हैं। इसका असर आपके रिटर्न पर पड़ता है।

# अजीत मेनन, लेखक, और अनिल वर्मा, गीतकार और पटकथा लेखक, ने द राइट स्ट्रीट प्रोजेक्ट की शुरुआत की

**लखनऊ।** सार्थक लेखन को प्रोत्साहित करने के अपने जुनून के साथ, अजीत मेनन, लेखक, द पैंथर्स घोस्ट्स; और अनिल वर्मा, गीतकार और पटकथा लेखक, ने द राइट स्ट्रीट प्रोजेक्ट की शुरुआत की, जिसका पहला चरण, बिहाइंड एनिमी लाइन्स, एक लघु कहानी प्रतियोगिता, अब चल रही है। घोर काली-सफ़ेद दुनिया में, कहानी सुनाना सांसारिकता से मुक्त होने का एक तरीका बन जाता है। राइट स्ट्रीट प्रोजेक्ट बिहाइंड एनिमी लाइन्स प्रतियोगिता की ऐसी रोमांचक कहानियों को सामने लाने के लिए एक मंच देना चाहता है। लेखक अजीत मेनन के दिमाग की उपज, जिन्होंने द पैंथर्स घोस्ट्स नामक छह-भाग की श्रृंखला लिखने के अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए अपनी आरामदायक कॉर्पोरेट नौकरी छोड़ दी; और अनिल वर्मा, गीतकार और पटकथा लेखक, प्रतियोगिता का उद्देश्य लोगों को उनकी पृष्ठभूमि और उम्र के बावजूद रोमांचक, आकर्षक और लीक से हटकर कहानियाँ लिखने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता की प्रासंगिकता के बारे में बात करते हुए, अजीत मेनन बताते हैं, दुनिया की आबादी का केवल 0.03% वास्तव में लेखन में है, और पुस्तक प्रकाशन उद्योग के भीतर, एक लेखक के काम को प्रकाशित होने की



संभावना एक से दो प्रतिशत के बीच है। दुनिया की 17.8त्न आबादी भारत में रहती है और भारतीय लेखकों का प्रतिशत दुनिया की तुलना में बहुत कम है। यही कारण है कि युवा पीढ़ी महान भारतीय कहानियों के बारे में जानकर बड़ी नहीं हो रही है। और, यहीं पर बिहाइंड एनिमी लाइन्स जैसी प्रतियोगिताएं प्रासंगिक हो जाती हैं। लघु जासूसी-रोमांचक कहानियों को आमंत्रित करते हुए, बिहाइंड एनिमी लाइन्स प्रतियोगिता का उद्देश्य शीर्ष 10 लघु कहानियों की पहचान करना और उन्हें एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित करना है, जिसका शीर्षक है, इंडियन स्पाइवर्स– एन एंथोलॉजी ऑफ इंडियन शॉर्ट स्टोरीज़, पंजीकरण/ जिसके लिए आवेदन 26 सितंबर, 2023 तक खुले हैं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अजीत मेनन, लेखक, द पैंथर्स घोस्ट्स; ग्रुप कैप्टन अनुपम बनर्जी (वीएसएम) सेवानिवृत्त, पूर्व आईएएफ फाइटर पायलट; अनिल वर्मा, गीतकार और पटकथा लेखक; रायशा लालवानी, लेखिका, द डायरी ऑन द फिफ्थ फ्लोर; लेफ्टिनेंट डॉ. रीता गंगवानी (सेवानिवृत्त), लेखिका, द ब्यूटी पेजेंट के ग्रीनरूम, और व्यक्तित्व विकास कोच; और विनीता जेरथ, संस्थापिका और संपादक, सबर्ब, और सह-संस्थापक, एवाईएल। स्पाई-थ्रिलर को थीम के रूप में लेने के निर्णय के बारे में बात करते हुए, ग्रुप कैप्टन अनुपम बनर्जी कहते हैं, हमारे विशाल साहित्यिक कार्यों की तुलना में भारतीय स्पाई-थ्रिलर की कुल मात्रा कम है।

आने वाले दिनों में, वैश्विक शक्ति सूचकांक में हमारी बढ़त, शत्रुतापूर्ण पडोसियों के साथ मिलकर, भू-राजनीतिक शतरंज की पृष्ठभूमि के साथ भारत में अधिक साहित्यिक कार्यों को प्रोत्साहित करेगी, जिसकी पृष्ठभूमि में खुफिया जानकारी एकत्र करना एक अभिन्न अंग है। बिहाइंड एनिमी लाइन्स इस डोमेन का पता लगाने के लिए एक बेहतरीन मंच है।

हालांकि स्पाइवर्स लघु कहानी शैली में एक नया विषय हो सकता है, लेकिन इसने फिल्म देखने वालों और ओटीटी दर्शकों का ध्यान समान रूप से आकर्षित किया है। अनिल वर्मा का मानना है कि इस बदलाव का कारण अच्छी, सामंजस्यपूर्ण कहानियों के प्रति प्रेम है। ÷स्पाईवर्स जैसे सहज रूप से तीव्र विषय को चुनने से कहानीकार को कई भावनाओं, एक ठोस संघर्ष और एक संतोषजनक समाधान को एक साथ लाने की अनुमति मिलती है, जो सभी पाठक को पूरी तरह से प्रभावित करते हैं।

# एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने मिलेनियल निवेशकों को शिक्षित करने के लिए एक डिजिटल कैंपेन 'एसआईपी है फायदे वाली आदत' शुरू किया

**नई दिल्ली।** एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने एक डिजिटल निवेशक शिक्षा अभियान एसआईपी है फायदे वाली आदत, का आरंभ किया है, जो दीर्घ कालिन वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में एसआईपी की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रमुखता से



प्रदर्शित करता है । अपनी तरह के इस पहले अनूठे अभियान का लक्ष्य है भारत में 27 से 35 वर्ष के बीच की आयु के मिलेनियल निवेशकों को शिक्षित और सक्षम करना । लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए कैलाश कुलकर्णी, सीईओ, एचएसबीसी असेट मैनेजमेंट कंपनी इंडिया प्रा. लि. ने कहा एसआईपी है फायदे वाली आदत एसआईपी को एक आदत के रूप में प्रस्तुत करता है, जो सकारात्मक दिनचर्या के लाभ की झलक दिखाता है, और जानकारी से परिपूर्ण तथा आत्मविश्वास से भरपूर मिलेनियल निवेशकों की पीढ़ी को बल देता है । इस उपक्रम के माध्यम से, हमारा लक्ष्य है दो महत्वपूर्ण संदेश प्रसारित करना. पहला है, एसआईपी एक निवेश से भी बढ़कर है; यह एक व्यवस्थित आदत है जो मिलेनियल्स को तात्कालिक और दीर्घ कालिक दोनों लक्ष्यों के लिए नियमित रूप से निवेश करने में सक्षम बनाती है । दूसरा, हम एसआईपी द्वारा प्रदान किए जानेवाले निवेश में आसानी और चक्रवृद्धि की शक्ति पर बल दे रहे हैं । कैंपेन पर बोलते हुए संदीप श्रीकुमार, बॉर्नहाय डिजिटल के वाइस प्रेसिडेंट ने कहा हम जब खेल का रुख मोडनेवाले इइ उपक्रम पर एचएसबीसी के साथ गठजोड कर रहे हैं तब हमारा विश्वास है कि ये न सिर्फ ब्रांड पोजिशनिंग को ऊंचा करेगा बल्कि आर्थिक जिम्मेदारी और निवेश के इर्दगिर्द नैरेटिव विमर्श को भी नया आकार देगा । बॉर्नहाय डिजिटल अपने व्यापक बीएफएसआई अनुभव के साथ इस रूपांतरकारी सफर के साथ आगे बढ़ते हुए रोमांच का अनुभव कर रहा है जहॉं नवोन्मेष, रचनाशीलता और आर्थिक ज्ञान का मेल निवेशकों की नई पीढ़ी की शक्ति के साथ होता है ताकि वे अपने आर्थिक भाग्य की कमान स्वयं संभाल सकें ।

भारत के म्यूचुअल फंड उद्योग में नए निवेशकों का उल्लेखनीय रूप से प्रवेश दिखाई दिया है, जिसमें से एक विशाल हिस्सा मिलेनियल्स यानी नई सहस्त्राब्दि की पीढ़ी का है । इंडस्ट्री रिपोर्ट्स संकेत करती हैं कि वि.व. 19-23 के दौरान 54 प्रतिशत नए निवेशकों का विशाल समूह करीब 85 लाख मिलेनियल्स का था जिन्होंने म्यूचुअल फंड्स में निवेश शुरू किया है मई 2023, सी. ए. एम. एस. रिपोर्ट के अनुसार. एसआईपी है फायदे वाली आदत अभियान इसी वर्ग को लक्ष्य करता है और उनकी महत्वाकांक्षाओं तथा वित्तीय लक्ष्यों का समाधान एक अनूठे अंदाज़ के साथ करता है जो मिलेनियल्स के अनुरूप है और उनसे संबंध स्थापित करता है, उन्हें भविष्य के लिए एक कॉर्पस निर्मित करने के लिए एसआईपी के उपयोग हेतु हल्के फुल्के ढंग से प्रेरित करता है ।

# बढ़ती महंगाई से लोगों को मिली राहत, अगस्त में मुद्रास्फीति घटकर हुई 6.83 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने आज अगस्त महीने की कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) यानी खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी कर दिए हैं। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले महीने महंगाई कम हुई है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, सब्जियों की कीमतों में कमी के कारण अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई के 7.44



प्रतिशत से घटकर 6.83 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2023-24 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति 6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। आपको बता दें कि जुलाई के महीने में उपभोक्ता मुद्रास्फीति 7.44 प्रतिशत के स्तर पर अपने 15 महीने के उच्चतम स्तर पर थी जो अगस्त में मुख्य रूप से खाद्य तेल की कीमतों में कमी और सब्जी मुद्रास्फीति में मामूली गिरावट के कारण कम रही। अगस्त में अनाज की कीमतों में कमी देखी गई। अनाज की कीमत में महंगाई जुलाई में 13 प्रतिशत की तुलना में अगस्त में 11.6 प्रतिशत रही। दूध और दूध उत्पादों की मुद्रास्फीति जुलाई के 8.34 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में अगस्त में 7.7 प्रतिशत पर आ गई। सब्जियों की अगर बात करें तो सब्जियां अभी भी महंगी है लेकिन जुलाई में इनकी कीमतों में 37.34 प्रतिशत के मुकाबले अगस्त में कम होकर 26.1 प्रतिशत रही।

# अमेज़ॅन मिनीटीवी हिप हॉप इंडिया में टॉप 6 में जगह बनाने वाले यूजीएच डांस क्रू के साथ खास बातचीत

**नई दिल्ली।** अमेज़ॅन की फ्री वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अमेज़ॅन मिनीटीवी पर आप सभी ने - हाल ही में आपनेएकअद्वितीय डांस रियलिटी शो, हिप हॉप इंडिया के ग्रैंड फिनाले को देखा ही होगा इस शो को डांस के बादशाह रेमो डिसूजा और डांसिंग क्वीन नोरा फतेही ने जज़ किया था गली से ग्लोरी तक के माध्यम से हिप-हॉप डांसर्स को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला ऐसे ही प्रतिभावान डांसर्स जिन्होंने टॉप 3 मेंअपनी जगह बना ली थी - अंडरग्राउंड हसलर्स यानि यूजीएच से उनके अनुभवों , उनकी पूरी यात्रा को जानने का अवसर प्राप्त हुआ बातचीत के कुछ अंश ... ग्रुप के सभी डांसर्स अलग अलग जगह और समूह से आए थे लेकिन जैसे जैसे समय बितता गया हम एक हो गए सभी ने एक दूसरे की डांस कला को समझा जाना नियमित रूप से डांस का अभ्यास करने का हमने सभी एक सामूहिकनिर्णय लिया हम सबने अलग अलग अभ्यास करने और प्रशिक्षण लेने का फैसला लिया और जब हम वापस लौटे, तो हमने पाया कि हम सभी पहले से भी अधिक मजबूत हुए है , हमारे डांस मूवज ,बॉडी में काफी बदलाव आया है जिसका जाहिर तौर पर हमें बहुत फायदा हुआ। सभी के डांस मूवज बहुत ही उत्तम हो गए थे हम इस सोच में पड़े थे कि हम क्या अलग करें तभी हमने अलग अलग डांसिंग वीडियो बनाना शुरू किए हम उसी दिशा में काम करने लगे हमने विभिन्न कहानिया सुनी, एंगलिंग शॉट्स साथ ही लायटिंग पर भी ध्यान दिया जिससे हमारे विडीयोज लोगों को पसंद आए हम सभी हिप हॉप इंडिया ऑडिशन के लिए दिल्ली पहुंचे जहां हमें बताया गया कि हमारा ऑडिशन अच्छा रहा है और हमें चुन लिया गया है अब हमें मुंबई से बुलावा आया है जहां पर फाइनल टेस्ट होगा यहाँ तक पहुचने के लिए हमें कई



उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा जिसके चलते हमने हिप हॉप इंडिया के फाइनल में जगह बना ली थी यह जानकर ही बहुत खुशी हो रही थी यह सफर हमारे लिए वाकई में बहुत ही अद्भुत रहा है हम तहे दिल से अमेज़ॅन मिनीटीवी को धन्यवाद देना चाहते है कि उन्होंने हमें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए इतना शानदार मंच प्रदान किया

# देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को समर्पित है यह अभियानः मोहन वर्मा

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत मंगलवार को नगर पालिका परिषद हाटा में विधायक मोहन वर्मा के नेतृत्व में अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के तहत नगर में घर घर कलश यात्रा ले जाएगा गया, जहां से मिट्टी संग्रहण कर दिल्ली में अमृत वन वाटिका निर्माण के लिए भेजा जाएगा।

इस अभियान को हरी झंडी विधायक मोहन वर्मा, नपा अध्यक्ष रामानंद सिंह व उपजिलाधिकारी हीरालाल ने दिखाकर रवाना किया। इस अभियान के दौरान अमृत कलश लिए दर्जनों की संख्या में लोगों ने नगर के हर घर से माटी और अक्षत लेकर कलश में इकट्ठा किया। यह कलश यात्रा नपा कार्यालय से शुरू होकर शहीद स्मारक पर समाप्त हुआ। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक श्री वर्मा ने कहा कि देश के लिए शहीद हुए अमर जवानों की याद में यह कार्यक्रम पूरे देश में चल रहा है। हमें उनकी कुर्बानियों को याद रखना है। यह देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को समर्पित अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को देश का नेतृत्व करने का गौरव मिला है। नपा अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि इस यात्रा से नई पीढ़ियां को यह जानने का अवसर मिलेगा कि देश की आजादी के लिए अपना बलिदान देकर अमर शहीदों ने देश को आजाद कराया। इस दौरान ईओ अजय सिंह, सभासद सैफुद्दीन उर्फ गुड्डू भाई, विनय सिंह, जय प्रकाश जायसवाल, अछैवर मणि, पंकज भारद्वाज, ठाकुर सिंह, बबलू तिवारी, फैजान खान, संतोष श्रीवास्तव, धीरज यादव, अजय राव, जयराम यादव, रवि सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।


हाटा में अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ करते विधायक मोहन वर्मा

## प्रत्येक नागरिक पर अभियान को सफल बनाने की है जिम्मेदारीः विनय प्रकाश

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत नगर पंचायत मथौली कस्बे में मंगलवार को अमृत कलश यात्रा रामकोला विधायक विनय प्रकाश व अध्यक्ष नवरंग सिंह के देख रेख में निकला गया। इस मौके पर जिस घर में मिट्टी उपलब्ध नहीं है वहां से एक मुट्ठी चावल या पांच तुलसी का पत्ता लिया गया। यात्रा की शुरुआत कस्बे के वार्ड नंबर 5 से किया गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम से उप्र की धरती स्वर्णिम दौर में प्रवेश किया है, किसी भी मुकाम पर हम खड़े होकर कह सकते हैं कि दुनिया के पटल पर भारत अपनी अलग पहचान बना चुका है। अध्यक्ष नवरंग सिंह ने कहा कि जिन वीर सपूतों ने देश आजाद कराने में अपने प्राणों की आहुति दी, आज हम सेनानियों व उनके आश्रितों, परिजनों को ढूंढने के कार्य पीएम मोदी ने किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, प्रिंस जायसवाल, रविन्द्र सैनी, रामाशंकर चौरसिया, प्रिंस मद्धेशिया, विवेक चौबे, हेमंत सिंह, श्रीराम कुशवाहा, जयप्रकाश यादव, रविंद्र कुमार गोंड, सुरेंद्र गोंड सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


मथौली कस्बे में कलश यात्रा लेकर जाते विधायक व अध्यक्ष

# बेहोशी का इंजेक्शन देकर स्टॉफ नर्सों ने बदल दिया बच्चा, महिला ने किया हंगामा

अवधनामा ब्यूरो

- रिकार्ड में बेटी पैदा होना दर्ज है, लेकिन महिला मानने को तैयार नहीं
- सीएचसी रामकोला का है मामला

**कुशीनगर।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के बाद बच्चा बदलने का मामला प्रकाश में आया है। महिला ने स्टॉफ नर्सों पर बच्चा बदलने का आरोप लगाया है। महिला को लेकर अस्पताल में जांच करने पहुंची पुलिस अभिलेख खंगाली और स्टॉफ नर्स से पूछताछ की।

अस्पताल के रिकार्ड में बेटी पैदा होना दर्ज है, लेकिन महिला मानने को तैयार नहीं है। देवरिया जिले के अमरी गांव के निवासी राजेश कुमार की 28 वर्षीय पत्नी इंद्रावती को तीसरा बच्चा हुआ है। वह रामकोला थाना क्षेत्र के पकड़ी बांगर गांव में अपने मायके में थी। 7 सितंबर को प्रसव पीड़ा होने पर मायके वाले उसे सुबह रामकोला सीएचसी पर ले गए और 9:22 बजे प्रसव हुआ। इसके पहले दो प्रसव और अस्पताल में हो चुके थे। उसी दिन शाम को इंद्रावती को डॉक्टर ने डिस्चार्ज कर दिया। अपनी मां के साथ मायके चली गई। सोमवार को इंद्रावती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि मुझे बेटा पैदा हुआ था। मुझसे पहले दूसरे समुदाय की एक महिला ने बेटी को जन्म दिया था। उसी से स्टॉफ नर्सों ने मेरे बेटे को बदल दिया है। घर जाने के बाद बेटी का चेहरा परिवार के किसी सदस्य से नहीं मिलने के बाद इंद्रावती का संदेह गहरा गया और पुलिस तक मामला पहुंचा। शाम को सीएचसी पर जांच के लिए कस्बे के चौकी इंचार्ज इंद्रावती को लेकर पहुंचे। यह सुनकर अस्पताल के डॉक्टर और स्टॉफ नर्स भी सन्न रह गए। अस्पताल के रिकॉर्ड में कोई गड़बड़ी नहीं मिली। पूछताछ के दौरान भी ऐसे आरोप से स्वास्थ्यकर्मियों ने इन्कार कर दिया और महिला को भ्रम होने की बात कही। लेकिन, महिला किसी की बात सुनने को तैयार नहीं है। देर शाम तक पुलिस अस्पताल में जमी रही। इतनी देर से शिकायत करने की बात पर महिला ने तर्क दिया कि बेहोशी का इंजेक्शन लगा था। इसलिए वह आने में असमर्थ थी। चौकी इंचार्ज मिथिलेश कुमार ने बताया कि महिला ने तहरीर दी है। इस आधार पर जांच की जा रही है। अभिलेखों का अवलोकन किया गया। जांच की जा रही है।



### बेवजह सभी लोगों को परेशान कर रही महिला

रामकोला सीएचसी पर 7 सितंबर को ताहिरा, अमीरा, इंद्रावती, काजल, उषा यादव और सीमा का प्रसव शाम 7 बजे तक हुआ है। ओटी के बाहर सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं। उस दिन लेबर रूम में ड्यूटी पर तैनात स्टॉफ नर्स बसंती ने बताया कि ऐसा नहीं हो सकता है। पुलिस चाहे जैसे भी जांच कर ले। महिला का आरोप गलत है। बेवजह सभी लोगों को परेशान कर रही है।

> लेबर रूम से प्रसव के बाद प्रसूताओं को वार्ड में शिफ्ट कर दिया जाता है। उसके बाद दूसरी गर्भवती महिला को लेबर रूम में लाया जाता है। महिला को भ्रम हो गया है। आरोप गलत लगा रही है। नहीं मानेगी तो बच्चे और महिला का डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। जांच करने आई पुलिस से बात हुई है।
>
> **डॉ. एसके विश्वकर्मा, प्रभारी चिकित्साधिकारी, सीएचसी, रामकोला**

## राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने किया मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा का आयोजन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा मण्डल सलेमपुर द्वारा नगर के गांधी चौक से राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत उन्होंने नगर भ्रमण कर लोगो के घर जाकर अमृत कलश में मिट्टी और अक्षत एकत्र की। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी चौक स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार के नेतृत्व में पूरे देश मे प्रत्येक गांव/शहर से प्रत्येक घर से एक मुट्ठी मिट्टी और अक्षत एकत्र कर स्वाधीनता के समर में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले भारत माता के सभी वीर सपूतों को विनम्र श्रद्धांजलि देने के लिए और उन्हें नमन करने के लिए पवित्र मिट्टी को देश के वीर सपूतों के याद में दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। सलेमपुर के अलावा इस कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत मझौलीराज में भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष कन्हैया लाल जायसवाल, अमरेश सिंह बबलू, अभिषेक जायसवाल, श्रीराम यादव, अजय दूबे वत्स, नागेन्द्र गुप्ता, उमाकांत मिश्र, अमित सिंह, प्रकाश पाण्डेय, सीता देवी, ओमप्रकाश मोदनवाल, अभिषेक मल्ल, हिमांशु मिश्र आदि मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मना भगवान श्रीकृष्ण का छठीहार



अवधनामा संवाददाता

**भाटपार रानी, देवरिया।** उपनगर भाटपार रानी के विभिन्न मंदिरों में भगवान श्री कृष्ण का छठीहार हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया उपनगर के राम जानकी मंदिर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्त व राम जानकी मंदिर के अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार रामदास गुप्त व सहयोगियों के द्वारा छठीहार का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्णा का विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद भगवान श्री कृष्ण को भोग लगाया गया और उसके बाद उपस्थित सभी श्रद्धालु जिनमें बच्चे बुजुर्ग नौजवान एवं सैकड़ो की संख्या में महिलाएं शामिल थी सभी ने प्रसाद ग्रहण किया, इस अवसर पर समाजसेवी संजय जयसवाल राजेंद्र जायसवाल डॉक्टर प्रमोद बरनवाल राजेश कुमार गुप्ता अनिल कुमार मद्धेशिया गुड्डू मद्धेशिया अजीत कुमार गुप्ता गोविंद बरनवाल चंदन कुमार गुप्ता राज शुभम देवेश कुमार गुप्ता लकी सागर संदीप शक्ति देव बरनवाल मंदिर के मुख्य पुजारी सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नैक मूल्यांकन के मानकों की कुलपति ने की समीक्षा



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम गोरखपुर में मंगलवार को कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी की अध्यक्षता में नैक मूल्यांकन हेतु गठित स्टीयरिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आइक्यूएसी) तथा नैक मूल्यांकन से सम्बन्धित विश्वविद्यालय स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान कुलपति ने नैक मूल्यांकन हेतु निर्धारित मानकों की समीक्षा की तथा भविष्य के लिए मानकों के अनुसार डाटा प्रोसेसिंग एवं डाटा कैप्चरिंग सुचारू रूप से किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर सुनील कुमार ने आनलाइन प्रजेंटेशन से भविष्य की तैयारी से संबंधित रुपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में समस्त प्रधानाचार्य, अधिष्ठाता, स्टीयरिंग समिति के सदस्यगण सहित उप कुलसचिव प्रशासन एवं शैक्षणिक उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय मिलेट्स कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जनपद में संचालित उप्र मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत 12 सितम्बर से 13 सितम्बर तक दो दिवसीय मिलेट्स कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कृषि विज्ञान केन्द्र कठौरा में किया गया।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद में आयोजित होने वाले किसान मेलों गोष्ठियों में श्रीअन्न से सम्बन्धित इसी प्रकार की कार्यशाला के आयोजन के सम्बन्ध में निर्देशित करते हुए किसानों को मिलेट्स के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारियों उप कृषि निदेशक अध्यक्ष वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी के साथ-साथ कृषि विज्ञान केन्द्र के अन्य समस्त वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को मिलेट्स के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर वेबीनार

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित नेहरू युवा केंद्र कार्यालय पर मंगलवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर एक वेबीनार का आयोजन किया गया। उपनिदेशक डॉ आराधना राज ने अध्यक्षता करते हुए मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर सभी स्वयंसेवकों को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए तिथि वार कार्यक्रम के संबंध में बताया। मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में यह बैठक बुलाई गई। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सितंबर माह से अक्टूबर माह तक चलेगा जिसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर प्रत्येक घर से मुट्ठी भर मिट्टी चुटकी भर अक्षत संकलित कर ग्राम सचिवालय अथवा प्राथमिक विद्यालयों पर संग्रहण किया जाएगा।शहरी क्षेत्र स्तर पर यही कार्यक्रम नगर निकाय का कम्युनिटी सेंटर अथवा पार्षद के संरक्षण में उनके आवास सरकारी स्कूल पर संग्रहण किया जाएगा।अक्टूबर माह में ब्लॉक मुख्यालय पर ग्राम पंचायत स्तर से अमृत कलश का संग्रहण होगा और नगर निकाय में नगर निकाय के प्रत्येक वार्डो से अमृत कलश अमृत वाटिका तथा शिला फलकम स्थलों पर संग्रहण का कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम सभी युवाओं एवं युवतियों के समन्वय से होगा। जिसमें आंगनबाड़ी शिक्षा विभाग युवक मंगल दल महिला मंगल दल आशा आदि रहेंगे।बताया की अमृत कलश लेकर लखनऊ एवं दिल्ली जाने के लिए दो युवाओं एवं युवतियों का प्रत्येक विकासखंड और नगर पंचायत स्तर से चयन किया गया। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर प्रभारी बनाए गए हैं।

# बुद्धा हॉस्पिटल के खिलाफ पीड़िता ने डीएम को पत्र देकर न्याय की लगाई गुहार

अवधनामा ब्यूरो

- इलाज में खर्च कर दिया 15 लाख, पत्नी को 70 हजार का चेक देकर मैनेज करने का खेल जारी

**कुशीनगर।** बुद्धा हॉस्पिटल के जिम्मेदार डॉक्टरों के द्वारा गलत ऑपरेशन करने के कारण प्रेम की हुई मौत को लेकर सोमवार को सीएमओ कुशीनगर व पडरौना थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देने के बाद मंगलवार को पीड़िता द्वारा जिलाधिकारी से मिल शिकायती पत्र देकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु न्याय की गुहार लगाई गई।

पडरौना कसया रोड पर छावनी स्थित बुद्धा हॉस्पिटल पर कानूनी कार्रवाई हेतु जंगल बेलवा निवासी रीमा देवी ने कोतवाली पडरौना तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को कुशीनगर शिकायती पत्र दिया है। मृतक प्रेम की पत्नी पीड़ित का आरोप है कि अस्पताल के अप्रशिक्षित चिकित्सक के द्वारा लापरवाही से किए गए ऑपरेशन के कारण प्रेम की मृत्यु हो गई। चिकित्सा मे लापरवाही के कारण उसे जन एवं धन की भारी नुकसान भी उठाना पड़ा है। पीड़ित रीमा द्वारा दिए गए अपने पत्र माध्यम से बताया कि उसके पति प्रेम कुशवाहा को पेट में दर्द हुआ तो वह अपने पति को लेकर पडरौना तहसील के पास छावनी में स्थित बुद्धा अस्पताल पर लेकर गई और डाक्टर को दिखाई। डाक्टर नन्दलाल कुशवाहा द्वारा यह सलाह दिया गया कि उनकी स्थिति खराब है आपरेशन करना पड़ेगा। पीड़िता ने डाक्टर की बातों का विश्वास करके हामी भर दिया। इसके बाद बुद्धा हॉस्पिटल के अप्रशिक्षित डाक्टर द्वारा लापरवाही पूर्वक आपरेशन किया गया। और आपरेशन के दूसरे दिन ही मरीज की स्थिति बिगड़ गई और पेट फूलने लगा। डाक्टर साहब घबड़ा कर मरीज को एम्बुलेंस बुला खुद संयुक्त जिला चिकित्सालय रविन्द्र नगर लेकर आए और वहां पर डाक्टर से मिलकर केजीएमसी लखनऊ रेफर करा दिए। लखनऊ में डाक्टर ने चिकित्सकीय परीक्षण के बाद कहा कि आपरेशन गलत हो गया है और ईलाज शुरू किया। महीनों ईलाज करते रहे लेकिन मरीज की स्थिति ठीक नही हो पाई और और 9 सितंबर 23 को उसके पति की वृद्धा हॉस्पिटल के डाक्टर के लापरवाही के कारण मृत्यु हो गई। इसके साथ ही रीमा ने कहा कि पति के इलाज में खेत बेचकर लगभग 15 लाख रूपया खर्च हुआ। पीड़िता रीमा जब अपने मृतक पति को साथ लेकर बुद्धा हॉस्पिटल पहुंची तो डाक्टर द्वारा हंगामा न करने और चुप रहने के एवज में 9 सितंबर 23 को तीन चेक के माध्यम से कुल 70,000 रुपए दिया गया और आश्वासन दिया कि लाश का अंतिम संस्कार करके आइए तब जो खर्च हुआ है वह दूंगा। इनके बातों का विश्वास कर पति का अंतिम संस्कार कर दिया तथा 11 सितंबर 23 को पीड़िता अपने परिवार के लोगों के साथ बुद्धा हॉस्पिटल पर डाक्टर नंदलाल कुशवाहा से मिलने आई तो डाक्टर और उनके स्टाफ के लोग गाली देते हुए कहा कि भाग जाओ नही तो जान से खत्म कर देंगे। वीरता द्वारा अपने पत्र के माध्यम से बताया कि बुद्धा हॉस्पिटल में गोरखपुर के लगभग 10 डॉक्टरों का नाम लिखा हुआ है लेकिन एक भी डाक्टर नही आते हैं। केवल अप्रशिक्षित डाक्टरों द्वारा ईलाज व आपरेशन किया जाता है। उक्त प्रकरण में पीड़िता ने बुद्धा हॉस्पिटल की सम्पूर्ण जांच कराते हुए विधिक कार्यवाही करने की मांग की गई है। उक्त प्रकरण के संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा है कि जांच के लिए टीम बना दी गई है। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस संदर्भ में इंस्पेक्टर कोतवाली राज प्रकाश सिंह का कहना था कि प्रकरण मेरे संज्ञान में नहीं है, मैं पता करवाता हूं यदि इस प्रकार का प्रार्थना पत्र आया होगा तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने हेतु स्वास्थ्य विभाग लगायेगा कैंप

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेश पटारिया ने बताया कि जनपद के निम्न विकास खण्डों में 08 से 18 वय वर्ग के विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने हेतु मेडिकल एसेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जायेगा। तिथियों में निर्धारित ब्लॉकों पर (सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक) दिव्यांग बच्चो का भारत सरकार की आईडी www.swalamban-card.com पर किए हुवे आनलाइन आवेदन की कापी पर और रजिस्टर पर ही अपना डाइग्नोस्टिक और प्रतिशत लिखे। ताकि डीजिटाजेशन का कार्य पोर्टल से निस्तारित हो सके। निम्न विवरण के अनुसार चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई जाती है। उक्त तिथि को सम्बन्धित चिकित्साधिकरी उपस्थित होकर दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करना सुनिश्चित करें। **इन तिथियों में लगेगा कैंपः** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि विकासखंड हाटा में 12 सितंबर, विकासखंड सुकरौली में 13 सितंबर ,विकासखंड मोतीचक में 14 सितंबर ,विकासखंड में 15 सितंबर, विकास खंड रामकोला में 16 सितंबर, विकासखंड नेबुआ नौरंगिया में 18 सितंबर, विकासखंड खड्डा में 19 सितंबर, विकासखंड विशुनपुरा में 20 सितंबर, विकासखंड दुदही में दिनांक 21 सितंबर, विकास खंड सेवरही में 22 सितंबर, विकासखंड तमकुही राज में 25 सितंबर, विकासखंड फाजिलनगर में 26 सितंबर, विकासखंड कसया में 27 सितंबर, विकासखंड पडरौना में 29 सितंबर को विभिन्न तिथिवार आर्थो0 चिकित्सक, ई एन टी सर्जन, नेत्र सर्जन, पीडियाट्रिशियन चिकित्सा अधिकारियों की ड्यूटी लगाते हुए उनके निरीक्षण में कैंप का आयोजन किया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु निर्धारित तिथि पर मेडिकल एसेसमेंट कैंप में आने का अनुरोध किया है।

# ...रो के भी मुस्कुराने को तैयार हूं

अवधनामा संवाददाता

- मलिक मोहम्मद जायसी के समाधि स्थल पर बही काव्य रस धार

**अमेठी।** सारे गम भूल जाने को तैयार हूं, रोके भी मुस्कुराने को तैयार हूं कवि सुरेश शुक्ल नवीन की इन पंक्तियों ने श्रोताओं को वाह-वाह करने पर जहां मजबूर किया वहीं समूचा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सूफी संत मलिक मोहम्मद जायसी के समाधि स्थल पर मंगलवार को बही काव्य रसधार ने श्रोताओं को सराबोर कर दिया।


अवधी साहित्य संस्थान की ओर से वर्षगांठ पर आयोजित कवि सम्मेलन में सुदूरवर्ती क्षेत्रों से पधारे साहित्यकारों ने अपनी अपनी विधाओं में रचनाएं प्रस्तुत की। वाणी बंदना अनिरुद्ध मिश्र ने की उसके बाद कवि हिमांशु पांडे प्रखर की रचना-बहुत करीब होकर मेरे दूर जाने लगे हैं लोगं खूब सराही गई। कवि राधेश्याम दीवाना, कुंज बिहारी लाल काका, बेजोड़ तेजभान सिंह आदि की पंक्तियों ने लोगों को गुदगुदाया। कवित्री राम कुमारी साहू संसृति ने पढ़ा क्कहम सब भारतवासी भारत का मान बढ़ाएंगें। कवि बेलाला ने पढा क्कसरग मां बइठ महात्मा गांधी आंसू ढारत होइ हैं। मकसूद जाफरी ने पढ़ा क्कमुल्क हमारा जिंदाबाद है। कवियत्री शांति मिश्रा गुंजन ने कजरी तीज पर पढा पूजी चरनिया तोहार हे गौरा मैया। करिहो बरत निराहार हे गौरा मैया। शिवाकांत सरस ने पढ़ा क्कजौंन कुछ देखात है सही वह जचत नहीं। चुटकी भर सुख भौंका भर दुख हम कहां धरी।मनोज मिश्र कप्तान दिल्ली ने पढ़ा क्कधनि अवधि जेहिं राम बखानी। श्री नाथ मौर्य ने पढ़ा हिंदी गंगा हिंदी जमुना हिंदी है मां सरस्वती।सुधीर रंजन ने पढ़ा क्ककांटे लिखूं या कलियां या मैं सुमन लिखूं। अर्चना ओजस्वी ने पढा क्कजहां ना पहुंचा अब तक कोई पहुँचा हिंदुस्तान तिरंगा फहर रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकेश शुक्ल ने पढ़ा गीत गजल कोमल है कितने छंदों की गहराई है। कविता कानन महक उठा है झूम रही पुरवाई है। इसके अलावा ज्ञानेंद्र पांडे अवधी मधुरस अरुण कुमार तिवारी लखनऊ रामबदन शुक्ल पथिक रामेश्वर सिंह राधेश्याम तिवारी राजेंद्र प्रसाद शुक्ल डा सुधाकर तिवारी शिवाकांत त्रिपाठी कुशीनगर संगम लाल भंवर सत्या सिंह आदि कवियों ने काव्य पाठ किया।




## टीकरमाफी आश्रम में उमड़े श्रद्धालु

**टीकरमाफी (अमेठी)।** स्वामी परमहंस आश्रम टीकरमाफी में मंगलवार को दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।विगत वर्षो इस आश्रम में दक्षिण भारतीय स्थापत्य कला के कई मंदिरों का निर्माण हुआ था। जिसमें हनुमानगढ़ी, नवग्रह मंदिर, शनिशिला, शिव जी की विशाल प्रतिमा, गणेश मंदिर, पंचदेव मंदिर, और द्वादश ज्योतिर्लिंग की स्थापना कराई गई थी आश्रम सुमनोहर और रमणीक स्थल हो गया है। इन दिनों प्रत्येक मंगलवार को दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ती है। आज भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्वामी परमहंस की समाधि का दर्शन करने के उपरांत हनुमानगढ़ी मंदिर शिव जी का दर्शन एवं द्वादश ज्योतिर्लिंगों सहित विभिन्न मंदिरों में दर्शन पूजन किया।इस आश्रम की प्रतिष्ठा प्राचीन काल से ही सुदूरवर्ती क्षेत्रों मे व्याप्त है आज भी यहां दूर-दूर से लोग दर्शन करने आते हैं, स्वामी जी की कृपा से लोगों की मन्नते पूरी होती रही है आज भी यह परंपरा कायम है देश के कोने-कोने से लोग यहां आते हैं। आश्रम लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है।

# पारंपरिक शिल्प-पेशे को और समृद्ध करने की तैयारी



अवधनामा संवाददाता

- सभी पात्र शिल्पकारों व कारीगरों को पीएम विश्वकर्मा योजना से जोड़ेगी योगी सरकार
- 18 प्रकार के पारंपरिक कार्यों से जुड़े शिल्पकार और कारीगर आएंगे दायरे में
- 17 सितंबर तक जनसेवा केंद्रों के माध्यम से वेबसाइट पर कराया जा रहा रजिस्ट्रेशन

**गोरखपुर।** प्रदेश की योगी सरकार पारंपरिक शिल्प-पेशे को और समृद्ध करने की तैयारी में जुटी हुई है। यूपी में पांच साल पहले से संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के साथ ही अब यहां के शिल्पकारों और कारीगरों को मोदी सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना से भी आच्छादित कर उनके कारोबार को नई ऊंचाई तक पहुंचाया जाएगा।

17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों लांच होने वाली पीएम विश्वकर्मा योजना के दायरे में 18 प्रकार के पारंपरिक कार्यों से जुड़े शिल्पकार व कारीगर आएंगे। सभी पात्र शिल्पकारों व कारीगरों को योजना का लाभ मिल सके, इसके लिए योजना की लांचिंग से पूर्व उनके पंजीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया गया है।

गोरखपुर में जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने उपायुक्त उद्योग, उपायुक्त स्वतः रोजगार, सहायक श्रमायुक्त, जिला पंचायत राज अधिकारी, सभी विकास खंड अधिकारियों और नगरीय निकायों के सभी अधिशासी अधिकारियों को योजना लांचिंग से पूर्व पात्र कारीगरों और शिल्पकारों के पंजीकरण की जिम्मेदारी सौंपी है। ये अधिकारी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के शिल्पकारों और कारीगरों का पंजीकरण योजना की वेबसाइट pmvishwakarma.gov.in. पर 17 सितंबर से पहले कराना सुनिश्चित करेंगे।

### योजना में इन्हें किया जाएगा शामिल

बढ़ई, लोहार, कुम्हार, सुनार, ताला/पाश साज, राजमिस्त्री, हथौड़ा एवं अन्य औजार साज, धोबी, कश्ती निर्माण करने वाले, शस्त्र साज, मछली पकड़ (मछुवाही) जाल निर्माता, दर्जी, मूर्तिकार, डलिया/चटाई/झाडू बुनकर, काथी साज, मोची/चर्म साज, गुड़िया व खिलौना निर्माता (पारंपरिक), नाई/हज्जाम व मालाकार।

### पंजीकृत शिल्पकारों व कारीगरों मिलेगा लाभ

पीएम विश्वकर्मा योजना योजना से आच्छादित शिल्पकारों व कारीगरों को 15 हजार रुपये टूलकिट खरीदने के लिए मिलेंगे। इसके साथ ही पेशे को विस्तार देने के लिए काफी कम ब्याज दर पर एक लाख रुपये का लोन मिलेगा। पहला लोन चुकता करने पर दो लाख रुपये का दूसरा लोन भी मिल सकेगा।

### यूपी में पहले से मिल रहा प्रोत्साहन

योगी सरकार कारीगरों व शिल्पकारों का जीवन स्तर समुन्नत करने के लिए सितंबर 2018 से ही विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना चला रही है। इसके तहत कारीगरों व शिल्पकारों को निशुल्क प्रशिक्षण देने के साथ ही सरकार उनके पेशे से संबंधित टूलकिट भी मुफ्त देती है। साथ ही पारंपरिक पेशे को उद्यम का रूप देने के लिए 10 हजार से लेकर 10 लाख रुपये तक कि आर्थिक सहायता भी मुहैया कराई जाती है।

# डीएम ने किया सघन मिशन इंद्रधनुष के दूसरे चरण का शुभारंभ

- टीके की छांव में मुस्करायेगा बचपन
- छूटे पाँच वर्ष तक के बच्चों को लगेंगे 56668 टीके
- 9223 टीकों से आच्छादित होंगी छूटी हुई गर्भवती

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में बच्चों के लिए सबसे बड़ा सुरक्षा कवच टीकाकरण है। इसकी बदौलत ही हमारे बच्चे कई जानलेवा बीमारियों से बचते आए हैं। यह बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर उन्हें 12 प्रकार की जानलेवा बीमारियों से रक्षा करता है। टीकाकरण की वजह से ही 2014 में पोलियो और 2015 में मातृ नवजात टिटनेस का उन्मूलन संभव हो पाया है।यह बातें अर्बन पीएचसी सालार गंज में सघन मिशन इंद्रधनुष - 5.0 के दूसरे चरण के शुभारंभ के मौके पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कही। उन्होंने कहा कि सघन मिशन इंद्रधनुष का दूसरा चरण 16 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान किसी कारण से छूटे हुए सभी पाँच वर्ष के बच्चों व गर्भवती को जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण किया जाएगा। यह सभी टीके सुरक्षित हैं और सभी सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों व टीकाकरण सत्रों पर उपलब्ध हैं। उन्होंने आम जनमानस से अपील किया कि अपने घर व आस-पास के परिजनों को बच्चे के टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित करें ताकि कोई भी बच्चा छूटा हो तो उसका टीकाकरण अवश्य हो जाय।



### इन टीकों से की जाएगी नौनिहालों की सुरक्षा

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एसके सिंह ने बताया कि शून्य से पाँच वर्ष तक की आयु के बच्चों को बीसीजी , पोलियो, न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन, हेपेटाइटिस बी, रोटावायरस वैक्सीन, खसरा रूबेला (एमआर), जापानी इनसेफ़लाइटिस, डिप्थीरिया आदि के टीके लगाए जाएंगे। जो बच्चों को 12 प्रकार के बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करेंगे। इनमें पेंटावेलेंट एक संयुक्त टीका भी दिया जाता है जो डिप्थीरिया, टिटनेस, पर्टुसिस, हीमोफिलस, इंफ्लुएंजा टाइप बी संक्रमण और हेपेटाइटिस बी से बचाता है। इस मौके पर सर्विलान्स मेडिकल ऑफिसर डबल्यूएचओ विपिन लिखोरे, अर्बन नोडल डॉ पवन वर्मा सीडीपीओ अनुज कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### समय से लगवाएं टीका जिससे बीमारी की न लगे नज़र: मोनिका रानी

**बहराइच।** जिले की कलेक्टर मोनिका रानी ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि टीका लगवाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है कि सभी टीके समय से लग जाय और कोई भी टीका छूटे नहीं। इसके लिए टीकाकरण कार्ड जिसे जच्चा बच्चा सुरक्षा कार्ड भी कहते हैं अपने साथ अवश्य ले जाएं। इसमें कौन सा टीका लग चुका है और कौन सा टीका लगना है सभी जानकारी लिखी होती है। टीकाकरण के बाद यदि बच्चे को बुखार आए तो घबराए नहीं बल्कि एएनएम की सलाह के अनुसार बच्चे की देखभाल करें। यह एक सामान्य प्रतिकूल प्रभाव है इससे निपटने के लिए रैपिड रिस्पांस टीम का भी गठन किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सतीश कुमार सिंह ने बताया कि सघन मिशन इंद्रधनुष - 5.0 के दूसरे चरण में छूटे हुए पाँच वर्ष तक के बच्चों को व 56668 टीके व गर्भवती को 9223 टीकों से आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए कुल 3120 सत्रों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले चरण में लक्ष्य के सापेक्ष कुल 84 फीसदी बच्चों व गर्भवती का टीकाकरण किया गया था। इस बार सौ फीसदी लक्ष्य हासिल करने कवायद की जाएगी।

# सामूहिक विवाह योजना के लिये शुरू हुये ऑनलाइन आवेदन

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग व सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्री की शादी के लिए प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए अब ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि पहले इस योजना के तहत पहले ऑफलाइन आवेदन लिये जाते थे परंतु सरकार द्वारा अब इसे पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया गया है। अब कोई भी गरीब व्यक्ति अपने पुत्री की शादी के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकता है। वह पोर्टल पर लॉगिन कर सभी आवश्यक अभिलेखों को अपलोड करके आवेदन कर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकता है। आवेदक को ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट समस्त संलग्नको के साथ कार्यालय में जमा करना होगा।

# रिमझिम फुहारों के साथ इन्द्र देवता मेहरबान,फसलों के लिए वरदान

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** लंबे इंतजार के बाद आखिर इंद्र देवता किसानों पर मेहरबान हो ही गए।सोमवार सुबह से ही घने काले बादल छाए रहे, दोपहर बाद कुड़वार तथा आसपास के इलाकों में रुक-रुक कर देर रात तक रिमझिम फुहारों के साथ बारिश होती रही। जिससे मौसम में तापमान में गिरावट आई।वहीं क्षेत्र किसानों के चेहरों पर भी रौनक आ गई। किसानों का कहना है कि यह बारिश धान की फसल के लिए लाभदायक वरदान साबित होगी। कुड़वार क्षेत्र में हुई बारिश भले ही कुछ जगहों पर कच्चे रास्तों से कीचड़ होने की वजह से लोगों को दिक्कतें हुई हो,लेकिन इस समय हो रही बारिश से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। एग्रीकल्चर विशेषज्ञों की मानें तो रिमझिम फुहारों के रूप में पड़ने वाली बारिश धान की फसल के लिए अमृत के समान होती है। इस बारिश से धान की फसल को पूरा पोषण मिलता है,वहीं धान को रोग,कीटों से बचाने में भी यह बारिश मददगार साबित होती है। **अच्छी पैदावार की जगी उम्मीद**-- रोपाई के दौरान आवश्यकता के अनुरूप अच्छी बारिश नहीं होने से क्षेत्र में धान की रोपाई में काफी कम हुई है। सितंबर में शुरू हुई बारिश से किसानों को धान की अच्छी पैदावार की उम्मीद जगी है। किसानों का कहना है कि काफी समय बाद इस प्रकार की बारिश देखने को मिल रही है। किसान आनन्द प्रकाश मिश्रा, ओमप्रकाश पाठक आदि ने खबर प्रवाह संवाददाता को बताया कि रिमझम बारिश की फुहारों से धान की फसल को काफी फायदा होता है। इस बारिश की बूंदे धान के पौधे के उपर गिरती हैं, जिससे कीट आदि दूर हो जाते हैं।अजय कुमार सिंह बताते हैं कि धान की फसल के लिए पानी की बेहद जरूरत होती है, लेकिन सिंचाई की अपेक्षा यह बारिश धान की फसल को अधिक फायदा पहुंचाती है। **फायदा पहुंचाती है यह बारिश**- जिले के कुड़वार क्षेत्र के भण्ड़रा किसान-इन्द्र बहादुर सिंह,पवन कुमार पाठक,राम राज पाण्डेय आदि ने बताया कि धान की फसल में इस समय बढ़वार एवं कल्ले निकल रहे हैं ऐसे में यह बारिश धान की फसल को बहुत अधिक फायदा पहुंचाती है।अभी धान का पौधा बड़ा हो रहा है,ऐसे में इस पौधे को नमी की आवश्यकता है।तेज धूप इस पौधे को नुकसान पहुंचाती है।धूप न निकलने से धान की फसल को फायदा हो रहा है, वहीं बारिश की रिमझिम फुहारें भी इस फसल को फायदा पहुंचा रहीं हैं।

# मानव जीवन में पर्यावरण को संरक्षित रखना नैतिक दायित्व: मनीषा बानो

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** स्वच्छता पखबाड़ा के तहत जहां एक ओर विद्यालयों में कई प्रकार के आयोजन कर बच्चों व उनके अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर शिक्षक-शिक्षिकायें भी लोगों को स्वच्छता को अपनाने और जीवन बेहतर बनाने के मूलमंत्र प्रदान कर रहे हैं। स्वच्छता पखबाड़ा को लेकर उच्च प्राथमिक विद्यालय नदनवारा में स्वच्छता के प्रति लोगों व बच्चों को जागरूक करने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों ने स्वच्छता को अपनाने और स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए पौधों को रोपित करने, वृक्षों का संरक्षण करने का आह्वान किया। प्रदर्शनी के दौरान इंचार्ज प्रधानाध्यापिका मनीषा बानो ने कहा कि मानव जीवन में पर्यावरण को संतुलित रखने का बड़ा महत्व है। पौधों के रोपण और वृक्षों के संरक्षण से ही हम शुद्ध वायु के लिए वातावरण को अनुकूल बनाये रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार प्रतिवर्ष लाखों-करोड़ों पौधों का रोपण करती है। इन पौधों का रोपण होने के बाद हम सभी का नैतिक दायित्व है कि पौधों को संरक्षित करें। समय-समय पर इन्हें सुरक्षा के साथ-साथ खाद, पानी इत्यादि उपलब्ध करायें। स्वच्छता पखबाड़ा के तहत विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षित करने को प्रदर्शित करते हुये तमाम पोस्टर बनाये। साथ ही गांव व शहर में रहने वाले लोगों को पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने में योगदान देने का आह्वान किया। इस दौरान सहायक अध्यापक मनीष जैन, मनीष कुमार खरे, सीमा वर्मा, अनुदेशक सरिता श्रीवास्तव, जसलीन बानो, फरीदा खातून का विशेष सहयोग रहा।

# पत्रकार को मातृशोक

ललितपुर। सुपर मार्केट स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में एक शोकसभा का आयोजन प्रेस क्लब (रजि.)अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू की अध्यक्षता में किया गया। सभा में प्रेस क्लब (रजि.) के सदस्य रविशंकर सेन की पूज्यनीय माताजी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभा में मौजूद प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने शोक संवेदनायें व्यक्त करते हुये अपने-अपने विचार रखकर शोकाकुल परिवार को धैर्य धारण करने की ईश्वर से कामनायें की गयीं। मौजूद पत्रकारों ने दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामनायें की। तदोपरान्त पत्रकार साथियों ने मोहल्ला बड़ापुरा स्थित पत्रकार रविशंकर सेन के आवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि देते हुये शोकपत्र सौंपा। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, महामंत्री अंतिम जैन पारौल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, कोषाध्यक्ष रमेश रायकवार, कार्यालय प्रभारी अजित जैन भारती, पूर्व महामंत्री सत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया, पूर्व महामंत्री अजय बरया, दिनेश संज्ञा, अबरार अली, अभय श्रीमाली, शत्रुघन शुक्ला, अमित लखेरा, अमित पांडेय, संजू श्रोती, अशोक गोस्वामी, अनूप मोदी, शिब्बू राठौर, राममूर्ति तिवारी, अमित संज्ञा, घनश्यामदास सेन, नीलेश पटेल प्यासा, निहाल सेन, सुनील जैन, सौरभ गोस्वामी, प्रमोद झां, कृष्णकांत सोनी आदि मौजूद रहे।

# अग्रवाल मारवाड़ी महिला मंडल द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** अग्रवाल मारवाड़ी महिला मंडल द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं आगामी तीजोत्सव का सम्मलित आयोजन किया गया। श्रीकृष्ण के जन्म एवं यशोदा के गृह में आगमन को सदस्याओं ने पूरे उत्साह संग बधाई गीतों एवं नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में श्रीकृष्ण लीला संबंधित झांकियां भी सजाई गई। प्रियंका लखोटिया, प्रिया अग्रवाल ने राधा और श्रीकृष्ण रूप में मनमोहक प्रस्तुति दी। सोनल अग्रवाल के नन्हे कृष्णा ने सभी का मन मोह लिया। उपस्थित सभी महिलाएं एक बार नन्हे कृष्णा को गोद में लेने लालायित रही। कीर्ति अंकिता गरिमा और मोहिनी के कृष्ण भजन पर किए नृत्यों पर सभी सदस्याएं झूम उठी। इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर प्रतिभागिता निभाई। अध्यक्षा पूनम बंसल ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अर्चना बीके अग्रवाल एवं मृदुला माहेश्वरी ने किया। कार्यक्रम में अंजना अग्रवाल, पूनम बंसल, प्रमिला ओसवाल, स्वाति अग्रवाल, मोना बंसल, दीपाली अग्रवाल, नीना ओसवाल, सोनल अग्रवाल, कीर्ति अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल, मोहिनी अग्रवाल, प्रियंका लखोटिया, अंकिता अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल इत्यादि उपस्थित रही।

# इंटरलॉकिंग रोड पर ईंट के खड़ंजे के उपर खड़ंजा बैठाकर हुआ भ्रष्टाचार



अवधनामा संवाददाता

**भदैया,सुल्तानपुर।** ब्लॉक मुख्यालय के ग्राम पंचायत अभियां कलां में नैशनल हाइवे से पखरौली रोड मे मिलाने वाले पुराने खड़ंजे को अब इंटरलाकिंग कार्य कराया जा रहा है।उसी रास्ते से प्रतिदिन सुल्तानपुर मुख्यालय से चलकर खण्ड विकास अधिकारी भदैया अपने कार्यालय आते जाते हैं। जहां उस खड़ंजे को अब इंटरलाकिंग से कार्य कराया जा रहा है।पर अभिया कलां ग्राम पंचायत में 6 लाख रूपए की लागत से बनाए जा रहे ग्राम पंचायत में इंटरलॉकिंग रोड भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है।इंटरलॉकिंग रोड के निर्माण कार्य में खुले आम मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।वहीं मानकों की दुहाई देने वाले जिम्मेदार इस ओर जानबूझ कर अनजान व लापरवाह बने हुए हैं। ग्राम पंचायत के ग्राम सभा में मनरेगा निधि से लाखों रुपए की लागत से करीब सौ मीटर इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण ग्राम प्रधान द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें हर स्तर पर मानकों की अनदेखी की जा रही है। इंटरलॉकिंग रोड के निर्माण में बलुई मिट्टी डालकर खुलेआम पुराना खड़ंजे के उपर ही इंटरलाकिंग बैठाकर बलुई मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है।साइड की जुडाई में भी भारी मात्रा में बालू का प्रयोग किया जा रहा है। इंटरलॉकिंग रोड के नीचे पुराने ईंटों का का प्रयोग किया जा रहा है।जहां नीची जमीन है,वहां इट की कुटाई कर गिट्टी डाल कर बराबर किया जा रहा है । जो मानकों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कुल मिलाकर उक्त गांव सभा में बन रहे इंटरलॉकिंग रोड के निर्माण में हर स्तर पर मानक विहीन कार्य कराकर बड़ी धांधली की जा रही है। भदैया ब्लॉक में सरकारी पैसों का दुरूपयोग किया जा रहा है।वहीं पंचायत सचिव से लेकर ब्लॉक के जिम्मेदार मुख्यालय पर बैठे अधिकारी इसको लेकर लापरवाह बनें हुए हैं और निर्माण कार्य की मानटरिंग नहीं की जा रही है। परिणाम स्वरूप इंटरलॉकिंग रोड के निर्माण में जमकर नियम की धज्जियां उड़ाई जा रही है,जो शासन की मंशा के विपरीत है। मानकों की दुहाई देने वाले ब्लॉक मुख्यालय के खण्ड विकास अधिकारी इस तरफ जानबूझकर अनजान बने हुए है जैसे उन्हें कुछ मालूम ही नहीं है। फिलहाल अब देखना यह होगा।

# पुलिस ने बाजारों व मुख्य चौराहों पर की गई गस्त

**सुल्तानपुर।** जनपद पुलिस द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों के कस्बों में पर्याप्त पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर आमजन को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। जनपद में शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों द्वारा आमजनमानस में विश्वास एवं सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने- अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया ।संबंधित थानों की पुलिस द्वारा गस्त कर आम जनमानस के बीच सुरक्षा का अहसास कराया गया।

# जिलाधिकारी द्वारा अपने कार्यालय में सुनी गई जन समस्याएं

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आये हुए जन सामान्य की समस्याओं/ शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका समय से निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रो को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्रेषण करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये।

# 17 से 02 अक्टूबर तक आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**कानुपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आलोक रंजन ने प्रेस कांफ्रेंस बताया कि राष्टीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 के अन्तर्गत जनपद में 17 से 02 अक्टूबर 2023 तक आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा मनाया जायेगा।उन्होंने बताया कि उक्त अभियान का शुभारम्भ माननीया राष्टपति महोदया द्वारा दिनांक 13 सितम्बर, को प्रातः 11:00 बजे वर्चुअल द्वारा किया जायेगा। कानपुर नगर में योजना का शुभारम्भ दिनांक 13 सितम्बर, 2023 दिन बुधवार को प्रातः 11:00 बजे से यू0एच0एम0 सभागार में किया जायेगा । आयोजन में रक्तदान शिविर और अंगदान का संकल्प लिया जायेगा। 17 सितम्बर, 2023 से आयुष्मान आपके द्वार 3.0 के अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम के अन्तर्गत स्व पंजीकरण का उपयोग कर कार्ड का निर्माण, एफ0एल0डब्लू0, उचित मूल्य की दुकानों पर कार्ड का निर्माण, एजेंसियों, स्वयंसेवकों, सामाजिक कार्यकताओं आदि का उपयोग करके कार्ड का निर्माण, घर-घर ई-केवाईसी और कार्ड की डिलीवरी का लाभ पात्र व्यक्ति को दिया जायेगा ।

# पात्रों तक योजनाओं को पहुंचाना अधिकारियों का दायित्व: जिलाधिकारी

**गोण्डा,** । जनपद में चल रहे विकास कार्यक्रमों की हकीकत जानने के लिए *डीएम नेहा शर्मा * ने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी सभी योजनाओं को पूरी पारदर्शिता से पात्रों तक पहुंचाएं गांव-गांव में जाकर योजना का प्रचार प्रसार करें जिससे कि योजनाओं से वंचित लोग भी योजनाओं का लाभ ले सकें। पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे इसका दायित्व स्वयं विभाग के अधिकारी का है। उन्होंने विद्युत विभाग के एक्सईएन को निर्देश दिए की जनपद में बन रहे सरकारी भवनों की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए जल्द से जल्द विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मिहिपुरवा-बहराइच

पत्रांक- 1051/मनरेगा/दीवाल/लेखन/2023-24 दिनांक- 11.09.2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजनान्तर्गत विकास खण्ड मिहीपुरवा में मनरेगा में अनुमन्य कार्यों की सूची का प्रचार प्रसार विकास खण्ड की समस्त ग्राम पंचायतों में पेंटिंग का कार्य पंचायत भवन/प्राथमिक विद्यालय पर किया जाना है। इच्छुक फर्में जो कार्य कराना चाहती है अपनी दरें टेण्डर/कोटेशन दिनांक 11.09.2023 से 19.09.2023 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। टेण्डर उसी दिन 19.09.2023 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष सायं 5 बजे खोली जायेगी। टेण्डर को निरस्त करने की अधिकार खण्ड विकास अधिकारी मिहीपुरवा को निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें तथा निविदा फार्म व कार्य को विवरण कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

खण्ड विकास अधिकारी
कार्यक्रम अधिकारी, मनरेगा
मिहिपुरवा-बहराइच

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मिहिपुरवा-बहराइच

पत्रांक- 1052/आवास/प्रचार-प्रसार/वालपेन्टिंग/2023-24 दिनांक- 12 सितम्बर 2023

प्रधानमन्त्री आवास योजनान्तर्गत अवशेष स्थाई पात्रता सूची की वाल पेन्टिग सार्वजनिक स्थानों पर तथा ग्राम पंचायत के कार्यालय एवं सार्वजनिक भवनों पर कराया जाना है। वाणिज्य विभाग में पंजीकृत इच्छुक पंजीकृत फर्मो से सीलबन्द लिफाफे में अल्पकालीन निविदा दिनांक 12.09.2023 से 20.09.2023 तक खण्ड विकास अधिकारी मिहीपुरवा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म एवं कार्य का विवरण प्राप्त किया जा सकता है निविदा 20.09.2023 को अपरान्ह 03 बजे क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्तें खण्ड विकास अधिकारी मिहिपुरवा को निहित होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
मिहिपुरवा-बहराइच


# हत्या के पांच आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**सुलतानपुर,बल्दीराय।**थाना क्षेत्र में 15 साल पूर्व धारदार हथियार से युवक की हत्या करने के पांच आरोपियों को न्यायाधीश एकता वर्मा ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।बचाव पक्ष से दो आरोपियों के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि आशनाई के सन्देह में दो अप्रैल 2008 की रात देहली बाजार से कनेहटी स्थित दुकान के लिए निकले राजकुमार गुप्ता की हत्या कर दी गई थी। दूसरे दिन उसका शव खाना जोत में गेहूं के खेत में मिला था।अज्ञात में दर्ज मुकदमे में विवेचना के दौरान पुलिस ने कनेहटी निवासी गौसुज्जमा, अफरोज,गुड्डू, असगर अली और बहेरी निवासी कलाम पर हत्या और साक्ष्य मिटाने के आरोपों में चार्ज शीट दाखिल की। पुलिस ने आरोपी कलाम के कब्जे से खून लगा चाकू भी बरामद किया जिसे जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया। चाकू पर लगा खून मृतक राजकुमार का ही था यह जांच में साबित नहीं हो सका। अभियोजन पक्ष ने मामले में 11 गवाह पेश किए लेकिन दोषी ठहराने के लिए कोर्ट ने इसे पर्याप्त नहीं पाया।

# राष्ट्रपति आज करेंगी आयुष्मान भवन अभियान का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुष्मान भवन अभियान के शुभारम्भ एवं संचालन के संबंध में बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि आयुष्मान भव- अभियान का वृहद प्रचार-प्रसार करायें, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में 13 सितम्बर को अभियान का शुभारंभ किया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को हैल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर आयुष्मान मेलों का आयेजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रम के तहत छुटे हुये पात्र लाभार्थियो को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा, साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर आयुष्मान सभाओं का आयोजन कराया जाएगा, जिसमें ग्राम प्रधानों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि आयुष्मान भव- अभियान से संबंधित विभाग अभी से माइक्रोप्लान बना लें तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये पूरी गंभीरता के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिये कि उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत प्रत्येक एक्टिविटी की फोटोग्राफ पोर्टल पर अपलोड की जाए, साथ ही अभियान से सम्बंधित प्रचार सहित सम्बंधित विभागों को पूर्व से ही उपलब्ध करा दिया जाए। बैठक में डीपीएम डा.रजिया फिरोज ने बताया कि अभियान का शुभारम्भ 13 सितम्बर 2023 को 11 बजे राष्ट्रपति द्वारा किया जाना निर्धारित है। आयुष्मान भवन के अन्तर्गत मुख्य पांच घटक निम्न है, जिनमें सेवा पखबाड़ा, आयुष्मान आपके द्वार 3.0, आयुष्मान मेला, आयुमान सभा, आयुष्मान ग्राम पंचायत/आयुष्मान नगरीय वार्ड शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सेवा पखबाड़ा के अन्तर्गत समस्त एचडब्लूसी, पीएचसी, सीएचसी, जिला अस्पताल में स्वच्छता पखबाड़ा चलाया जायेगा साथ ही रक्त दान के संबंध में प्रेरित किया जायेगा, मृत्यु के पश्चात् अंगदान हेतु प्रेरित किया जायेगा एवं शपथ ली जायेगी। आयुष्मान आपके द्वार 3.0 के अन्तर्गत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत छुटे हुये पात्र लाभार्थियो को आयुष्मानकार्ड उपलब्ध कराया जायेगा। आयुष्मान मेले का आयोजन 17 सितम्बर 2023 से किया जायेगा जिसमें प्रत्येक शनिवार को हैल्थ एण्ड वेलनेस स्तर पर मेले का आयोजन किया जायेगा एवं गम्भीर रोगियों का सन्दर्भन भी किया जायेगा तथा सीएचसी स्तर पर रविवार के दिन मेले का आयोजन किया जायेगा जिसमे विशेशज्ञ चिकित्सा सेवायें भी दी जायेगी। आयुष्मान सभा में ग्राम पंचायत स्तर पर दिनांक 02 अक्टूबर 2023 आयुष्मान सभाओं का आयोजन किया जायेगा एवं छुटे हुये आयुष्मानसभा बैठकों का दिनांक 31 दिसम्बर 2023 तक किया जाना है। आयुष्मान ग्राम पंचायत/आयुष्मान नगरीय वार्ड में आयुष्मान कार्ड का वितरण, आभा आई.डी. के कार्ड बनाये जायेगें, गैर संचारी रोगां के लिये 30 वर्ष से अधिक आयु वालों की स्क्रिनिंग एवं टी.बी. की जांच टी.बी. रोगियों का सफल उपचार, सिकल सेल रोग की स्क्रीनिंग शत-प्रतिशत की जानी है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज डा.द्विजेन्द्र कुमार, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, सीएमएस डा. राजेन्द्र प्रसाद, डीडीओ केएन पाण्डेय, डीआईओएस ओपी सिंह, डीपीआरओ नवीन मिश्रा, ईओ नपा, समाज कल्याण अधिकारी गीता सिंह, डीपीओ नीरज सिंह, डीपीएम डा.रजिया फिरोज सहित समस्त एमओआईसी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।


## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | जीएसयू-एलकेओ-एसआईजी-एलसी-01 |
| कार्य का नाम | लखनऊ डिवीज़न में चौदह लेवल क्रॉसिंगों पर आरओबी आरयूबी कार्य के संबंध में उपयोगिता स्थानांतरण। |
| अनुमानित लागत | रु. 18024280.62/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 240100.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 महीने |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 03/10/2023 at15:00 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in उप.चीफ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।

निविदा सू. सं.:जीएसयू-एलकेओ-एसआईजी-एलसी-01 दिनांक: 12.09.2023 2799/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आयुष्मान भवः अभियान के लिए कमर कस लें अधिकारीः डीएम



- अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी क्षम्य
- जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुष्मान भवः अभियान के 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक सफलतापूर्वक आयोजन किये जाने के लिए प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये।

उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए चिकित्सा विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस अभियान की तिथिवार कार्य किये जाने की योजना बनाकर एवं विशेष रूचि लेकर कार्य करें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही व कमी नही रहने पाये। जिलाधिकारी ने बताया कि आयुष्मान भवः अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्तर पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा लान्च इवेन्ट कार्यक्रम 13 सितम्बर को दोपहर 12:00 बजे राष्ट्रपति भवन से वर्चुवल कार्यक्रम होगा। इसके पश्चात आयुष्मान भवः कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में सेवा पखवाडा कार्यक्रम में 17 सितम्बर से स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत पीएचसी/सीएचसी एवं सभी स्वास्थ्य सुविधाओं पर स्वच्छता अभियान चलेगा तथा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल में कराये जाने के साथ अंग दान के महत्व के बारे में जागरूकता और लोंगो को मृत्यु के बाद अंग दान करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जायेगा। आयुष्मान आपके द्वार 3.0 के अन्तर्गत 17 सितम्बर को आयुष्मान मेला का आयोजन जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया जायेगा तथा प्रत्येक शनिवार को हेल्थ एवं वेलनेश सेन्टर में किया जायेगा, जिसमें संचारी रोग, टीबी, कुष्ठरोग एवं अन्य संचारी रोग की जांच, स्क्रीनिंग आदि की जायेगी तथा प्रत्येक रविवार को मेडिकल कॉलेज और सीएचसी व पीएचसी पर आयुष्मान मेला आयोजित किया जायेगा। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता बढाने के लिए 2 अक्टूबर को ग्राम/वार्ड स्तर पर आयुष्मान सभा में आयुष्मान कार्ड का वितरण एवं पात्र लाभार्थियों की सूची आदि के बारे में जानकारी दिये जाने के लिए बीएचएसएनडी/नगर स्थानीय निकाय के नेतृत्व में आयोजन किया जायेगा। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम के अन्तर्गत टीकाकरण के कार्य को 11 से 16 सितम्बर तक शत्-प्रतिशत रूप से पूर्ण करायें। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी एमओआईसी आशाओं की प्रातः बैठक कर टीकाकरण एवं अन्य कार्यक्रमों की प्रगति समीक्षा करें।

# पैसे पांच सौ ग्राम रूई के और रूई मिली सिर्फ एक सौ सत्तर ग्राम



अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पुनः सुर्खियां बटोर रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, कभी खरीद फरोख्त, कभी नर्सिंग होम्स के रजिस्ट्रेशन, कभी कर्मचारियों का उत्पीडन को लेकर लगातार चर्चा मे बना रहता है।

अभी ताजा मामले मे रूई खरीद के नाम पर घोटाले का मामला प्रकाश मे आया है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा जांच भी बैठायी गयी है जिसमे मुख्य विकास अधिकारी की निगरानी मे जांच की जायेगी। पूरा मामला जनपद मुख्यालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय का है जहां पर लाखों रूपये की रूई के बंडल खरीदे गये थे जिनमे से प्रत्येक बंडल आधा किलो का था परंतु जब बंडलो को खोला गया तब प्रत्येक आधा किलो के बंडल मे मात्र 170 ग्राम ही रूई थी शेष 330 ग्राम कागज था जिसमे रूई को लपेटा गया था। इस पूरे मामले को कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष अवधेश सिंह द्वारा उठाया गया था जिस पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेकर एक जांच कमेटी बनाकर जांच कराने की बात की गयी थी अब देखना है कि जांच कमेटी को रूई और कागज मे कितना गोलमाल है यह पता चलता है कि नहीं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पर वार्ड आया द्वारा लगाये गये आरोपो का आज अपर निदेशक स्वास्थ्य ने संज्ञान लिया और तत्काल जांच करवाकर कार्यवाही करने की बात कही है।

## धूमधाम से निकाली गई दधीकांधौ शोभायात्रा



**शाहजहांपुर अवधनामा संवाददाता।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में दधीकांधौ शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस अवसर पर देवी देवताओं के स्वरुप में सजी झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला विजयपुर रेती स्थित मनोकरन मंदिर से दधि सिंहासन शोभायात्रा पारंपरिक तौर तरीके से निकाली गई। यह शोभायात्रा मंदिर से शुरु होकर दुर्गा देवी मंदिर, रेती, पक्का पुल चौराहा होते दलेलगंज राम मंदिर, पक्का पुल संतोषी मंदिर, छोटी बिसरात, मंगलसेन स्कूल, सर्वेश्वर नाथ मंदिर होते हुए वापस मनोकरन आश्रम पर आकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में राधे कृष्ण के स्वरुप में सजे कलाकारों की झांकियां आकर्षण का केंद्र थीं। रास्ते भर तमाम भक्तगण जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

## निराश्रित व विधवा महिला को दी आर्थिक मदद



**शाहजहांपुर अवधनामा संवाददाता।** शाहजहांपुर आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान के संरक्षक व ब्राह्मण समाज के प्रदेश महामंत्री हरिशरण बाजपेई एक बार फिर देवदूत के अवतार में नजर आए। गरीबी की मार और सरकारी योजनाओं में उपेक्षा का दंश झेल रही निराश्रित गरीब महिलाओं को राशन और कपड़ा घरेलू उपयोग की खाद्य वस्तुएं देकर।काशीराम कॉलोनी में रहने बाली बे महिलाएं जिन्हे सरकारी योजनाओं का लाभ जैसे विधवा पेंशन आदि नही मिल रही थी।उनके पेंशन से संबंधित आवश्यक कागजात लेकर अति शीघ्र पेंशन लाभ दिलाने का भरोसा दिलाया। साथ ही गरीब और ऐसी महिलाएं जिनके घर में कोई कमाने वाला नही है। आर्थिक सहायता पाकर प्रसन्न दिखाई पड़ी।

## आयुष्मान भवः कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाने के सभी विभाग मिलकर काम करें



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में तैयारियों के संबंध में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि आयुष्मान भवः कार्यक्रम को अधिक से अधिक प्रभावशाली बनाने के लिये समस्त विभागों के अधिकारीगण समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य योजना के व्यापक कवरेज को प्राप्त करने के लिये आयुष्मान भवः अभियान आगामी 17 सितम्बर से शुरू होने जा रहा है। अभियान का उद्द्याटन राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 13 सितम्बर 2023 को प्रस्तावित है। इस अभियान का व्यापक प्रचार.प्रसार कर जन.जन तक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाया जाये। उन्होने कहा कि अभियान के सफल आयोजन हेतु भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप आयुष्मान भवः अभियान के अन्तर्गत दिनांक 16 सितम्बर तक आशाओं का प्रशिक्षण कार्ययोजना बनाकर कराना सुनिश्चित करें। अभियान के दौरान पीएमजेएवाई योजना के तहत सभी शेष पात्र लाभार्थियों को शत.प्रतिशत आयुष्मान कार्ड का वितरण सुनिश्चित कराये जाये। कोई भी पात्र लाभार्थी छूटना नही चाहिये। उन्होने निर्देश देते हुए कि अवशेष लाभार्थियों की सूची सम्बन्धित गांव में उपलब्ध करा दी जाये।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटीरोमियों चेकिंग व चलाया गया जागरुकता अभियान

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** दिनाँक 12.09.2023 को जनपद हमीरपुर पुलिस के समस्त थानों में गठित एंटी रोमियो टीम द्वारा नारी सुरक्षा व सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत बस स्टैंड/ बाजार/ सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। एण्टीरोमियों टीम द्वारा बालिकाओं को बताया गया कि कभी भी आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना/ एण्टी रोमियों टीम व उ0प्र0 पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं/बालिकाओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर बेझिझक कॉल करना चाहिए। आप की वार्ता को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाया गया एवं महिला अधिकारों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया साथ ही सभी बालिकाओं/ महिलाओं को बताया गया कि सभी थानो में महिलाओ की सुरक्षा/ सहायता हेतु महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहां पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण कराया जायेगा। हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने के लिये प्रेरित किया गया। एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की गई व बिना वजह घूम रहे युवकों/शोहदों से पूछताछ कर हिदायत दी गई।

## तीन दिन नहीं चलेंगे ट्रक

**बांदा।** भदई अमावस्या के मौके पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु चित्रकूट की ओर पैदल ही चल पड़े हैं। ऐसे में सड़कें भरी हुई नजर आ रही हैं। महानगरों में वाहनों से रौंदकर होने वाली श्रद्धालुओं की मौतों के मामलों को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक ने ट्रैफिक विभाग को निर्देशित किया है कि पूरे जिले में भारी वाहनों के प्रवेश पर तीन दिनों तक के लिए रोक लगा दी जाए। एसपी के आदेश पर अमल करते हुए ट्रैफिक प्रभारी ने ट्रकों को 15 सितंबर तक के लिए रोक दिया है। अमावस्या के मौके पर चित्रकूट जाने वाले श्रद्धालुओं का काफिला लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। ऐसी हालत में सड़कें पूरी तरह से भरी हुई हैं। किसी भी प्रकार का कोई बड़ा हादसा न हो जाए, इसको ध्यान में रखते हुए एसपी अंकुर अग्रवाल ने भारी वाहनों के परिचालन पर पूरी तरह से फिलहाल रोक लगा दी है। मालुम हो कि आगामी 14 सितंबर को भादौं माह की अमावस्या पड़ रही है। पिछले तीन दिनों से शहर के विभिन्न मार्गो से सैकड़ों श्रद्धालओं के हजारों जत्थे रामनाम संकीर्तन करते हुए चित्रकूट की ओर पैदल यात्रा करते हुए बढ़ रहे हैं।

## खदानें चालू होने से पूर्व सीसीटीवी हर हाल में हो चालू



**हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में अवैध खनन/ परिवहन/ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण हेतु डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खदानों पर चालू होने से पूर्व सीसीटीवी कैमरों के क्रियाशील होने का सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिए गए। उन्होने कहा कि जनपद में अवैध खनन किसी भी दशा में नही होना चाहिए। इसके लिए पहले से कार्य योजना तैयार कर ली जाए, तथा बिना नम्बर के वाहनों पर सक्त कार्यवाही की जाए, तथा पीटीजेड कैमरा को कमान्ड सेन्टर से जोड़ा जाए। खनन का कार्य शुरू होने से पहले खनन क्षेत्र में माईनिंग टैग लगे वाहनों से ही खनिज का परिवहन करने के निर्देश दिए। जनपद में नदी से मौरम का सुनियोजित तरीके से ट्रैक्टर ट्राली द्वारा रात्रि में खनन पर रोक लगाये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## डेंगू का प्रकोप बढ़ा, चार और पाजिटिव मरीज मिले

**बांदा।** मौसमी परिवर्तन से लगातार बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। सर्दी, जुकाम के अलावा वायरल फीवर भी लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। सुबह अस्पताल खुलने से पहले ही मरीजों की पर्चा काउंटर में भीड़ जमा हो जाती है। पर्चा बनवाने के बाद मरीज डाक्टरों के चेंबरों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं। बारिश के बाद मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ती जा रही है। उधर, वायरल फीवर के चलते लोगों की भीड़ जमा हो रही है। उधर, उल्टी दस्त और निमोनिया भी मासूम बच्चों को अपनी चपेट में ले रहा है। डेंगू के डंक से एक किशोर की मौत हो चुकी है। जबकि डेंगू से ही पीड़ित चार लोगो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मरीज इलाज के लिए इधर उधर भटकते रहते हैं। मंगलवार को जिला अस्पताल की पैथालाजी में सात डेंगू के सेंपल लिए गए। इसमें ओपीडी में आई कोमल (16) पुत्री राजकुमार निवासी शांती नगर की रिपोर्ट पाजिटिव आई। वहीं बदौसा थाना क्षेत्र के शाहपुरसानी गांव निवासी रमेश (24) पुत्र शिवदत्त गुजरात में रहकर काम करता है।

# सड़क चौड़ीकरण को लेकर नापी हुई तेज, व्यवसायियों में हड़कंप

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिला मुख्यालय स्थित सिविल लाइन रोड चौड़ीकरण व सुंदरीकरण को लेकर जिलाधिकारी द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के क्रम में मंगलवार को पीडब्ल्यूडी इंजीनियर प्रीति पटेल, सहायक अभियंता इंजीनियर श्रवण पांडेय, इंजीनियर सहायक अभियंता प्रदीप यादव ,इंजीनियर सहायक अभियंता ओम तिवारी सहायक अभियंता व सदर तहसीलदार सुनील कुमार कानूनगो सुरेंद्र कुमार मिश्रा व कोतवाली क्राइम इंस्पेक्टर अशोक कुमार यादव नेतृत्व में नापी शुरू की गई रोड के मध्य से 46 फिट दोनों तरफ नापी के साथ निशान पेंट के देख कर व्यवसायियों में हड़कंप मचा।

इंजीनियर ओम नारायण तिवारी ने बताया कि डीएम के आदेश पर स्वर्ण जयंती चौक से सिविल लाइन रोड महिला थाने तक चौड़ीकरण कर सुंदरीकरण को लेकर नापी व लोगों को अपने सामान हटाने को दिशा निर्देशित किया जा रहा है इसी क्रम में मंगलवार को सदर तहसीलदार सुशील कुमार कानूनगो सुरेंद्र मिश्रा व तीन लेखपाल हिरदेश, अनूप कुमार, दुर्गेश कुमार व पी डब्लू डी से ई. प्रीति पटेल सहायक अभियंता, श्रवण पांडेय अपर अभियंता, प्रदीप यादव अपर अभियंता, ओम नारायण तिवारी अपर अभियंता के नेतृत्व में सड़क के मध्य से दोनों तरफ 46 फिट 46 फिट ना पीकर संबंधित कब्जा धारियों के भवनों व स्थानों पर पेंट द्वारा निशान लगाते हुए संबंधित ओं को हटाने को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए इस दौरान कई व्यवसायियों द्वारा ना पिक कर रहे लोगों से नोकझोंक भी हुए फिर संबंधित आदेश को बताने पर मामला इसी तरह काम हुआ इंजीनियर ओम नारायण तिवारी ने बताया कि संबंधित कार्रवाई नापी की होने के बाद अगले आदेश मिलते ही अवैध अतिक्रमण हटाते हुए शीघ्र ही सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

# व्याख्यान माला का आयोजन आज, केंद्रीय मंत्री आएंगे



अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन की ओर से जाणता राजा नाटक का आयोजन अक्टूबर में किया गया है। नाटक के माध्यम से शिवाजी महराज के जीवन चरित्र को जन-जन तक पहुंचाना है। यह आयोजन हिन्दवी स्वराज के 350 वर्ष पूरा होने पर किया जा रहा है। इसी सिलसिले में 13 सितंबर को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज सभागार में दोपहर 2 बजे एक व्याख्यान माला का आयोजन होगा।

इस व्याख्यान के माध्यम से बुंदेलखंड के लोगों को जाणता राजा नाट्य मंचन देखने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह मंचन 26 से 31 अक्टूबर तक जनेश्वर मिश्र पार्क गोमती नगर लखनऊ में होगा। नाटक में 350 पात्र हैं। हार्पर क्लब में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिव्य प्रेम सेवा मिशन द्वारा हरिद्वार में कुष्ठ रोगियों का उपचार व उनके परिवार से संबंधित बच्चों को शिक्षा देने का काम किया जा रहा है। इसी संस्था के सहायतार्थ जाणता राजा नाटक का मंचन किया जा रहा है।

## मेरी माटी मेरा देश का संदेश के अन्तर्गत वार्ड भ्रमण

**मौदहा-हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाह्न पर दिनांक 12/9/2023 मौदहा के मुस्लिम बाहुल्य वार्ड नंबर 10 कायमकुंवा के अभियान मे भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता व वार्ड संयोजक हाजी गुलाम अन्सारी के मार्गदर्शन में वार्ड नम्बर दस कायम कुआं के घर घर पहुंच कर माताओ बहनों से पवित्र मिट्टी व अक्षत प्राप्त कर उनको धन्यवाद दिया। यह अभियान खानकाह मुख्तार अहमद निजामी के सज्जादा नशी के पास पहुंचा तो उन्होंने खड़वा होकर स्वागत किया। अभियान के प्रभारी नगर उपाध्यक्ष बसन्त सोनी के साथ साथ वरिष्ठ भाजपा नेता रामदेव सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख लाला राम निषाद, नगर अध्यक्ष उत्तम सिंह जू, नगर कार्यक्रम के सहसंयोजक नितिन ओमर, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद शर्मा, हर्षित गुप्ता, मंडल अध्यक्ष हिना परवीन, राकेश सोहाने, नीरज अनुरागी, बूथ अध्यक्ष अनीस कुरैशी के साथ साथ तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की दमदार उपस्थिति रही।



## सी.सी.टी.वी हमेशा सक्रिय रहेः डीएम



**हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय ने निरीक्षण कर एफ.एल.सी. कार्य के प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभियन्ताओं को निर्देश दिया कि एफ.एल.सी.कार्य आयोग के निर्देशानुसार सम्पादित किया जाए। कोई भी व्यक्ति एफ.एल.सी. कार्य के दौरान कोई भी इलेक्ट्रानिक डिवाइस के साथ प्रवेश नहीं करेगा। सी.सी.टी.वी हमेशा सक्रिय रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि आप सभी निरंतर एफ एल सी के निरीक्षण हेतु प्रतिदिन उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपजिला निर्वाचन अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्यसभा सांसद ने मेरी माटी मेरा देश अभियान में घर-घर मिट्टी और अक्षत किया संग्रह



**चोपन/ सोनभद्र अवधनामा संवाददाता।** आजादी के अमृत महोत्सव के समापन कार्यक्रम के रूप में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत मिट्टी व अक्षत संग्रह कार्यक्रम के तहत मंगलवार को चोपन मंडल के अगोरी ग्रामपंचायत तथा सलखन में मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद रामशकल के उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर मिट्टी और अक्षत संग्रह किया। इस दौरान डीजे के धुन पर एक से बढ़कर देशभक्ति गीतों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा वहीं सांसद ने कहा कि यह कार्यक्रम अपनी भूमि से जुड़कर और अपने नायकों का सम्मान करके राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करेगा और भावी पीढ़ियों को भारत की विरासत की रक्षा करने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में उपस्थित चोपन ब्लाक प्रमुख लीला गोंड ने कहा कि आज अगोरी व सलखन क्षेत्र में कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को सफल बना रहे हैं। मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत यह कार्यक्रम अमृत वाटिका के निर्माण में घर-घर की मिट्टी व अक्षत सभी को देशभक्ति के भावना से जोड़ेगा तथा अपने शहीदों को श्रद्धांजलि देने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जुगैल जिलापंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, अगोरी प्रधान रामप्रताप निषाद, डाक्टर सत्येन्द्र आर्य ,प्रदीप अग्रवाल, तेजवंत पांडे, विकास चौबे के अलावा सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# ग्रामीण सांस्कृतिक सम्मेलन सोनदर्पण 2023 का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/ बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद के नैगम सामाजिक दायित्व निर्वहन के अंतर्गत ग्रामीण संस्कृत सम्मेलन सोनदर्पण 2023 का आयोजन तरंग प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख (रिहंद) श्री संजीव कुमार ने अन्य सहअतिथियों के साथ दीप प्रज्जवलन कर परंपरागत रूप से किया। एनटीपीसी रिहंद द्वारा आस-पास के ग्रामीण बच्चों के लिए उनकी सांस्कृतिक धरोहर को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किए गए इस सम्मेलन में ग्रामीण युवा पीढ़ियों को उनकी सांस्कृतिक परंपराओं को प्रस्तुत करने, साझा करने, और उन्हें बढ़ावा देने का अवसर प्रदान किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य था कि युवाओं को उनकी सांस्कृतिक धरोहरका महत्व समझाया जा सके। कार्यक्रमों की कड़ी मेंविभिन्न विद्यालयों के बालकों एवं बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी गयी जिसमे कजरी,कर्मा नृत्य, संथाली नृत्य, गोंडिया नृत्य, नेपाली नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री संजीव कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि सोनदर्पण के माध्यम एनटीपीसी रिहंद ने आस-पास ग्रामीण बच्चों को नृत्य, संगीत, कला में अपने कौशल का प्रदर्शन करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान किया। इससे न केवल उनकी सांस्कृतिक ज्ञान में बढ़ोतरी हुई, बल्कि उन्हें अपनी रूचि के क्षेत्र में उनकी प्रतिभा दिखाने का भी अवसर मिला। सम्बोधन की कड़ी में अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री जाकिर खान ने अपने उद्बोधन में कहा कि सोनदर्पण का आयोजन वीएसआर क्षेत्र में पहली बार किया गया है, और इससे म्योरपुर ब्लॉक के विद्यालयों से जुड़े विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने का मौका मिला। इस कार्यक्रम में लगभग आस-पास के 25 गांवों के लगभग 250 छात्रों ने भाग लिया। उन्होने यह भी कहा कि एनटीपीसी रिहंद भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा जिससे हमारे जनजातीय समुदाय का उत्थान हो सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ) श्री अमित कुमार कुलश्रेष्ठा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री पंकज मेदिरत्ता, महाप्रबंधक (परियोजना) श्री प्रदीप बलवंत परांजपे, महाप्रबंधक (प्रचालन) श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (एडीएम) श्री एस एसप्रधान, महाप्रबंधक (मैंटेनेंस) श्री राजेश नारायण सिन्हा, अध्यक्षा वर्तिका महिला मण्डल समिति श्रीमती माया सिंह,वर्तिका महिला मण्डल की समस्त पदाधिकारी सदस्याएं,विभिन्न यूनियन एवं एशोसियन के प्रतिनिधिगण और मीडिया के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।

## बाइक की टक्कर से घायल मजदूर ने दम तोड़ा

**बांदा।** बाइक की टक्कर से घायल हुए मजदूर की इलाज के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन कस्बा निवासी सनद कुमार उर्फ भोली (45) पुत्र रघुनंदन प्रसाद गांव के ही कुछ साथियों के साथ अहमदाबाद मजदूरी करने गया था। वह 22 अगस्त की सुबह काम करने के लिए फैक्ट्री जा रहा था। तभी सामने से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। साथियों ने ही उसे अहमदाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया। अगले दिन घरवालों को सूचना दी गई। लेकिन धनाभाव के कारण परिजन मौके पर नहीं पहुंचे। सोमवार की सुबह साथ में रहने वाले लोग टेंपो के जरिए अहमदाबाद से उसे गांव ले आए। हालत खराब होने पर उसे बिसंडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां उपचार के दौरान रात को उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी बेलपति के अलावा एक बेटी और दो बेटा छोड़ गया है।

# प्रयागराज में संविदा चालक की मौत पर सस्पेंस बरकरार

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जीरोरोड रोडवेज बस स्टैंड में बांदा के संविदा चालक की बस के अंदर फांसी से मौत पर तमाम सवाल उठ रहे हैं। हालांकि मुकामी पुलिस ने जांच के दौरान आत्महत्या ही करार दिया है। जबकि रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि बस के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर पाना किसी हालत में मुमकिन नहीं है। उन्होंने कहा कि मुकामी पुलिस को मामले की गंभीरता के साथ जांच करते हुए संविदा चालक की मौत के राज से पर्दा उठाना चाहिए। इधर, रोडवेज अधिकारी मंगलवार को संविदा चालक के घर पहुंचे और परिवार के लोगों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। कमासिन थाना क्षेत्र के दतौरा गांव निवासी वेदप्रकाश यादव स्थानीय रोडवेज डिपो में संविदा चालक के तौर पर तैनात था। वह रविवार की शाम को रोडवेज बस लेकर जीरोरोड रोडवेज बस स्टैंड पहुंचा। वहां पर रात तकरीबन एक बजे संविदा चालक का शव बस के अंदर लगे पाइप में फंदे के सहारे लटका हुआ था। उसके पैर बस के फर्श पर रखे हुए थे। खबर पाकर मौके पर पहुंची प्रयागराज पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। पुलिस का कहना है कि चालक ने आत्महत्या ही की है।

# दीपावली से पहले सड़कें हों गड्ढामुक्त: जितिन प्रसाद

## लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश के क्षतिग्रस्त मार्गों के मरम्मत के संबंध में दिए दिशा निर्देश

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लोक निर्माण मंत्री ने विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार मौसम अनुकूल होते ही विशेष अभियान चलाकर आगामी नवंबर में दीपावली से पहले प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने का कार्य कराया जाय। पूरे प्रदेश में कोई भी सड़क छूटनी नहीं चाहिए। आवश्यकता के अनुसार संसाधनों को भी बढ़ाया जाय। जहां बरसात की स्थिति हो वहां सड़कों पर पत्थर (ग्रेनुलर मैटिरियल) रोलर चलाकर आवागमन सुगम किया जाए। सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है। उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने यह निर्देश आज यहाँ ने लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित तथागत सभागार में विभागीय अधिकारियो के साथ बैठक कर प्रदेश के क्षतिग्रस्त मार्गों के मरम्मत के संबंध में दिए।

श्री प्रसाद ने निर्देश दिया निर्माण कार्यों की जियो टैगिंग भी कराई जाए। ऐसे स्थान जहां सड़कों पर पानी का जमाव होता है सर्वे कराकर उन स्थानों पर पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करायें जिससे सड़कों को टूटने से बचाया जा सके। सुनिश्चित किया जाए सड़क बनाने वाली एजेंसी/ठेकेदार सड़क बनने के अगले 05 वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लिखित की जाएं। पैच रिपेयर में केवल उन्हीं सड़कों को लिया जाय जिनका निर्माण तीन वर्ष या उससे पहले हुआ है। अनुरक्षण/निर्माण कार्यों में मैनुअल के स्थान पर नई तकनीकी मशीनरी का अधिकाधिक उपयोग किया जाय। श्री प्रसाद ने कहा कि सम्पर्क मार्ग ही विकास के रास्तों को



- **सम्बन्धित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कार्यों को निर्धारित मानक के अनुसार निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराया जायं**
- **कार्य में लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित को दण्डित भी किया जायेगा: जितिन प्रसाद**
- **लोक निर्माण मंत्री स्वयं और राज्य मंत्री लो0नि0वि0 भी विभिन्न ज़िलों का भ्रमण करेंगे और निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन भी करायेंगे**

प्रशस्त करते हैं। इसलिए ज़रूरी है कि ग्राम को कस्बों से तथा कस्बों को शहर से जोड़ने वाले मार्ग दुरूस्त हों जिससे समाज के सभी वर्गों विशेषकर किसानों एवं व्यापारियों को अपने उत्पादों के ट्रांसपोटेशन में किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। लोक निर्माण मंत्री ने निर्देश दिया गया कि सभी सम्बन्धित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कार्यों को निर्धारित मानक के अनुसार गुणवत्तापरक व निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराया जाय, इस कार्य में लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित को दण्डित भी किया जायेगा। उन्होंने ने कहा कि वह स्वयं और राज्य मंत्री, लो0नि0वि0 भी विभिन्न ज़िलों का भ्रमण करेंगे और निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन भी करायेंगे। उन्होंने विभागीय उच्च अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वे भी फील्ड में रैंडम दौरा कर निर्माण परियोजनाओं की नियमित रूप से समीक्षा करें।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में गड्ढामुक्ति अभियान से आच्छादित कुल 10 विभाग हैं, जिनमें से लोक निर्माण विभाग एक प्रमुख विभाग है। वर्ष 2023-24 में वर्तमान सर्वे के अनुसार समस्त विभागों द्वारा कुल मिलाकर लगभग 50,000 कि0मी0 गड्ढामुक्ति एवं लगभग 23,000 कि0मी0 नीवीनीकरण/ रेस्टोरेशन का कार्य कराया जाना है। लोक निर्माण विभाग के अधीन 2,78,000 कि0मी0 के मार्ग एवं अन्य विभागों के पास लगभग 1,06,000 कि0मी0 लम्बाई के मार्गों का नेटवर्क पूरे प्रदेश में है। इस प्रकार कुल 3,84,000 कि0मी0 मार्ग का नेटवर्क पूरे प्रदेश में है।लोक निर्माण विभाग के अधीन लगभग 44,887 कि0मी0 लम्बाई के मार्ग को गड्ढामुक्त किया जाना है एवं 17,588 कि0मी0 लम्बाई के मार्ग का नवीनीकरण/रेस्टोरेषन का कार्य कराया जाना है अर्थात कुल 62,457 कि0मी0 लम्बाई में कार्य कराया जाना है।

# 2024 के चुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त देगी कांग्रेस

- **जरूरत पड़ने पर जेल जाने से पीछे नहीं हटेंगे कांग्रेसी: अजय राय**



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में पार्टी के पूर्व सांसदों व पूर्व विधायकों की बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई। बैठक में 50 से अधिक पूर्व सांसद व पूर्व विधायकों ने आगामी लोकसभा में देश और 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश की भाजपा सरकार को बदलने को कहा। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के पुत्र सुनील शास्त्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री सत्या बहन, 95 वर्ष के पूर्व विधायक चन्द्रभाल मणि तिवारी भी शामिल हुए। बैठक में पूर्व सांसदों व विधायकों ने एक-एक कर अपने सुझाव देते हुए संगठन की मजबूती पर विशेष बल दिया। पूर्व सांसद व विधायकों ने भरोसा दिलाया कि जब भी पार्टी का आदेश आएगा और पार्टी के कार्यक्रम होंगे वे हर तरह से सहयोग करेंगे और जरूरत पडने् पर जेल जाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बैठक में उपस्थित पूर्व सांसदों व विधायकों का स्वागत करते हुए सभी के अनुभव और आशीर्वाद की आकांक्षा की।

# मजलिसों और शब्बेदारियों का सिलसिला जारी

### मजलिस आज

**लखनऊ।** अजाखाना अलहज सैयद अनवर हसन जाफरी सीमा रिजवी लैन हरी नगर क्रासिंग बालागंज में बुधवार को शाम 6.30 बजे नमाज ए मगरिब होगी। उसके बाद मौलाना हसनैन बाकरी मजलिस को खिताब करेंगे। इसी तरह हुसैनी इमामबारगाह अलीगंज में मौलाना सदफ जौनपुरी रात 8 बजे खिताब करेंगे।

### अताए जहरा में तीन मजलिसें कल से

**लखनऊ।** हजरत इमाम हसन (अ.स.) की शहादत की याद में अता-ए-जहरा हादी लैन सरफराजगंज में 14 से 16 सितम्बर तक तीन मजलिसों का आयोजन किया होगा। इन मजलिसों को मौलाना किरतास कर्बलाई रात 8 बजे खिताब करेंगे।

### सिर्फ एक नेक इंसान ही अल्लाह की निशानियों का सम्मान कर सकता है



लखनऊ के हाता मिर्ज़ा अली खान में सैयद जैगम हुसैन के घर पर मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस का आगाज़ मौलवी नकी अब्बास सल्लमहू द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुआ। पेशख़्वानी की जिम्मेदारी मोअम्मल सल्लमहू और मौलाना आमिर अब्बास साहब ने निभाई। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना सैयद अदील मेहदी जैदी सिरसवी ने कहा कि अल्लाह की निशानियों का सम्मान करना मानव हृदय की पवित्रता का प्रमाण है। मौलाना ने कहा कि वह हर चीज जो इंसान को ख़ुदा के करीब लाती है वह ख़ुदा की निशानी है। इसलिए फ़र्श ए अज़ा ए हुसैन भी अल्लाह की निशानियों में से एक है क्यूं कि यहां भी कुरान का जिक्र किया गया है और कुरान के वारिस का जिक्र हुआ है। मजलिस के आखिर में मौलाना ने जनाबे सकीना स.अ. की शहादत बयान की। यह सुनकर अज़ादारों की आंखें डबडबा गईं।

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब और उनके नवासे हजरत इमाम हसन (अ.स.) की याद में मजलिसों और शब्बेदारियों का सिलसिला जारी है। मंगलवार को हाता मिर्जा अली खां में अंजुमन नय्यरूल इस्लाम की शब्बेदारी का आगाज हो गया। शब्बेदारी की मजलिस को मौलाना साबिर अली इमरानी ने खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन कमरे बनी हाशिम,गुलजारे अहलेबैत,मेराजुल इस्लाम,मेराजुल मोमेनीन और गरीबुल अजा ने नौहाख्वानी की। इमामबाड़ा शुजाअत अली मैदान एलएच खान में मौलाना मोहम्मद अस्करी ने मजलिस को खिताब किया। रौजाए हजरत मुस्लिम रईस मंजिल हुसैनाबाद में अंजुमन गुंचाए मेहदिया ने अलविदायी मजलिस के बाद अजादारों को अलम-ए-मुबारक की जियारत करायी।

रौजाए काजमैन में मौलाना मीसम जैदी ने मजलिस को खिताब किया। छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में मौलाना गुलाम मोहम्मद मेहदी ने मजलिस को खिताब किया। जाफरिया कालोनी में मौलाना सादिक आब्दी ने मजलिस को खिताब किया।

# अभिनेता के. के. गोस्वामी ने युवाओं का बढ़ाया उत्साह



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** युवाओं में छिपी हुई प्रतिभा को उजागर कर उन्हें उनकी अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से होटल आशियाना रेजीडेंसी लखनऊ में जे पी एस स्टार 11के तत्वावधान में चल रहे इंडियाज टैलेंट स्टार समागम के आज दूसरे दिन फिल्म अभिनेता के.के. गोस्वामी उदीयमान कलाकारों का उत्साह बढ़ाने पहुंचे। समारोह के दूसरे दिन आज मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेता के.के. गोस्वामी एवं विशिष्ट अतिथि बॉलीवुड म्यूज़िक डायरेक्टर कुमार सपन ने कला के विभिन्न आयामों से उदीयमान कलाकारों को अवगत कराते हुए उन्हें कला के प्रति समर्पित होने की सलाह दी। के. के. गोस्वामी ने कहा कि लखनऊ में मेरा दिल बसता है, यहां की हवा में जो ताजगी है, वह कहीं और नही है।

इण्डियाज टैलेंट स्टार समागम में रितिका गुप्ता, वीना शर्मा, नगमा खातून, शेव्तांक प्रताप चतुर्वेदी, आदित्य कुमार शर्मा और रुद्राक्ष श्रीवास्तव ने उदीयमान प्रतिभाओं को मॉडलिंग, मेकअप, फैशन डिजायनिग के अलावा अभिनय के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए उन्हें इनकी बारीकियों से अवगत कराया। इस अवसर पर निशा खान, प्रियंका यादव, अमित गुप्ता, सौम्या राजपूत, देवांशी रस्तोगी, नित्या गोस्वामी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद सक्सेना ने किया।

# कार्य की समयबद्धता का रखें ध्यान: आशीष



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने विधान भवन स्थित सभागार में प्राविधिक शिक्षा विभाग के डिग्री व डिप्लोमा सेक्टर के अधीन चल रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि कार्यों को निर्धारित समय के भीतर और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाय। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच ''पाई-पाई से जनता की भलाई'' के अनुसार कार्य किया जाय। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के लिए निर्धारित मानदंडों का पूरी तरह से पालन हो, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही मिलने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने डिग्री व डिप्लोमा सेक्टर के प्रस्तावित कार्यो के लिए 25 सितम्बर, 2023 तक कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से एस्टीमेट देने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित के लिए अधिकतम पारस्परिक सहयोग तथा समन्वय की रणनीति बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के युवाओं के बेहतर तथा अत्याधुनिक स्तर के कौशल विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करना चाहती है। बैठक में प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा एम0 देवराज, निदेशकगण तथा विभागीय अधिकारीगण एवं संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



**वाराणसी/लखनऊ। कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने काशी सांसद सांस्कृतिक कार्यक्रम में खुद जगजीत सिंह की गजल अगर हम कहें और वो मुस्करा दें, हम उनके लिए जिंदगानी लुटा दें गाकर दर्शकों का दिल जीत लिया, कमिश्नर ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वालों को सर्टिफिकेट भी किए प्रदान**

# महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा

- **संरक्षा और ढांचागत कार्यों की समीक्षा**
- **समयपालनबद्धता को बेहतर बनाने पर बल**
- **माल लदान और आय में वृद्धि पर बल**



**संरक्षा को बेहतर बनाने में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को संरक्षा पुरस्कार दिए गए**

अवधनामा ब्यूरो

**नई दिल्ली/लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने आज उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की। बैठक में स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने जिनमें प्लेटफार्मों का विस्तार, वाशेबल एप्रनों, प्लेटफार्मों का लेवल उठाने, दूसरे प्रवेश द्वार का प्रावधान, फुट-ओवर- ब्रिज, एस्केलेटर, लिफ्ट और दिव्यांगजनों के लिए सुविधा, स्टेशनों के मुख्य दवार सहित स्टेशन इमारतों में सुधार इत्यादि उपलब्ध कराने पर बल दिया। उन्होंने गतिशीलता में वृद्धि और अन्य विकासात्मक ढांचागत कार्यों व माल लदान के कार्यों की समीक्षा की।

कार्य-प्रगति की समीक्षा करने के साथ-साथ, महाप्रबंधक ने रेल यात्रियों और रेल संपतति की संरक्षा और सुरक्षा में उच्च मानकों को बनाए रखने में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाले 9 सजग कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया।

उन्होंने रेलगाड़ियों की समय पालनबद्धता के बेहतर रिकॉर्ड को बनाए रखने, गतिशीलता में वृद्धि से जुड़े कार्यों को तेज करने और प्रगति की जांच करने के अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने चल रहे मानसून सीजन के दौरान संरक्षा बढ़ाने पर बल दिया और रेल परिचालन के दौरान आने वाली बाधाओं को समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलपथों, वैल्डों के अनुरक्षण मानकों और रेलपथों के निकट पड़े स्क्रैप को हटाने के लिए जोन द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने रेलपथों, रेलगाड़ियों और परिसरों में विद्युत संरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने पर बल दिया। रेलगाड़ियों की गतिसीमा बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है और इससे जुड़े कार्यों में तेजी लाई जानी चाहिए ताकि वे समय पर पूरा हो सकें। महाप्रबंधक ने रेलपथों के किनारे वृक्षों की छँटाई और झाड़ियों व घास-फूस को हटाए जाने के कार्यों पर भी ध्यान दिया।

श्री चौधुरी ने रेल परिचालन में मानवीय भूलों को न्यूनतम करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि रेल पटरियों की दरारों और रेल वैल्डों की गहन निगरानी की जानी चाहिए और कोई त्रुटि नहीं छूटनी चाहिए।

फ्रेट बिजनेस डेवलपमेंट पर बात करते हुए महाप्रबंधक ने बिजनेस डेवलपमेंट यूनिटों को रेल उपयोगकर्ताओं के बीच विश्वास और सहयोग का वातावरण बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि रेलवे द्वारा दी जाने वाली रियायतें उसके सभी ग्राहकों तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने बताया कि खाद्यान्न और अन्य मदों के लदान में प्रत्येक माह के साथ वृद्धि बनी हुई है।

उत्तर रेलवे अपने उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### अनाधिकृत वेंडरों के विरुद्ध की औचक जांच




**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के वाणिज्य विभाग की कैटरिंग टीम ने अनाधिकृत वेंडरों के विरुद्ध औचक जांच की। इस जांच के दौरान टीम ने ट्रेन नम्बर 13010 दून एक्सप्रेस के लखनऊ स्टेशन पहुंचने पर सघन जांच की गई। इस जांच के दौरान 8 वेंडरों को ट्रेन पर अनाधिकृत रूप से खाने पीने के पैकेट आदि को बेचते हुए पकड़ा गया। पूछताछ करने पर इन वेंडरों के पास से किसी भी प्रकार का कोई वैध प्राधिकार पत्र नहीं पाया गया। इन अनाधिकृत वेंडरों को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए रेल सुरक्षा बल लखनऊ के सुपुर्द कर दिया गया।

### चेकिंग अभियान में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**लखनऊ।** ट्रेन व रेलवे स्टेशनों में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के खिलाफ जीआरपी अभियान चला रही है। जीआरपी के पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की घटनाओं की रोकथाम एंव अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे चेकिंग अभियान में मंगलवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नम्बर 4 व 5 पर पश्चिमी छोर पर प्रभारी निरीक्षक संजय खरवार थाना जीआरपी चारबाग के नेतृत्व में गठित टीम ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 1 किलो 70 ग्राम अवैध अफीम जिसकी अनुमानित कीमत करीब 12 लाख रुपये बरामद की है। अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम अबसार अहमद पुत्र स्वर्गीय शेख सातार निवासी ग्राम मझरिया चम्पारण बिहार बताया।

# डेंगू और मलेरिया को लेकर जारी हुई एडवायजरी



### मच्छरों की ब्रीडिंग रोकने के उपाय

1. वाटर टैंक व कंटेनरों को ढक कर रखे, घर के अंदर व आसपास पानी को जमा न होने दे।
2. अनावश्यक कन्टेनर, कबाड़, टायर व नारियल के खोल में पानी जमा न होने दे। तत्काल उसका निस्तारण सुनिश्चित करे।
3. प्रत्येक सप्ताह कूलर का पानी बदले, कूलर आदि में ज्यादा दिनों तक पानी जमा न होने दे।
4. घरो और होटल के वाटर टैंक में लार्वीवोरस फिश का उपयोग करे।
5. बर्ड बाथ, फूलदान आदि में प्रत्येक सप्ताह पानी बदले।

**स्वयं बचाव के उपाय**

1. सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करे।
2. दिन के समय मच्छरों के काटने से बचने के लिए फुल सिलिव्स के कपड़े पहने बुखार आने पर चिकित्सक की सलाह पर दवा का उपयोग करें।

### क्या न करे

1. घर मे या घर के आस पास कूलर, बाल्टी, बैरल, फूलदान, बर्ड बाथ, फ्रीज, टायर व नारियल के खोल में पानी जमा न होने दे।
2. टूटे बर्तन, अनुपयोगी बोतल, टिन, पुराने टायर, और कबाड़ को घर मे न जमा होने दे और न ही घर के पास उन्हें फेके। उक्त चीजों का उचित निस्तारण सुनिश्चित कराए ताकि उसमे मच्छरों की ब्रीडिंग न हो पाए।
3. बुखार होने पर स्वंय से दवा न करे, चिकित्सक के परामर्श के उपरान्त ही दवा का उपयोग करें।

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** जनपद में 25 (ऐशबाग-2, अलीगंज-3, चन्दरनगर-4, इन्दिरानगर-4, इटौजा-1, एन0के0 रोड-4, सरोजनीनगर-3, सिल्वर जुबली-2, टूडियागंज-2) डेगू धनात्मक रोगी पाए गए । आज लगभग 697 घरों एवं आस-पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल ÷8÷ घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया।

इसके अतिरिक्त नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों/भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिडकाव किया गया।

क्षेत्रीय जनता को घर के आस-पास पानी जमा न होने, पानी से भरे हुए बर्तन एवं टंकियों को ढंक कर रखें, हर सप्ताह कूलर के पानी को खाली करके साफ कपड़े से पोछ कर सूखा एवं साफ करने के बाद ही पुनः प्रयोग में लाने, पूरी बांह के कपड़े पहनने, बच्चों को घर से बाहर न निकलने, मच्छर रोधी क्रीम लगाने एवं मच्छरदानी में रहने तथा डेंगू एवं मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु ÷क्या करें, क्या न करें सम्बंधित स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी।

### आस्था और भव्यता का केंद्र होगा अयोध्या: स्वतंत्र देव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा है कि अयोध्या में निर्मित डीसीहो रहा भगवान श्री राम का मन्दिर न सिर्फ भारत अपितु समूचे विश्व में आस्था और भव्यता का अनूठा केंद्र होगा। राम नगरी अयोध्या को अत्याधुनिक सुविधाओं वाला पूजन और पर्यटन के विशाल संकुल का स्वरूप दिया जा रहा है। श्री सिंह ने उत्तर प्रदेश वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन द्वारा देश के जाने माने नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्याम अग्रवाल के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कहीं। डॉक्टर अग्रवाल सवा लाख से भी अधिक आई आपरेशन कर चुके हैं। वे विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष भी हैं और अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन सम्बन्धी विहिप की तैयारी बैठक में हिस्सा लेकर लौटे हैं। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने उन्हें यूपीडब्लूजेयू की ओर से स्मृति चिह्न और पुष्प गुच्छ भेंट किया।

# देश में हिंदी को मिले उचित स्थान: प्रियंका



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरतगंज स्थित इंडियन कॉफी हाउस में सरस्वती हिंदी जगत ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता का मुख्य उद्देश्य हिंदी को समाज में आगे लाना और बताना की हिंदी कितनी ज्यादा जरूरी है। सरस्वती हिंदी जगत की संस्थापिका प्रियंका मिश्रा ने बताया कि उन्होंने कैसे यह सफर शुरू किया और कैसे विदेशी बच्चों को इससे जोड़ा। उनका कहना था कि वह सिंगापुर में पहले से ही विदेशी बच्चों को पढ़ा रही थी। लॉकडाउन के कारण उन्हें वापस भारत आना पड़ा जहां से उन्होंने अपने घर से इस आर्गेनाइजेशन को शुरू किया उनका साफ तौर पर यही कहना है।की हिंदी हमारे देश के लिए बेहद जरूरी है और वह हिंदी से बेहद प्यार करती हैं और वह महिलाओं को इसके जरिए रोजगार भी दे रही है और महिलाएं सशक्त हो रही है जैसा हमारे देश के प्रधानमंत्री चाहते थे। इसके साथ ही उन्होंने हिंदी दिवस के अवसर पर सरकार और देशवासियों से कहा कि हमें अपनी मातृभाषा हिंदी को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा देना चाहिए और आने वाली पीढ़ी को भी हिंदी भाषा से जोड़ना चाहिए। सरकार को भी हिंदी भाषा को मुख्य धारा में रखने के लिए और भी प्रयास करने चाहिए ताकि जिस प्रकार हमारे देश में पाश्चात्य भाषा और संस्कृति का बढ़ावा हो रहा है कहीं हमारी हिंदी भाषा इन सब में दब के ना रह जाए। इसी उद्देश्य से उनकी संस्था निरंतर हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है। प्रेस वार्ता में संस्था की अध्यक्षा प्रियंका मिश्रा,अभिषेक मिश्रा, प्रतिभा मौर्य, महिमा पाठक ,अंजुला अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, अर्ची जैन, रूचि अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल, तृप्ति शुक्ला आदि मौजूद रही।